सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 9 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 9, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**अमेरिकी शुल्क की चिंता से 780 अंक लुढ़का सेंसेक्स**

अमेरिकी शुल्क बढ़ाए जाने की आशंका के बीच सेंसेक्स 780.18 अंक लुढ़ककर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ। } 14

**देश के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहें कैडेट**

वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वर्दीधारी सैनिक हों या सैन्य नेतृत्व से जुड़े अधिकारी हों, या फिर एक सामान्य नागरिक ही क्यों न हों, अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए। } 16



## सबसे विशिष्ट होना चाहिए भारत का एआई मॉडल

### भारत पर दुनिया का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत पर दुनिया का विश्वास ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि भारतीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल नैतिक, निष्पक्ष और पारदर्शी होने के साथ-साथ डेटा गोपनीयता सिद्धांतों पर आधारित हो। उन्होंने यह भी कहा कि स्टार्टअप को इस देश से वैश्विक नेतृत्व की दिशा में काम करना चाहिए और उल्लेख किया कि भारत वहनीय एआई, समावेशी एआई और मितव्ययी नवाचार को विश्व स्तर पर बढ़ावा दे सकता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले, भारतीय एआई स्टार्टअप के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोदी ने सुझाव दिया कि भारतीय एआई मॉडल विशिष्ट होने चाहिए और उन्हें स्थानीय और स्वदेशी सामग्री तथा क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उद्यमी देश के भविष्य के सह-निर्माता हैं। अगले महीने आयोजित होने वाले एआई फॉर ऑल: ग्लोबल



इम्पैक्ट चैलेंज शिखर सम्मेलन के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके 12 भारतीय एआई स्टार्टअप ने बैठक में भाग लिया तथा अपने विचारों और कार्य से अवगत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ममता बनर्जी व ईडी के बीच जंग, टीएमसी प्रमुख ने छीने दस्तावेज

- आई-पैक प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय का छापा
- आज विरोध-प्रदर्शन करेंगीं ममता

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बीच आई-पैक प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर पहुंचीं और आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसी तृणमूल कांग्रेस के आंतरिक दस्तावेजों, हार्ड डिस्क और उसकी चुनाव रणनीति से जुड़े संवेदनशील डेटा को जब्त करने का प्रयास कर रही थी। बनर्जी ने कहा कि मेरे आईटी प्रकोष्ठ के प्रभारी जैन के आवास और कार्यालयों पर छापेमारी राजनीतिक रूप से प्रेरित और असंवैधानिक है।

बनर्जी कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा के जैन के आवास पर पहुंचने के कुछ ही मिनट बाद दोपहर के आसपास वहां पहुंचीं। वह लगभग 20-25 मिनट तक वहां रहीं और फिर हाथ में हरे रंग का एक फोल्डर लेकर बाहर निकलीं। बनर्जी ने पत्रकारों से कहा ईडी ने मेरे



आईटी सेल (प्रकोष्ठ) के आवास और कार्यालयों पर छापा मारा और मेरे आईटी सेल (प्रकोष्ठ) के प्रभारी के आवास की तलाशी ली। वे मेरी पार्टी के दस्तावेज ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्रतीक जैन के परिवार का ईडी पर चोरी का आरोप

कोलकाता। राजनीतिक परामर्श कंपनी आई-पैक के प्रमुख प्रतीक जैन के परिवार ने बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि घर पर छापेमारी के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह छह बजे शुरू हुआ तलाशी अभियान नौ घंटे से अधिक समय तक चला। उन्होंने बताया कि ईडी के अधिकारी अपराह्न करीब तीन बजे शहर के दक्षिणी हिस्से में लाउडन स्ट्रीट स्थित जैन के आवास से रवाना हुए। पुलिस अधिकारी ने बताया, इसके कुछ ही समय बाद, प्रतीक जैन की पत्नी ने शेक्सपियर सरानी पुलिस थाने में ईडी द्वारा चोरी का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश का निधन

नई दिल्ली। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश अग्रवाल का बुधवार को निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। अग्निवेश अमेरिका में स्कीइंग के दौरान हुए एक हादसे में घायल हो गए थे और उनका न्यूयॉर्क में इलाज चल रहा था। इसी दौरान उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। परिवार ने इस कठिन समय में निजता बनाए रखने की अपील की है। अग्निवेश अग्रवाल वेदांता समूह की इकाई तलवंडी साबो पावर लिमिटेड के बोर्ड सदस्य थे और कारोबारी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। अनिल अग्रवाल के परिवार में दो संतानें हैं, दिवंगत पुत्र अग्निवेश और पुत्री प्रिया अग्रवाल, जो वेदांता के बोर्ड में शामिल हैं और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भावुक पोस्ट में अनिल अग्रवाल ने लिखा, आज मेरी जिंदगी का सबसे अंधकारमय दिन है।

### यूपी में चार आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। यूपी में गुरुवार को चार आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए। कुमार प्रशांत को सचिव राज्य सूचना आयोग बनाया गया है। उनका तबादला पहले निदेशक समाज कल्याण से सचिव गृह के पद पर हुआ था, लेकिन कार्यभार ग्रहण न करने पर प्रतीक्षारत कर दिया गया था। अब उन्हें तैनाती दी गई। उनके निदेशक समाज कल्याण रहते हुए अभ्युदय कोचिंग में कोर्स कोआर्डिनेटर के पदों पर भर्ती में गड़बड़ी उजागर हुई थी। राजेश कुमार द्वितीय महानिदेशक पर्यटन से सचिव उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग और डा. वेदपति मिश्रा सचिव उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग से महानिदेशक पर्यटन बनाए गए हैं। प्रांजल यादव से सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, खादी एवं ग्रामोद्वद्योग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया गया है।

## यूपी में चार करोड़ नये मतदाता बनाने का लक्ष्य : योगी

- मुख्यमंत्री ने पूरे मंत्रिमंडल को दी जिम्मेदारी
- ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं हैं जिनके नाम, कार्यकर्ता भरवायेंगे फार्म

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत जारी हुई ड्राफ्ट मतदाता सूची में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कटने के बाद भारतीय जनता पार्टी सक्रिय हो गई है। वोटर कम होने के बाद भाजपा अब वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की मुहिम में लगी है। ड्राफ्ट लिस्ट में 2.89 करोड़ वोटर के नाम कटे हैं। अब भाजपा ने एक महीने में चार करोड़ नए मतदाता बनाने का लक्ष्य रखा है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पूरे मंत्रिमंडल को दी वोटर लिस्ट में नए सदस्य जुड़वाने की जिम्मेदारी दी है।

मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों में मोर्चे पर जम जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों में जमीनी हकीकत जाननी होगी और ड्राफ्ट लिस्ट में मतदाताओं के नाम जुड़वाने का प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल में सहयोगियों को जमीन पर उतरने के साथ पात्र और अपात्र लोगों की पड़ताल करने का निर्देश दिया है। कहा गया कि सूची में अपात्र लोगों को पात्र बनने की प्रक्रिया से भी अवगत कराना सरकार की जिम्मेदारी है। पात्र लोगों की पड़ताल कर उनका नाम भी सूची में जारी कराया जाए। मंत्रियों को उनके प्रभार के जिलों में जिम्मा दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे गंभीर बताते हुए संगठन को युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिए हैं। पार्टी ने विधायकों और सांसदों से वोटर लिस्ट सुधार पर पूरा ध्यान देने को कहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार के सभी मंत्रियों, विधायकों, पार्टी के पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों के साथ वर्चुअल मीटिंग की और कहा कि एक महीने में हर विधानसभा में कम से कम एक लाख वोट बढ़ाया जाए, इस तरह कम से कम चार करोड़ नए वोटर बन जाएंगे। मीटिंग में कहा गया कि नई ड्राफ्ट लिस्ट के मुताबिक, यूपी में 46.23 लाख वोटर की मृत्यु हो चुकी है। पार्टी के मंत्री, विधायक, नेता,



कार्यकर्ता इन सभी की दुबारा जांच करें और देखें कि इस लिस्ट में कोई गड़बड़ी तो नहीं है। वर्चुअल मीटिंग में सभी मंत्रियों को भी बूथ में बैठने को कहा गया है। उनके साथ इस बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पार्टी के सभी राज्य मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, एमएलसी, पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के बैठक में निर्देश दिया है कि वे पूरी तरह वोटर लिस्ट के काम में जुटें।

विधानसभा की सभी कमेटियों की बैठकें रद करने को कहा गया है, जिससे कि सभी मतदाता बनाने के काम में लगें। पार्टी का फोकस तीन प्रमुख वर्गों पर रखा गया है। पहला तो नए युवा मतदाता जो उम्र पूरी होने के बावजूद अब तक वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो पाए हैं। दूसरा, वे वे मतदाता जिनके नाम दस्तावेजों की कमी या तकनीकी त्रुटियों के कारण सूची से हट गए हैं। तीसरा, ऐसे मतदाता जिनका पता सत्यापन के दौरान नहीं मिल पाया या जिनकी मैपिंग नहीं हो सकी। लखनऊ में सबसे ज्यादा 30 फीसदी मतदाताओं के नाम कटे हैं। यहां 12 लाख से अधिक वोट कटे हैं। कहा जा रहा है कि बहुत सारे लोगों ने लापरवाही में फॉर्म जमा नहीं किए हैं। उनसे फॉर्म 6 भरवाया जा रहा है। प्रदेश के कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में एसआइआर के तहत दो करोड़ 88 लाख 75 हजार 230 ऐसे हैं जो अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लीकेट हैं। 1.04 करोड़ मतदाता ऐसे हैं, जिनके रिकार्ड वर्ष 2003 की मतदाता सूची से नहीं मिले हैं। अब इनको मतदाता बनाने का प्रयास होगा। चुनाव आयोग अब इन्हें नोटिस जारी करेगा। बैठक में यह भी कहा गया कि सबसे ज्यादा वोट पार्टी समर्थकों के शहरी इलाकों में कटे हैं। ऐसे लोगों से संपर्क करने को कहा गया है ताकि उनके शहर और गांव दोनों जगह वोट सुरक्षित रह सकें। पार्टी ने हर लोकसभा क्षेत्र में कम से कम दो लाख वोट जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। अगले 15 दिनों तक सभी कार्यक्रम रद्द कर हर बूथ पर 200 से 250 वोट जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य है कि प्रदेश के 1.77 लाख बूथों पर काम कर साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा मतदाता जोड़े जाएं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, प्रयागराज और गौतमबुद्धनगर जैसे बड़े शहरों में 20 से 30 प्रतिशत तक वोट कटे हैं। बीजेपी नेताओं का कहना है कि गांव ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरकारी नौकरियों में घोटाला, यूपी समेत छह राज्यों में ईडी का छापा

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाला मामले में धनशोधन की जांच के तहत बृहस्पतिवार को छह राज्यों में 15 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर और मोतिहारी, पश्चिम बंगाल के कोलकाता, केरल के एर्नाकुलम, पंडालम, अदूर और कोदुर, तमिलनाडु के चेन्नई, गुजरात के राजकोट और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, प्रयागराज तथा लखनऊ में विभिन्न स्थानों पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सरकारी नौकरियों के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र भेजने से जुड़े एक मामले में धनशोधन की जांच के तहत की गई। उन्होंने बताया कि एक संगठित गिरोह पर एजेंसी की नजर है। उन्होंने कहा कि ईडी का पटना कार्यालय बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, गुजरात और उत्तर प्रदेश में तलाश अभियान चला रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शुरू में तो इस घोटाले का पता रेलवे के नाम पर चला, लेकिन गहन जांच में मालूम हुआ कि इसमें वन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सर्दी का सितम जारी, 8वीं तक स्कूल 10 तक बंद

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बुलंदशहर जिले में कोहरे, पाले और शीतलहर ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा रखी है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भी एक-एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने घना कोहरा छाने की संभावना जताई है। ठंड को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से 8वीं तक के विद्यालयों में 10 जनवरी तक का अवकाश घोषित कर दिया है।

वहीं कक्षा नौ से 12वीं तक विद्यालय यथावत खुले रहेंगे। नया साल शुरू होते ही कोहरा व शीतलहर के बाद अब रात में पाला भी पड़ रहा है। वहीं, पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के चलते शीतलहर को प्रकोप भी बढ़ गया है। ऐसे में लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। बुधवार को पूरे दिन हल्के कोहरे की सफेद चादर छाई रही। दिनभर सूरज के दर्शन नहीं हुए। पूरे दिन लोग बाहर अलाव व कार्यालयों और घरों में रूम हीटर के सहारे ठंड और गलन से राहत तलाशते रहे। सुबह के समय बच्चे शीतलहर का सामना करते हुए स्कूल पहुंचे। शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। ऐसे मौसम के बीच बुधवार को अधिकतम तापमान एक डिग्री कम होकर 14 और न्यूनतम भी एक डिग्री कम होकर सात डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवाएं चार से पांच किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। आद्रता ...शेष पृष्ठ 14 पर

> 32 जिलों में शीत दिवस की जतायी आशंका

## प्रतिबद्धता से कार्य करें सभी विभाग : धामी

### सीएम ने देहरादून में की समीक्षा, डीएम को ठोस कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने के निर्देश

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता को सुशासन की पहचान बताते हुए सभी विभागों से पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री धामी आज मंथन सभागार में आयोजित देहरादून के जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने इसके साथ ही जिला प्रशासन, वन विभाग, एमडीडीए और नगर



निगम को अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दस्तावेजों की शुद्धता को सुशासन की बुनियाद बताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर, बिजली बिल सहित सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों का नियमित सत्यापन किया जाए। अपात्र या गलत तरीके से बने दस्तावेज तुरंत निरस्त हों और ऐसे प्रमाण पत्र जारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री धामी ने निर्माण कार्यों में विभागीय तालमेल को अनिवार्य बताते हुए कहा कि सड़क निर्माण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने की तैयारी में ट्रंप

एजेंसी



न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उस विधेयक का समर्थन किया है, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक का शुल्क लगाया जा सकता है। इस कदम से व्हाइट हाउस को चीन और भारत जैसे देशों पर मॉस्को से सस्ता तेल खरीदना बंद करने का दबाव बनाने की व्यापक गुंजाइश मिलेगी। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बुधवार को कहा कि यह विधेयक चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों के खिलाफ व्हाइट हाउस को बेहद मजबूत दबाव बनाने का साधन प्रदान करेगा, ताकि उन्हें रूस से सस्ता तेल खरीदना बंद करने के लिए प्रेरित किया जा सके। ग्राहम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा आज राष्ट्रपति ट्रंप के साथ विभिन्न मुद्दों पर बेहद सार्थक बैठक के बाद उन्होंने उस द्विदलीय रूस प्रतिबंध विधेयक को हरी झंडी दे दी है, जिस पर मैं कई महीनों से सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल और ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 8.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बन रहा यूपी (पृष्ठ-02)
- राम मंदिर की सुरक्षा को तैयार आधुनिक कंट्रोल रूम (पृष्ठ-02)
- रुपया सात पैसे टूटकर 89.94 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-14)
- चांदी 12,500 टूटकर 2.43 लाख प्रति किलो (पृष्ठ-14)
- मुंबई हवाई अड्डे पर बढ़ी यात्रियों की संख्या (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से निजात दिलाने के लिए शहर में जगह– जगह की अलाव जलाने की व्यवस्था

## अनवरत जलाते रहेंगे अलाव, लोगों का करेंगे जाड़े से बचाव : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से निजात दिलाने हेतु बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने गुरुवार को राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की। राजधानी में निरंतर गिरते पारे के बीच जाड़े में घर से निकले लोगों को इससे भारी राहत मिली। अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए ट्रेन - बस पकड़ने वालों या सवारी का इंतजार कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने अलाव तापकर अपना खाली वक्त बिताया। गुरुवार की रात तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के







लिए जगह-जगह इन अलावों का सहारा लेते दिखे। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास की इस मानवीय पहल का तहे दिल से स्वागत भी किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर टाइम पास किया।

गौरतलब है कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को दूर करने के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सबकी समस्या का निराकरण सरकार का संकल्प : योगी

जिला संवाददाता (vol)



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार का संकल्प है। सीएम ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित

- **गंभीर बीमारियों के इलाज में करेंगे भरपूर आर्थिक सहायता**

अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया। गुरुवार सुबह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के साथ आए बच्चों से मिल उन्हें प्यार-दुलार, आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

## वर्तमान वित्त वर्ष में 900 नयी अदालतों के लिए बजट का प्रावधान होगा: सरकार

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में न्यायिक ढांचे के विस्तार को लेकर स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवायी के दौरान अपर मुख्य सचिव, वित्त ने बताया कि 900 नई अदालतों तथा संबंधित पदों के सृजन के लिए बजट उपलब्ध है और इसी वित्तीय वर्ष में इसका प्रावधान भी हो जाएगा। इस पर न्यायालय ने कहा कि 31 मार्च के लिए ज्यादा समय नहीं बचा है लिहाजा सरकार द्वारा जल्दी निर्णय लिया जाएगा। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 23 फरवरी की तिथि नियत की है। साथ ही इस तिथि पर प्रमुख सचिव, विधि को उपस्थित रहने का भी आदेश दिया है। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह आदेश उक्त प्रकरण में स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज की गयी एक जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया। गुरुवार को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपर मुख्य सचिव, वित्त दीपक कुमार ने बताया कि पहले चरण में 900 अदालतों के सृजन को लेकर बजट उपलब्ध है, सिर्फ इसका प्रावधान होना है जो इसी वित्त वर्ष में कर लिया जाएगा।

## ग्राम पंचायतों में आधार सेवा केंद्रों की स्थापना का कार्य शुरु

**लखनऊ।** ग्रामीणों को आधार सेवाओं के लिए अब ब्लॉक और शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उत्तर प्रदेश में आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए योगी सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर ही आधार सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल शुरू कर दी है। इसके तहत प्रदेश की 1000 ग्राम पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आधार सेवा केंद्र स्थापित करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए आवश्यक उपकरण लगाए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से नया आधार बनवाने से लेकर आधार अपडेट और प्रमाणीकरण तक की सुविधाएं सीधे गांव में ही मिल सकेंगी। पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि हर ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में आधार सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा। इन केंद्रों का संचालन ग्राम पंचायत सहायक करेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और जिम्मेदारी दोनों को बढ़ावा मिलेगा। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए यूआईडीएआई ने पंचायती राज विभाग को रजिस्ट्रार आईडी और इंपैनलमेंट एजेंसी (ईए) आईडी भी निर्गत कर दी है, जिससे आधार सेवाओं का संचालन पूरी तरह अधिकृत और पारदर्शी तरीके से हो सकेगा।

# यूपी में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को रफ्तार, लखनऊ में अशोक लेलैंड की ईवी फैक्टरी का आज उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

- **योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी व एच.डी. कुमारस्वामी की उपस्थिति में होगा नई फैक्टरी का शुभारंभ**
- **इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर बनेगी केंद्रित फैक्टरी, प्रदेश में निवेश, रोजगार व हरित परिवहन को मिलेगा बढ़ावा**

**लखनऊ।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनामी के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की वजह से यूपी अब निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा होता जा रहा है। सहज और सुचारु नीतियों और राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे संसाधनों की वजह से यहां निवेशकों के आने का क्रम बढ़ता जा रहा है। इस क्रम में एक और बड़ा नाम जुड़ा है देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता कंपनी अशोक लेलैंड का जो लखनऊ में इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण पर केंद्रित अपनी नई फैक्टरी का शुक्रवार को उद्घाटन करने जा रही है। इस फैक्टरी को राज्य की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तथा हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

लखनऊ के कानपुर रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र सरोजिनी नगर एक्सटेंशन-1 में आयोजित उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक तथा राज्य सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ह्यनंदीह्न, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत सरोजनीनगर के विधायक राजेश्वर सिंह भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही, अशोक लेलैंड प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन धीरज हिन्दुजा तथा प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शेनू अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। यह संयंत्र लखनऊ के औद्योगिक क्षेत्र सरोजिनी नगर एक्सटेंशन-1 में स्थापित किया गया है, जिसे पहले स्कूटर्स इंडिया साइट के नाम से जाना जाता था। यह इकाई विशेष रूप से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के उत्पादन पर केंद्रित होगी और राज्य में स्वच्छ एवं टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देगी। कंपनी प्रबंधन के अनुसार, यह इकाई इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में अशोक लेलैंड की क्षमताओं को और मजबूत करेगी। अशोक लेलैंड की यह नई फैक्टरी न केवल इलेक्ट्रिक व्हीकल उत्पादन को बढ़ावा देगी, बल्कि उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन, तकनीकी विकास और निवेश के नए अवसर भी उत्पन्न करेगी। इसे राज्य के औद्योगिक और पर्यावरणीय भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही, यह लखनऊ समेत प्रदेश की औद्योगिक उन्नति को परिलक्षित करने का माध्यम बनेगा।

# सीमावर्ती जिलों में विशेष निगरानी तंत्र विकसित करें : सपा

## सपा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर शिकायत की है कि बड़ी संख्या में ऐसे व्यक्ति, जिन्होंने बिहार राज्य की मतदाता सूची में एसआईआर के माध्यम से अपना नाम दर्ज कराया है और वहां के चुनावों में मतदान भी किया है, वे पुनः उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों विशेषकर बॉर्डर क्षेत्रों में मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया के दौरान अपना नाम दर्ज कराने में सफल हो रहे हैं। आशंका है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव सामान्य निर्वाचन 2027 में ऐसे व्यक्ति यहां भी मतदान कर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं।

यह समस्या केवल उत्तर प्रदेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन तमाम राज्यों में जहां एसआईआर हो रही है, इस प्रकार के डुप्लीकेट मतदाता पंजीकरण के प्रयास लगातार हो रहे हैं, जिनमें कई लोग सफल भी हो रहे हैं, इसका मुख्य कारण यह प्रतीत होता है कि सभी राज्यों मे एसआईआर की प्रक्रिया एक साथ एवं समन्वित रूप से संचालित नहीं हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप एक ही व्यक्ति विभिन्न राज्यों की मतदाता सूचियों में अपना नाम दर्ज कराने में सक्षम हो रहा है। यदि इस प्रवृत्ति पर समय रहते प्रभावी रोक नहीं लगाई गई, तो यह स्थिति फर्जी मतदान, चुनावी धांधली तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विष्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर सकती है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक स्पष्ट एडवाइजरी/नियमावली जारी की जाए, जिसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति यदि किसी राज्य के किसी जनपद में मतदाता के रूप रूप में पंजीकृत होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग ले चुका है एवं मतदान कर चुका है, तो उसका नाम न्यूनतम पांच वर्षों तक उसी राज्य की मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से बरकरार रखा जाए।

इस अवधि के दौरान उस व्यक्ति को किसी अन्य राज्य के किसी भी जनपद में डुप्लीकेट मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने अथवा पूर्व मतदाता सूची से नाम विलोपित कराकर नया पंजीकरण कराने से रोका जाए।

सीमावर्ती जिलों में विशेष निगरानी तंत्र विकसित किया जाए तथा अंतर-राज्यीय डेटा समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, जिससे डुप्लीकेट मतदाता पंजीकरण की संभावनाओं को समाप्त किया जा सके। ज्ञापन को सौंपते हुए केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# मरीजों के इलाज में न हो लापरवाही, आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में भुगतान कर रही सरकार

- **आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मरीजों के इलाज को दिये गये 4,649 करोड़**

लखनऊ। प्रदेश सरकार गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज कराने वाले परिवारों के लिए जहां कैशलेस उपचार सुनिश्चित किया गया है, वहीं योजना से जुड़े अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले एक वर्ष में आयुष्मान योजना के क्लेम निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जनवरी-25 में जहां क्लेम की पेंडेंसी 10 लाख 75 हजार तक पहुंच गई थी, वहीं दिसंबर-25 तक यह घटकर मात्र 3 लाख रह गयी है। इसे भी जल्द ही निस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में योजना के तहत प्रति माह औसतन 2 लाख से अधिक क्लेम अस्पतालों से प्राप्त होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले क्लेम का समयबद्ध निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पुराने लंबित मामलों के साथ-साथ नए क्लेम का भी नियमित और सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण हो। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सूचीबद्ध अस्पताल बिना हीलाहवाली के आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज सुनिश्चित करें। साचीज की एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि क्लेम निस्तारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाने के लिए मेडिकल ऑडिट व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इसी क्रम में मेडिकल ऑडिटरों की संख्या 40 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है। इससे क्लेम की जांच प्रक्रिया तेज हुई है। इसके साथ ही क्लेम प्रोसेसिंग डेस्क (उढऊ) की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। योजना के तहत अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम्स का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा यानी टर्न अराउंड टाइम (ळअळ) के भीतर किया जाए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एजेंसी स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें की जा रही हैं और लंबित मामलों की सतत निगरानी की जा रही है। सीईओ ने बताया कि जनवरी-25 से दिसंबर-25 की अवधि के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध अस्पतालों को क्लेम्स के सापेक्ष कुल 4,649 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है।

## सपा विधायक विजय सिंह गोंड का निधन अखिलेश ने जताया शोक

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोनभद्र दुद्धी से पार्टी के विधायक विजय सिंह गोंड के निधन पर गहरा शोक जताते हुए इसे पार्टी की अपूरणीय क्षति बताया है। उनके सम्मान में पार्टी का झंडा आधा झुका दिया गया है। विजय सिंह लम्बे समय से बीमार थे। उनका इलाज यहां संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) लखनऊ में चल रहा था। आज निधन हो गया। विजय सिंह गोंड के निधन की खबर मिलते ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीजीआई पहुंचकर विजय सिंह गोंड के परिजनों से मुलाकात की और निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि सपा ने आज एक आदिवासी नेता खो दिया है। वह जमीनी नेता थे। पूरी पार्टी विजय सिंह जी के परिवार के साथ है। विजय सिंह गोंड लगातार जनता की सेवा करते रहे। वह जीवन भर आदिवासी भाई-बहनों की सेवा करते रहे और उनके हित में कई काम किये। जनता ने हमेशा उनका साथ दिया। वह आदिवासी भाई-बहनों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ते रहे हैं। विजय सिंह के निधन पर हम सभी समाजवादी साथी दुःखी हैं। उनके निधन से पार्टी को भारी क्षति हुई है।

# हर शुक्रवार को दो ग्राम पंचायतों में हो चौपाल : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गांवों के विकास कार्यों को तीव्र गति से कराए जाने के उद्देश्य से ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियो को व्यापक दिशा निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं तथा कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नही होगी। केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को अपने कैंप कार्यालय 7- कालिदास पर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतो में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। निर्देश दिये कि इन चौपालो को व्यवस्थित व सुचारू रूप से वृहद स्तर पर आयोजित किया जाए, वहां पर गांव में ही लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाए और इस दौरान विकसित भारत -जी राम जी अधिनियम के बारे में भी लोगों को विस्तार से जानकारी दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा विकसित भारत- जी राम जी के बारे में लोगों को जागरूक करने की प्रबल आवश्यकता है। इस अधिनियम के महत्व व महत्ता पर भी विधिवत प्रकाश डाला जाए। ग्राम चौपालों में विकसित भारत-जी राम जी के बारे में पंपलेट वितरित कराये जाएं। ग्राम चौपाल में समूहों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विभाग में किसी भी स्तर से जो पत्र जाते हैं, उन पर समयबद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के प्रशिक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा की संस्थान में प्रशिक्षण की क्षमता बढ़ाते हुए सभी चयनित प्रशिक्षणार्थियों को पूरी क्षमता के साथ प्रशिक्षण दिया जाए। आजीविका मिशन के सभी प्रशिक्षण एसआईआरडी में ही कराए जाएं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा ट्रेनिंग के लिए सभी प्रशिक्षणार्थियों को नामित करते हुए एक सप्ताह में सूची उपलब्ध करायी जाय।

# अप्रेंटिसशिप योजना से अब तक 83 हजार युवाओं को मिला प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

- **एमएसएमई और बड़े उद्योगों में शिक्षुता को बढ़ावा, सरकार दे रही है प्रतिपूर्ति का लाभ**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगारपरक प्रशिक्षण को नई रफ्तार देने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने अप्रेंटिसशिप के क्षेत्र में मजबूत पहल की है।

राज्य में संचालित अप्रेंटिसशिप योजनाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को उद्योगों व एमएसएमई इकाइयों से जोड़ा जा रहा है, ताकि उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ रोजगार के अवसर भी मिल सकें। वर्ष 2025-26 में अप्रेंटिसशिप योजना के तहत 83,277 युवाओं को उद्योगों और एमएसएमई इकाइयों में शिक्षुता प्रशिक्षण हेतु योजित किया गया है। इससे युवाओं को उत्पादन इकाइयों, सेवा क्षेत्र और लघुझमध्यम उद्योगों में काम सीखने का प्रत्यक्ष अवसर मिला है। सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक युवा ह्लसीखते हुए कमाएंह्न और उद्योगों के अनुरूप कौशल प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को कुशल मानव संसाधन का हब बनाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अप्रेंटिसशिप योजना के माध्यम से युवाओं को सिर्फ प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि काम का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। हमारे लिए लक्ष्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

नेशनल और मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजनाओं के तहत दी जा रही प्रतिपूर्ति से अधिष्ठानों की रुचि बढ़ी है और इससे रोजगारपरक अवसरों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। राज्य सरकार हर युवा को उसकी क्षमता के अनुरूप कौशल और अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश में नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत संबंधित अधिष्ठानों और अभ्यर्थियों को प्रतिपूर्ति की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे शिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान आर्थिक सहयोग मिलता है, वहीं अधिष्ठानों को भी प्रशिक्षुओं को रखने के लिए प्रोत्साहन प्राप्त होता है। योगी सरकार का मानना है कि यह मॉडल युवाओं और उद्योग दोनों के लिए लाभकारी है। अप्रेंटिसशिप के दायरे को बढ़ाने के लिए सशक्त संस्थागत ढांचा तैयार किया गया है। इसी के परिणामस्वरूप पिछले चार वर्षों में 795 नवीन अधिष्ठानों को पोर्टल पर पंजीकृत कराया गया है। नए पंजीकरण से विभिन्न जिलों में प्रशिक्षण के अवसरों का दायरा बढ़ा है और स्थानीय स्तर पर युवाओं को उद्योगों तक पहुंच आसान हुई है। इसके साथ ही सीएमएपीएस योजनान्तर्गत 6,164 नए अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया गया है। विभाग के अनुसार, इन योजनाओं के जरिए युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि रोजगारपरक कौशल और औद्योगिक अनुभव भी मिल रहा है, जिससे नियुक्ति की संभावनाएं बढ़ रही हैं। राज्य में कौशल विकास की इस सतत प्रक्रिया का बड़ा परिणाम यह रहा कि बीते लगभग नौ वर्षों में 4 लाख से अधिक प्रशिक्षु युवाओं को विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में सेवायोजित कराया गया है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश को कुशल मानव संसाधन के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

योगी सरकार का लक्ष्य है कि अप्रेंटिसशिप को बड़े पैमाने पर बढ़ाते हुए युवाओं को उद्योगों, स्टार्टअप्स और टरटए सेक्टर से जोड़ा जाए। इसके लिए विभागीय स्तर पर प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, ऑनलाइन पोर्टल को सुदृढ़ किया गया है और उद्योगों के साथ समन्वय भी बढ़ाया गया है। सरकार का मानना है कि कौशलयुक्त युवा न केवल अपने लिए अवसर पैदा करेंगे, बल्कि प्रदेश के औद्योगिक विकास और निवेश माहौल को भी मजबूती देंगे।

# आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग से युवाओं के लिए बढ़ रहे हैं रोजगार के अवसर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ग्लोबल आईटी हब बनने की ओर अग्रसर है। लगातार बेहतर होते इन्फ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल वातावरण से प्रदेश आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात के क्षेत्र में भी तेजी से उभरते हुए, देश के अग्रणी राज्यों में सम्मिलित हो चुका है। वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश ने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक देश के कुल आईटी निर्यात में प्रदेश की मौजूदा हिस्सेदारी को 05 से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक के स्तर पर ले जाया जाए।

आईटी सेवाओं और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के संयुक्त विकास ने उत्तर प्रदेश के निर्यात आधार को व्यापक बनाया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र और लखनऊ जैसे शहर अब आईटी सेवाओं, मोबाइल निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और डेटा आधारित उद्योगों के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं। प्रदेश में स्थापित हो रही असेम्बली यूनिट्स, कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट और आईटी सर्विस कंपनियों ने निर्यात क्षमता को नई मजबूती दी है। वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश से इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात लगभग 3,862 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसी प्रकार से आईटी आधारित सेवाओं का निर्यात भी 55,711 करोड़ रुपये से बढ़कर 82,055 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। यह वृद्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि यह प्रदेश में विकसित हो रहे प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक ढांचे और वैश्विक कंपनियों के बढ़ते भरोसे को भी दर्शाती है। इस विकास का सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के युवाओं को मिल रहा है।

# विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन के तहत ग्रामीण विकास का नया ढांचा किया गया तैयार : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने गुरुवार को वाराणसी में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले 11 वर्षों में ग्रामीण भारत की दशा और दिशा दोनों को ऐतिहासिक रूप से बदला है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, पारदर्शी व्यवस्था और गरीब-कल्याण के संकल्प का ही परिणाम है कि देश में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, जो देश की एक बड़ी उपलब्धि है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार का उद्देश्य रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही, गरीब, वंचित, जनजाति और पिछड़े वर्ग के श्रमिकों को सम्मानजनक आजीविका और गरिमा प्रदान करना है। विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का एक नया ढांचा तैयार किया गया है, जो महात्मा गांधी की भावना से प्रेरित है और राम राज्य की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

पंकज चौधरी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आखिर विकसित भारत और भगवान श्रीराम के नाम से इन्हें इतनी नफरत क्यों है? उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस चाहे कितनी भी साजिशें रच ले, देश 2047 तक विकसित भारत बनकर रहेगा और इस लक्ष्य को कोई रोक नहीं सकता। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि नई ग्रामीण रोजगार व्यवस्था के अंतर्गत हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। वन क्षेत्रों में कार्य करने वाले अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों को अतिरिक्त 25 दिन का रोजगार मिलेगा। काम के दिन बढ़ने के साथ-साथ मजदूरी का भुगतान भी अधिक तेजी से होगा और साप्ताहिक भुगतान का प्रावधान किया गया है, जबकि मनरेगा में मजदूरी 15 दिन में मिलती थी।

उन्होंने कहा कि मनरेगा पर सबसे अधिक खर्च मोदी सरकार ने किया है। अब तक इस योजना पर कुल 11.74 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जिनमें से 8.53 लाख करोड़ रुपये केवल मोदी सरकार के कार्यकाल में दिए गए हैं। यह आंकड़े कांग्रेस के झूठे दावों की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। श्री चौधरी ने कहा कि वर्ष 2005 में मनरेगा की शुरूआत हुई थी, लेकिन अब ग्रामीण भारत की स्थिति और आवश्यकताएं पूरी तरह बदल चुकी हैं। 2011-12 में जहां ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत थी, वहीं 2023-24 में यह घटकर 4.86 प्रतिशत रह गई है। आज कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, आजीविका के नए साधन विकसित हुए हैं इसलिए पुराने ओपन-एंडेड मॉडल को 2025 की जरूरतों के अनुसार पुनर्गठित करना आवश्यक हो गया था।

उन्होंने यह भी कहा कि यूपीए सरकार के समय मनरेगा में पारदर्शिता का अभाव था, जबकि नई व्यवस्था में रियल टाइम डेटा अपलोड, जीपीएस और मोबाइल मॉनिटरिंग तथा एआई आधारित फ्रॉड डिटेक्शन की व्यवस्था की गई है। इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और सही लाभार्थियों को समय पर काम और भुगतान मिल सकेगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि नए कानून का फोकस चार प्राथमिकताओं पर आधारित है-जल संबंधी कार्य, कोर ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण, आजीविका से जुड़ी संपत्तियों का विकास और खराब मौसम के कारण रोजगार में होने वाली कमी को कम करना। इससे जल सुरक्षा, खेती, सड़क, बाजार, भंडारण और जलवायु अनुकूल विकास को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी बिल में यह भी प्रावधान है कि बुआई और कटाई के मौसम में 60 दिन तक कार्य स्थगित रहेगा, ताकि कृषि कार्यों में मजदूरों की कमी न हो। मनरेगा में इस तरह का कोई प्रावधान पहले नहीं था।

## भाजपा का हर कार्यकर्ता किसी भी दायित्व को निभाने में सक्षम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने गुरूवार को वाराणसी में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रथम आगमन पर स्वागत से अभिभूत पंकज चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की गर्मजोशी 2027 में भाजपा की बड़ी विजय का शंखनाद है। वाराणसी रोहनिया के एक रिसोर्ट में आयोजित काशी क्षेत्र के 16 जिलों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बावजूद जिस प्रकार कार्यकर्ताओं ने पूरे यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वागत और अभिनंदन किया, उसने उन्हें भावुक कर दिया है।

पंकज चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के प्रेम, स्नेह और सम्मान के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। भाजपा ही देश का एक मात्र राजनैतिक दल है, जिसमें बूथ स्तर पर काम करने वाला कोई भी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित किसी भी पद तक पहुंच सकता है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता किसी भी दायित्व का निर्वहन करने में सक्षम है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय मंत्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण का संकल्प भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता की प्रेरणा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ताओं के परिश्रम से प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में 2017 से अधिक सीटें जीत कर भाजपा नया इतिहास रचेगी। सतत संपर्क व संवाद भाजपा की परम्परा है और इस परम्परा के साथ हमें हर बूथ, हर घर और हर व्यक्ति तक भाजपा की विचारधारा तथा मोदी सरकार व योगी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति हैं और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करना हम सबका दायित्व है। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार ने बीमारू कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दी है।

कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि संगठन के कार्यों को पूरा करने वाला कार्यकर्ता ही आगे बढ़ता है। पार्टी जो भी दायित्व सौंपे, उसे निष्ठा और ईमानदारी से निभाना ही सच्ची संगठन निष्ठा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में जुटने का आह्वान किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

## संक्षेप

### कपूर इलेवन बनीं विजेता

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के अझारा वार्ड में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को रायल पैंथर व कपूर इलेवन के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टूर्नामेंट में पहले बैटिंग करते हुए रायल पैंथर की टीम ने निर्धारित दस ओवरों में उन्तालिस रन बनाये। रायल पैंथर टीम की ओर से सार्थक ने बारह व ललित ने तेरह रनों का योगदान दिया। जबाब में उतरी कपूर इलेवन की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट से मैच जीत लिया। कपूर इलेवन की ओर से रोहित ने चौदह, धीरू ने नौ रनों का योगदान दिया। वहीं संजीव सिंह ने तीन और रंजीत ने दो विकेट चटकाये। संजीव मैन आफ द मैच रहे। अम्पायर की भूमिका में श्रीश पाण्डेय व केविन मार्शल रहे। स्कोरर ललित मलिंगा रहे। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि धर्मपाल गौतम, अजय मिश्र, प्रभाकर मिश्र, दीपक पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, सतीश दुबे, अभय दुबे, कुलदीप त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### चार आरोपियों पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। पुश्तैनी रास्ते पर जबरन कब्जा किये जाने के आरोप को लेकर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मकदूमपुर अगई गांव की कुटुल्ला पत्नी जवाहर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुश्तैनी रास्ते पर जबरन कब्जा करने से मना करने पर बीती दो जनवरी को दोपहर परिवार के नन्हें, राजकुमार, शिवकुमार, रोहित हमलावर हो उठे। रास्ते पर निर्माण कार्य करने से मना करने पर आरोपियों ने पीड़िता को गाली देते हुए लाठी डण्डे से मारापीटा। बीचबचाव को लेकर पीड़िता की बहू पहुंची तो आरोपियों ने धमकी देते हुए दरवाजे पर बना छप्पर गिरा दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अवैध कब्जे को पुलिस ने रोका

प्रतापगढ़। विकासखण्ड सांगीपुर के नरवल निवासी राजू सरोज पुत्र विकास सरोज ने पुलिस से शिकायत की कि चारागाह की जमीन पर कुछ दबंग अवैध रूप से कब्जा करके मिटटी डाल रहे है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्य रूकवा दिया। प्रभारी निरीक्षक उदयपुर प्रदीप कुमार का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी के अपहरण का केस

प्रतापगढ़। सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की बारह वर्षीया किशोरी बीते छह जनवरी को सुबह करीब ग्यारह बजे कहीं गायब हो गयी। खोजबीन के बाद किशोरी का पता न चलने पर पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जिलाधिकारी से शिकायत

प्रतापगढ़। चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण कर रास्ता बाधित करने को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गयी है। विकासखण्ड लालगंज क्षेत्र के बरीबोझ गांव में आवागमन के लिए चकमार्ग के रास्ते पर खडण्जा लगवाया जा रहा है। गांव के मो0 इस्लाम, अमन वर्मा, शाहीन बानो, जगेसर, नंदलाल, फूलकली, मो0 शकील, राहुल कुमार आदि का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा चकमार्ग पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर खडण्जा निर्माण में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कराकर चकमार्ग पर खडण्जा निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने की मांग की है।

# बांसी फल मंडी में लगी आग

## 10 किमी दूर तक दिखी आग की लपटें, लाखों का हुआ नुकसान



**सिद्धार्थनगर-** बांसी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रानी लक्ष्मीनगर नरकटहा स्थित बांसी फल मंडी में बुधवार देर शाम भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना उत्तर प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह के महल से सटी फल मंडी में हुई, जहां अज्ञात कारणों से कई कैरेट फल आग की चपेट में आ गए। आग की लपटें और धुएं का गुबार करीब 10 किलोमीटर दूर तक आसमान में दिखाई देता रहा। घटना बुधवार शाम करीब 8 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक मंडी से धुआं उठता दिखा, जो कुछ ही देर में विकराल आग में तब्दील हो गया। आग लगते ही मंडी में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कई व्यापारियों का लाखों रुपए का माल जलकर राख हो चुका था। इस अग्निकांड में सबसे अधिक नुकसान शमीम अहमद फ्रूट कंपनी को हुआ है। मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी शमीम अहमद थोक फल व्यापारी हैं। उनकी कंपनी में रखे फलों के कैरेट पूरी तरह जल गए, जिससे उन्हें 14 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। वहीं महाराष्ट्र आलू फ्रूट कंपनी के मालिक मोहम्मद मोतीख, निवासी मोहल्ला राजेंद्र नगर, की कंपनी में रखे करीब 600 पेटी सेब से भरे कैरेट और एसी चैंबर भी आग की चपेट में आ गए। अनुमान के अनुसार उन्हें 15 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। आग की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन स्वयं मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित व्यापारियों से बातचीत कर नुकसान का आकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार भी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने आग लगने के कारणों की जांच के आदेश दे दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग की लपटें काफी तेज थीं और ऊंचा धुआं उठने के कारण पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। हालांकि समय रहते दमकल विभाग की कार्रवाई से आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे आसपास की अन्य दुकानों को सुरक्षित बचा लिया गया।

# ईओ सचिन कुमार का सार्थक प्रयास जारी

## सार्वजनिक स्थलों पर जलाए जा रहे अलाव



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जनहित में ईओ सचिन कुमार के सार्थक प्रयास के चलते आम नागरिकों को अलाव जलाकर बेहतर सुविधाएं मुहैया कराया गया है, डुमरियागंज नगर पंचायत प्रशासन के अपनाएं गये कार्य शैली व सार्थक प्रयास के चलते सार्वजनिक स्थलों पर वृहद रूप से अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है आम नागरिकों को नगर पंचायत डुमरियागंज के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने ठंड से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की वृहद रूप से व्यवस्था कर लाभ पहुंचाता गया है , अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि नगर पंचायत डुमरियागंज के मन्दिर चौराहा ब्लाक रजिस्ट्री ऑफिस थाना सहित न0 पं0 डुमरियागंज कस्बा परिक्षेत्र के तमाम सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाकर ठंड से ठिठुरते लोगो को बड़ी राहत पहुंचाई जा रही है , इसके पूर्व जाड़े के मद्देनजर ठंड से बचाव हेतु न 0 पं0 डुमरियागंज के तमाम गरीब पात्रों एवं सफाई कर्मियों को ठंड से बचाव एवं राहत पहुंचाने की मंशा से जूता ऊनी कम्बलो का वितरण कर लाभ पहुंचाया गया है। अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने जोर देते हुए कहा कि मेरा हर सम्भव प्रयास है कि डुमरियागंज परिक्षेत्र में लोगों को तमाम कल्याण कारी सरकारी योजना का लाभ पहुंचाने में हर सम्भव प्रयास जारी हैं।

# कलेक्ट्रेट में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



सिद्धार्थनगर- बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में हुई इस बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, विद्यालयों में सुविधाओं की उपलब्धता और बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर प्रशासन ने सख्त निर्देश दिए।बैठक में पीएम श्री स्कूल फेज-वन व फेज-टू के तहत गैप्स पैरामीटर की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि जूता-मोजा और ड्रेस की धनराशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से हो चुका है। उन्होंने अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों के लिए ड्रेस, जूता-मोजा खरीदने हेतु प्रेरित करने को कहा। इसके साथ ही, विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति ड्रेस और जूता-मोजा के साथ सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया गया। 'निपुण लक्ष्य' के तहत जारी गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराने और मुख्यमंत्री मॉडल एवं अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए। प्रशासन ने जानकारी दी कि 83 विद्यालयों के पुनर्निर्माण के लक्ष्य के मुकाबले 79 विद्यालयों का कार्य पूरा हो चुका है। शेष चार विद्यालयों के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुनर्निर्माण तथा दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जो कार्य अब तक शुरू नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कर पूरा कराया जाए। साथ ही, पूर्ण हो चुके कार्यों का तत्काल हैंडओवर सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। समग्र शिक्षा अभियान के तहत अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025-26 में उच्चीकृत किए जाने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अतिरिक्त डारमेट्री कक्ष और कंप्यूटर लैब के निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

# गोरखपुर व कुशी नगर में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में वकीलों ने की गर्जना

## बजट सत्र में संसद के जरिए लाया जाये अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का विधेयक




**गोरखपुर/कुशी नगर।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ से आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा गुरूवार को दोपहर बाद गोरखपुर दीवानी कचहरी परिसर पहुंची। वाराणसी, मिजार्पुर, बलिया, देवरिया, कुशी नगर होते हुए यहां पहुंची अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर दीवानी कचहरी परिसर में देर शाम तक वकीलों में गर्मजोशी का माहौल दिखा। बार एसोसिएसन सिविल कोर्ट कार्यालय के समक्ष गांधी प्रतिमा के सामने एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश के नेतृत्व में एकजुट हुए अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता सुरक्षा अनिनियम विधेयक को लेकर जमकर नारेबाजी की। इसके पहले अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का नेतृत्व कर रहे एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने गांधी प्रतिमा पर साथियों के साथ माल्यार्पण भी किया। यहां वकीलों की हुई आमसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद के नजदीकी बजट सत्र में केंद्र सरकार अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का विधेयक लेकर आये। उन्होने कहा कि सत्ता एवं विपक्ष दोनों लाबी को सदन के पटल पर अधिवक्ताओं की सुरक्षा से जुडे विधेयक को ध्वनि मत से पारित कराया जाना चाहिए। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने साथियों को विधेयक के मसौदे की जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के साथ इस विधेयक में बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन, कैशलेस हेल्थ बीमा योजना, पांच वर्ष के लिए युवा अधिवक्ता, लाइब्रेरी प्रोत्साहन भत्ता जैसे प्राविधान भी रखे गये हैं। परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश प्रताप सिंह तथा अधिवक्ता रूदल यादव आदि की अगुवाई में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम यात्रा का स्वागत भी किया गया। वहीं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश व राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनूप पाण्डेय की अगुवाई में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का एक प्रतिनिधिमण्डल कुशी नगर में भी दोपहर पूर्व दीवानी अदालत परिसर पहुंचा। यहां विधेयक को लेकर साथियों में जागरूकता प्रदान करते हुए प्रतिनिधिमण्डल गोरखपुर से पहुंची अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में शामिल हुआ। गोरखपुर कचहरी परिसर में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएसन सिविल कोर्ट के पूर्व महामंत्री अजयानंद सिंह व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रमेशचंद्र त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं महासचिव अनिल कुमार त्रिपाठी महेश ने वरिष्ठ अधिवक्ता जनार्दन मिश्र, बार एसोसिएसन की उपाध्यक्ष स्नेहा चौधरी, शिशिर कुमार पाण्डेय, राधा त्रिपाठी, पंकज शर्मा आदि को संघर्ष में योगदान के लिए एसोसिएसन की ओर से सम्मान पत्र भी सौपा।

### दो नेपाली नागरिकों के पास से 10 किलो चांदी बरामद

महाराजगंज । भारत-नेपाल सीमा पर दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 50 लाख रुपये की 10 किलो चांदी बरामद की गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि गिरफ्तारी बुधवार को हुई, जब गाड़ियों की जांच पड़ताल के दौरान नेपाल की नंबर प्लेट वाली एक कार को जांच के लिए रोका गया और कार की सीट के पास दो प्लास्टिक के पैकेट मिले। पैकेट खोलने पर उसमें चांदी के टुकड़े मिले। सीमा शुल्क विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नेपाल के सिद्धार्थनगर जिले के राकेश रजक और समीर कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। सहायक सीमा शुल्क आयुक्त सुधीर कुमार त्यागी ने बताया कि कार से करीब 10 किलो चांदी बरामद की गई है और दोनों आरोपियों के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कार्वाई की जा रही है। बरामद चांदी की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है।

### भारतीय किसान यूनियन ने बैठक कर समस्याओं पर जताया आक्रोश

प्रतापगढ़। भारतीय किसान यूनियन ( अराजनैतिक ) ने तहसील मुख्यालय पर बैठक कर विभिन्न समस्याओं का स्थायी समाधान न होने पर आक्रोश जताया। बैठक के बाद किसान यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एसडीएम को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। किसान यूनियन वरिष्ठ पदाधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार की देर शाम तक चली बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। यूनियन के जिला महासचिव कमलाकांत शुक्ल ने कहा कि आवारा पशुओं से फसलों के नुकसान की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। वहीं समय से नहरों में पानी न आने तथा खाद व बीज की उपलब्धता समय पर न हो पाने से किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बैठक में किसानों से जुड़ी जमीन विवाद की समस्या पर टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण करके निस्तारण कराए जाने में भी हीलाहवाली को लेकर आक्रोश जताया गया है। समस्याओं को लेकर यूनियन ने भानु प्रताप सिंह की अगुवाई में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को ज्ञापन सौपा। एसडीएम ने समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री गंगाबक्श सिंह, राजकुमारी पटेल, लीलावती सिंह, नीतू गौतम, बाज बहादुर सिंह, नंदलाल तिवारी, राजेन्द्र सिंह, हरीश पटेल, सतीश यादव, सुधाकर विश्वकर्मा, हरिश्चंद्र पाण्डेय, प्रतीक्षा यादव, सुखदेव गुप्ता, हीरालाल रजक आदि मौजूद रहे।

### जोगिया में जबरन वसूली, मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर- जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र में जबरन वसूली और मारपीट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। आरोपी पर अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, जोगिया उदयपुर थाने में आरोपी के खिलाफ जबरन वसूली, मारपीट और अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की, जिसमें आरोपी की भूमिका सामने आई। गुरुवार को पुलिस ने जोगिया चौराहे के पास से मुख्य आरोपी राममोहन उर्फ मोहन यादव को हिरासत में लिया। वह जोगिया थाना क्षेत्र का ही निवासी बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद उसे थाने लाकर कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं और फिर न्यायालय में पेश किया गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, आरोपी राममोहन क्षेत्र में अपनी दबंगई के लिए जाना जाता था। उस पर पहले भी लोगों को डराने-धमकाने की शिकायतें मिली थीं। इस गिरफ्तारी से पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। जबरन वसूली, मारपीट और समाज में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और ऐसे मामलों में बिना किसी दबाव के कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में जोगिया उदयपुर थाना पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने यह भी बताया कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है। यदि जांच में किसी और व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अपराध नियंत्रण के लिए नागरिक पुलिस सहयोग पोर्टल शुरू

शाहजहांपुर। जिले में पुलिस और आम नागरिकों के बीच सहयोग से अपराध नियंत्रण की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नागरिक पुलिस सहयोग पोर्टल शुरू किया गया है। बुद्धिजीवियों और जागरुक नागरिकों के इस पोर्टल के जरिये किसी भी गैर-कानूनी गतिविधि, अपराध या दुर्घटना की जानकारी सीधे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को देकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के 22 थाना क्षेत्रों के 988 लोगों को आज से शुरू किये गये इस पोर्टल से जोड़ा गया है। इनमें अध्यापक, पत्रकार और बुद्धिजीवी वर्ग के साथ-साथ ऐसे लोग भी हैं जो स्कूलों के पास तथा संवेदनशील जगहों पर निवास करते हैं।

द्विवेदी ने बताया कि इस ग्रुप पर अपराध, गैर कानूनी गतिविधियों, यातायात संबंधी परेशानियों, महिलाओं और लड़कियों के साथ छेड़खानी तथा अभद्र टिप्पणी, सड़क दुर्घटना इत्यादि की जानकारी पोर्टल पर दी जा सकती है, जो पूरी तरह से गोपनीय रहेगी। पोर्टल पर दी गई सूचना पर तत्काल ही कार्रवाई अमल में लाई जा जाएगी।

# डीएम ने सीएचसी भिनगा का किया औचक निरीक्षण

## अव्यवस्थाओं पर गहरी नाराजगी



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने अपरान्ह लगभग 03:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिनगा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का बारीकी से परीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती एवं उपचार हेतु आए मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा चिकित्सकों द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने पंजीकरण काउंटर, इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0 मरीज पंजिका, औषधि भंडार, टेली-मेडिसिन केन्द्र, प्रयोगशाला, प्रसव कक्ष सहित अन्य कक्षों का गहन निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान कोल्डवेव रूम एवं हीटवेव रूम बंद पाए गए तथा साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक मिली। बेड एवं अन्य सामान अस्त-व्यस्त पाए गए, वहीं आलमारियों में भी गंदगी व्याप्त थी, जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।

स्टोर रूम के निरीक्षण के दौरान वहां दो सरकारी स्कूटी तथा कबाड़ रखा पाया गया। जिलाधिकारी ने टेली-मेडिसिन कक्ष एवं भंडार से संबंधित विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वार्ड में कुल आठ बेड पाए गए, जिन पर खराब चादरें बिछी हुई थीं। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल खराब चादरों को हटवाने के निर्देश दिए। होम्योपैथिक ओ0पी0डी0 में जगह-जगह कूड़े के ढेर तथा दवाएं इधर-उधर बिखरी पाई गईं, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए दवाओं के उचित रख-रखाव के निर्देश दिए। लेबर रूम के निरीक्षण के दौरान कोई भी मरीज भर्ती नहीं पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को प्रसव हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएं तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार द्वारा प्रदत्त सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मरीजों को समय से उपलब्ध कराना प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का दायित्व है। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में तैनात सभी चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मचारी अपने-अपने तैनाती स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान यदि कोई चिकित्सक या पैरामेडिकल कर्मी अनुपस्थित पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 सिंह, अधीक्षक डा0 अश्वनी लाल मिश्रा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्य चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मी उपस्थित रहे।

### प्रभारी निरीक्षक मिशन शक्ति टीम की उपस्थिति में बालिकाओं महिलाओं को किया जागरूक




सिद्धार्थनगर।मिशन शक्ति फेज 5.0 के क्रम में प्रभारी निरीक्षक महिला थानाप्रभारी भाग्यवती पांडेय जनपद सिद्धार्थनगर मय टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन, बहू बेटी सम्मेलन, महिलाओ को सुरक्षा, साइबर अपराध से सुरक्षा/हेल्पलाइन नम्बर व फिल्म दिखाकर, नये कानून के बारे मे थानाक्षेत्र जोगिया उदयपुर के सियरा पार में महिलाओं/बालिकाओं को जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता व नये कानून के बारे मे अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व विश्वजीत शौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में 08/01/2026 प्रभारी निरीक्षक श्रीमती भाग्यवती पाण्डेय महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर की उपस्थिति मे थाना क्षेत्र जोगिया उदय पुर जनपद सिद्धार्थ नगर के सियरा पार गाँव की महिलाओ को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन लगाकर व साइबर जागरुकता अभियान व विडीयो दिखा कर जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई।

# सरकारी कर्मचारी बिजली-पानी से वंचित

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में एक विधवा सरकारी महिला कर्मचारी को बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। पति की मौत के बाद अपने ही पुश्तैनी मकान में रह रही महिला पिछले तीन दिनों से अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबूर है। घर की बिजली कटी हुई है और पानी की आपूर्ति भी बंद है। बच्चों की पढ़ाई मोमबत्ती की रोशनी में हो रही है। पीड़िता ने गुरुवार को जिलाधिकारी और एसएसपी इटावा से मिलकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है, लेकिन मामला पारिवारिक विवाद बताए जाने के कारण स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पीड़िता अर्पणा सिंह पत्नी स्व वीर विक्रम सिंह फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित मकान में अपने बेटे और बेटी के साथ रहती हैं। पति की मृत्यु के बाद वह मृतक आश्रित कोटे में सरकारी विभाग में नौकरी कर रही हैं और उसी मकान में रहकर परिवार का पालन पोषण कर रही हैं। इसके बावजूद उन्हें बिजली और पानी जैसी जरूरी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है, जिससे उनका जीवन काफी कठिन हो गया है। अर्पणा सिंह का आरोप है कि उनके जेठ अनूप सिंह आए दिन उनके और उनके बच्चों के साथ गाली गलौज करते हैं और मारपीट करते हैं। घर में रखा सामान तोड़ दिया जाता है और जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। पीड़िता का कहना है कि पति की मौत के बाद से ही वह मानसिक और सामाजिक दबाव में हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों में हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं। पीड़िता के अनुसार 5 जनवरी 2026 को उनके जेठ ने घर की बिजली कटवा दी और पानी भरने से भी रोक दिया। इसके बाद से घर में अंधेरा है और पानी के लिए उन्हें आसपास के लोगों से मदद लेनी पड़ रही है।

### शत प्रतिशत निस्तारण में जनपद इटावा पहले नंबर पर

इटावा। जनपद के थाना सहसों को छोड़कर शेष सभी थानों द्वारा प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण कर प्रथम रैंक हासिल की गयी। शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण हेतु संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली आईजीआरएस सम्बन्धी शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की मासिक समीक्षा शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रत्येक माह सम्पादित की जाती है, इसी के क्रम में माह दिसम्बर में जनसुनवाई समाधान प्रणाली आईजीआरएस का प्रदेश स्तर पर मुल्यांकन किया गया। जिसमें जनपद इटावा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही जनपद के 21 थानों में से 20 थानों भरथना, कोतवाली, ऊसराहार, बिठौली, जसवन्तनगर, बढ़पुरा, सैफई, इकदिल, बसरेहर, बकेवर, भरेह, पछायगांव, बलरई, लवेदी, सिविल लाइन, महिला थाना, फ्रेंडस कालोनी, वैदपुरा, चैबिया, चकरनगर द्वारा प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निष्तारण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया।

### ऐतिहासिक मंदिर को बचाने की मुहिम तेज, लाखों श्रद्धालुओं में जागी आस्था की किरण

चकरनगर, इटावा। चंबल घाटी की महाभारत कालीन ऐतिहासिक धरोहर के रूप में क्षतिग्रस्त होते सिद्धनाथ मंदिर को बचाने की मुहिम एसडीएम की पहल पर डीएम ने निचली गंगा नहर के अधिकारियों से बुधवार को मंदिर स्थल का निरीक्षण कराया और जल्द प्रपोज भेज कर स्वीकृति लेने का आदेश दिया। मंदिर बचाने की पहल से लाखों श्रद्धालुओं में आस्था की एक नई किरण जागी है। श्रद्धालु प्रशासनिक अधिकारीयों की प्रसंसा कर रहे है। जिलाधिकारी सुभ्रान्त कुमार शुक्ला के आदेश पर बुधवार को भोगनीपुर निचली गंगा नहर के कार्यकारी अभियंता राकेश कुमार व सहायोगी कार्यकारी अभियंता राकेश कुमार द्वितीय, सहायक अभियंता प्रतीक आनंद, जूनियर इंजीनियर नरेंद्र कुमार ने एसडीएम चकरनगर ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया के साथ क्षतिग्रस्त होती चंबलघाटी की ऐतिहासिक धरोहर महाभारत कालीन सिद्धनाथ मंदिर की खिसकती चट्टान का चंबल नदी किनारे खड़े होकर सर्वे किया। इस मौके पर सभी अधिकारियों ने विचार विमर्श करते हुए चट्टान बचाने के लिए एक खाका खींचा। इस मौके पर मौजूद सिद्धनाथ मंदिर के श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए उच्चाधिकारियों ने बताया कि जिलाधिकारी की पहल पर मंदिर को बचाने के लिए पर्यटन विभाग को प्रपोज भेजा जाएगा ।

### मुठभेड़ के बाद दो गौ तस्कर गिरफ्तार

संत कबीर नगर। जिले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक मुठभेड़ के बाद दो गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक गिरोह इलाके में गौतस्करी में शामिल है, जिसके बाद पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर संदिग्धों को गिरफ्तार करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलाई और मुठभेड़ शुरू हो गयी। इस दौरान दो आरोपियों के पैरों में गोली लगी और उन्हें पकड़ लिया गया जबकि तीन अन्य तस्कर भागने में कामयाब रहे। अधिकारी ने बताया कि घायल आरोपियों की पहचान रक्षाकला गांव के रहने वाले अलाउद्दीन उर्फ कोयल (28) और पड़ोसी बस्ती जिले के कथकपुरवा गांव के रहने वाले इखलाक (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

संक्षेप

## पांच माह से नहीं मिला मानदेय कर्ज में डूब रहे रोजगार सेवक

गोला, गोरखपुर। गोला ब्लाक में मनरेगा (विकसित भारत जी राम जी) योजना के अंतर्गत संविदा पर कार्य करने वाले ग्राम रोजगारसेवकों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। वे पिछले पांच माह से मानदेय न मिलने के कारण परेशान हैं। वे लोग तत्काल मानदेय दिलाने की मांग कर रहे है सांसद के शीतकालीन सत्र में जिस मनरेगा योजना की जगह वीबी जीरामजी योजना लाई गई है। उसी योजना के तहत ब्लाक में ग्राम रोजगार सेवकों सहित 40 से अधिक संविदा कर्मचारी पिछले 18 वर्ष से कार्यरत हैं। उनका कहना है कि इतने लंबे समय तक कार्य करने के बाद भी दस हजार रुपये में 7788 रुपये मानदेय मिलता है जबकि शेष ईपीएफ कट जाता है। इतना कम मानदेय होने के बाद भी कभी समय से नहीं मिलता है। बीते दशहरा दिपावली व छठपर्व जैसे महत्वपूर्ण त्यौहारों पर भी मानदेय नहीं मिल सका था जबकि दूसरे कर्मचारियों को वेतन के अलावा बोनस भी दिया गया था। आज पांच माह बीत गया। जिससे हमारे समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। बच्चों की पढ़ाई व अन्य दैनिक जरुरतों को पूर्ण करने में हम सब कर्जदार हो गए हैं। ब्लाक ग्राम रोजगारसेवक संघ के अध्यक्ष आशीत मिश्र सोनू सिंह सदानंद श्यामसुंदर यादव इंद्रेश कुमार अनिरुद्ध अरविन्द यादव सत्येंद्र यादव राजेश्वरी सिंह सोनिया रीना राय छाया आदि ने जल्द से जल्द मानदेय दिलाने की मांग की है। ब्लाक के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि ब्लाक स्तर की सभी औपचारिकता पूरी कर ली गई है। शासन से धन मिलने का इंतजार किया जा रहा है। जैसे ही मिलेगा सभी को मानदेय भेज दिया जाएगा जबकि ग्राम विकास अधिकारी दिवाकर सिंह का कहना है कि इन लोगों के मानदेय का धन शासन से आता है। अभी धन आया नहीं है। आते ही इन लोगों को मिल जाएगा।

## 15 बकरियों की जलकर मौत

इकदिल, इटावा। क्षेत्र में झोपड़ी में आग लगने से 15 बकरियों की जलकर मौत हो गई। गांव शेखपुर जखैनी के रहने वाले हरिशंकर पुत्र रामभरोसे गुरुवार सुबह सर्दी में झोपड़ी में आग सेंक रहे थे। उसके बाद उनकी पत्नी भी आग से हाथ सेंकती रही कुछ देर बाद आग को बुझाकर पास में बने अपने घर चाय पीने चले गए, कुछ देर बाद झोपड़ी में आग लग गई सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों के साथ बाल्टियों से आग बुझाने की काफी कोशिश की।

# पत्रकार विवेक अस्थाना के परिवार को सीएम ने दिया आर्थिक संबल

- विवेकाधीन कोष से पांच लाख रुपये का चेक पत्नी व बच्चों को सौंपा
- गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अनुरोध पर 19 घंटे के भीतर सीएम से मिली मदद



गोरखपुर। हर जरूरतमंद के साथ आत्मिक संवेदना रखते हुए भरपूर सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह दिवंगत पत्रकार विवेक अस्थाना के परिवार को आर्थिक संबल प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय अस्थाना की पत्नी और दोनों बच्चों को विवेकाधीन कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा और उन्हें आश्वस्त किया कि दुःख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ हैं। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के आजीवन सदस्य, पत्रकार, रंगकर्मी विवेक अस्थाना का पांच जनवरी को हृदयाघात से निधन हो गया था। वह परिवार के एकमात्र आयार्जक सदस्य थे। परिवार की सहायता के लिए गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की तरफ से, बुधवार दोपहर बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया गया था। सीएम योगी ने त्वरित संवेदना दिखाई और 19 घंटे के भीतर परिवार को आर्थिक सहायता मिल गई। मुख्यमंत्री ने गुरुवार सुबह विवेक अस्थाना की पत्नी निहारिका, दोनों बच्चों दिव्य और देव से गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में मुलाकात की। उनका दुःख बांटा। पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछा और खूब मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीएम ने परिवार को यह भी भरोसा दिया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक प्रदीप शुक्ल, सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व विनीत कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## एकौना को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची भटौरा की टीम



गगहा/मंझगांवा, गोरखपुर। क्षेत्र के सोनईचा गांव में रेड स्टार क्रिकेट क्लब सोनाईचा के तत्वाधान में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल मैच गुरुवार को हुआ। जिसमें गोपेश्वरनाथ क्रिकेट क्लब भटौरा ने क्रिकेट क्लब एकौना को 34 रन से हराकर सेमिफाइनल में जगह बना लिया। रेड स्टार क्लब सोनाईचा द्वारा आयोजित मैच का क्वार्टर फाइनल मैच श्री गोपेश्वर नाथ क्रिकेट क्लब भटौरा और क्रिकेट क्लब एकौना के बीच खेला गया। भटौरा की टीम टास जीतकर पहले बल्ले बाजी करते हुए 7 ओवर में 113 रन बनाकर जीत के लिए 114 रन का लक्ष्य रखा। खेलने उतरी क्रिकेट क्लब इकौना की टीम 7 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 79 रन ही बना पाई। इस प्रकार श्री गोपेश्वर नाथ क्रिकेट क्लब भटौरा 34 रन से यह मैच जीत कर सेमीफाइनल में पहुंच गई। मैन ऑफ द मैच भटौरा के विकास प्रजापति रहे। उसने अपने टीम को 49 रन दिया और दो विकेट लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि सावित्री राम मुरारी पांडेय इंटर कालेज भटौरा के प्रधानाचार्य राकेश मोहन पांडेय रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेल का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय के बाद हुआ। मैच के दौरान निर्णायक सत्येंद्र प्रजापति व अमरजीत, उद्घोषक राघव व शत्रुघ्न तथा विशाल स्कोरर रहे।

इस अवसर पर आयोजक मंडल के सत्येंद्र उर्फ टीमकी प्रजापति, प्रखर मोहन पांडेय, धीरेन्द्र प्रजापति, गौतम सर, गोलू पांडेय, नूर आलम, रविन्द्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## हिमालय परिवार की बैठक संपन्न



इटावा। मधुबन वाटिका में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन हिमालय परिवार की जिले की नवनियुक्त कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आयोजित की गई। जिसमें हिमालय परिवार के पदाधिकारी व सदस्यों को पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी ने केंद्रीय स्तर पर संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए सदस्यों से विचार विमर्श किया गया। पौधारोपण एवं रपति वृक्षों का संरक्षण का संकल्प लेकर उन्हें संरक्षित करना हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम जनमानस में परिवार की गतिविधियों के प्रति जागरूक करना ग्राम स्तर पर विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थल पर परिवार की योजनाओं के अनुसार कार्यक्रम कराए जाना राष्ट्रीय पर्व को हर्ष उल्लास से समारोह पूर्वक आयोजित करना राष्ट्रीय चिन्ह और राष्ट्रीय ध्वज का वितरण करना जन जागरण हेतु पदयात्रा का आयोजन करना मार्च माह में इन सभी विषयों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिले के संरक्षक दिलीप मिश्रा, जिला अध्यक्ष प्रोफेसर आरके त्रिपाठी, जिला संयोजक नीरज मिश्रा, महामंत्री अवधेश चतुर्वेदी, अतुल तिवारी, उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, केके त्रिपाठी, कुलदीप अवस्थी, अमित शुक्ला, दिवारी लाल राजपूत, शिवकांत दुबे, कोषाध्यक्ष आनंद विभूषित दीक्षित, मंत्री राघवेंद्र यादव, आकाश तिवारी, विशाल तिवारी, संदीप दुबे, सर्वेश राजपूत, जयदयाल प्रजापति, जुगल किशोर राजपूत, मीडिया प्रभारी दीपक तिवारी व अन्य सदस्य बैठक में उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में चोर को लगी गोली ,चोरी का सामान, तमंचा कारतूस बरामद



बकेवर, इटावा। बकेवर थाना पुलिस की स्कूल में चोरी करने वाले चोरों के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस से मुठभेड़ दौरान एक चोर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग जाने में सफल रहा। चोरों की तरफ से को गयी फायरिंग में थानाध्यक्ष की बुलेट प्रूफ जैकेट में एक फायर लगा। चोरों के पास से एक ऑटो व स्कूलों से चोरी किए गया सामान व तमंचा, खोखा व कारतूस बरामद हुए। घायल चोर को पुलिस उपचार के लिए महेवा सीएचसी उपचार के लिए ले गयी। इस संबंध में सीओ भरथना में आरडी मौर्य ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि बकेवर थानाध्यक्ष विपिन मलिक मय फोर्स के साथ बुधवार रात्रि निबाड़ी के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।इसी दौरान निबाड़ी की तरफ से एक ऑटो भोर में चार बजे आता दिखा तो उसको रुकाने का इशारा इस तो इस पर ऑटो में सवार बदमाशों ने पुलिस पर तमंचा से फायरिंग कर दी।इस पर पुलिस में पोजिशन लेकर बदमाशों पर फायरिंग की। बदमाशों की एक गोली थानाध्यक्ष विपिन मलिक को बुलुट प्रूफ जैकेट में लगी।पुलिस की एक गोली एक बदमाश के दाहिने पैर में लगी। जिससे बदमाश घायल हो गया।पुलिस ने उसे दबोच लिया।जबकि उसका एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। गोली लगने से घायल बदमाश ने अपना नाम पूछताछ में अवरार पुत्र इरफान निवासी लुधपुरा जसवंतनगर बताया। भागे हुए साथी का नाम उसने गोलू कठेरिया पुत्र राजू कठेरिया निवासी फरुर्खाबाद फाटक के पास थाना फ्रेंड्स कॉलोनी बताया। पकड़े गए बदमाश के पास से पुलिस को एक ऑटो, एक 315 बोर तमंचा, दो खोखा, चार जिंदा कारतूस, व दो पंखे एक इन्वर्टर, एक बैटरा, एक सिलेंडर जो सुनवर्षा कम्पोजिट परिषदीय स्कूल से चोरी किये थे। सुनवर्षा स्कूल से पिछले 31 दिसम्बर की रात में स्कूल के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।जिसका मामला थाना में पुलिस ने दर्ज किया था।

# विकसित भारत जी राम जी की खूबियों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत

## वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने गोरखपुर में भाजपा पदाधिकारियों संग की बैठक

गोरखपुर। प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश को विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रही है। इसी क्रम में मनरेगा की खामियों को दूर करने और गरीब, श्रमिक व वंचित वर्ग को वास्तविक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत जी राम जी विधेयक को संसद में पारित कराया गया है। अब पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इस विधेयक की खूबियों, उद्देश्यों और इससे होने वाले लाभों को जन-जन तक पहुंचाएं।

गुरुवार को सर्किट हाउस गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पहले पत्रकारों से संवाद किया और इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक की शुरूआत में जिलाध्यक्ष जनार्दन



तिवारी तथा महानगर संयोजक राजेश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मंत्री खन्ना ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी विधेयक का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर बने, रोजगार के अवसर बढ़ें और विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। मनरेगा जैसी योजनाओं में जो कमियां समय के साथ सामने आईं, उन्हें दूर करने के लिए यह विधेयक एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हर कार्यकर्ता इस विधेयक की जानकारी खुद रखे और गांव-गांव, मोहल्ला-मोहल्ला जाकर आम लोगों को बताए कि सरकार उनके लिए क्या कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब समाज का हर वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा। बैठक में मौजूद नेताओं ने भी अपने विचार रखे और संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की। नगर निगम क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम के अंत में मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने संगठन को और मजबूत करने, सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने तथा आगामी चुनौतियों के लिए पूरी मजबूती के साथ तैयार रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक बिपिन सिंह, पूर्व विधायक शीतल पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ. बच्चा पाण्डेय नवीन, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी राहुल तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी के. एम. मझवार, महानगर मीडिया प्रभारी चन्दन आर्या, हरिकेश राम त्रिपाठी, ओमप्रकाश शर्मा, विनय कुमार सिंह, शशिकांत सिंह, अच्युतानंद शाही, अजय श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, सुरेन्द्र चौबे, राजकुमार सिंह, शुभम सिंह, अरुण सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाइवे किनारे अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा,सीओ आयुषी सिंह ने फुटपाथ खाली कराये

जसवन्तनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बड़े चौराहे के आसपास लंबे समय से फुटपाथों पर जमे अतिक्रमण को हटाने के लिए गुरुवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संयुक्त अभियान चलाया क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामवचन सरोज तथा एनएचआई इंसिडेंट मैनेजर सुनीत चैहान के साथ पुलिस और नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे हटवाए। हाइवे किनारे फुटपाथों पर गल्ला, मिठाई, चाय की दुकानें, हाथठेले, टिन शेड लगाकर तथा ऑटो, टिर्री और ट्रैवल्स वाहनों को खड़ा कर अतिक्रमण किया गया था, जिससे राहगीरों को पैदल चलने में परेशानी के साथ-साथ आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी। अभियान के दौरान उपनिरीक्षक मनीष कुमार, ललित कुमार, कृष्ण कुमार, शुभम वर्मा के साथ कांस्टेबल अवनीश कुमार, तरुण कुमार, अरविन्द धीरेन सहित करीब एक दर्जन पुलिसकर्मी मौजूद रहे टीम ने कार्रवाई करते हुए कई दुकानों और ठेलों को तत्काल हटवाया तथा फुटपाथ खाली कराए। कुछ दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए शुक्रवार दोपहर तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय के बाद भी कब्जा पाए जाने पर जुमार्ना व जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन का कहना है कि यह अभियान ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया है।

# आईजीएल ने कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को बांटे कंबल



गीडा, गोरखपुर। सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड गीडा द्वारा क्षेत्रीय जरूरतमंद परिवारों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ आईजीएल के बिजनेस हेड एस. के. शुक्ल ने ग्राम जगदीशपुर से किया।यह वितरण अभियान ग्राम जगदीशपुर से शुरू हुआ, जो जुड़ियान, खरैला, भप्सा एवं अड़ीलापार तक चलेगा। कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंपनी का उद्देश्य आस-पास के अभावग्रस्त परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाना है। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे श्री शुक्ल ने कहा कि इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड केवल औद्योगिक विकास ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए भी सदैव तत्पर है। यह पहल हमारे इसी विजन का एक हिस्सा है। वहीं सहायक महाप्रबंधक दशरथ मिश्र के कुशल संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीशपुर के पूर्व प्रधान उमा शंकर उपाध्याय ने की। स्थानीय ग्रामीणों ने कंपनी के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।

## स्कूल प्रबंधक ने 250 जरूरतमंदों को बांटे कंबल



गगहा, गोरखपुर। क्षेत्र में बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए सामाजिक सरोकारों में अग्रणी केएमआर इंटरनेशनल जूनियर हाइस्कूल, हरौली दुबौली ने मानवता की मिसाल पेश की है। स्कूल के प्रबंधक कृष्णा राय ने दुबौली गांव और आसपास के क्षेत्रों के लगभग 250 असहाय और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। भीषण ठंड से राहत की मुहिम बृहस्पतिवार को आयोजित इस वितरण कार्यक्रम के दौरान कृष्णा राय ने स्वयं गांव के बुजुर्गों और निर्धन परिवारों से मुलाकात की और उन्हें ठंड से बचाव के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कंबल भेंट किए। इस दौरान गांव के मुख्य चौराहों और बस्तियों में जाकर उन लोगों को चिह्नित किया गया जिन्हें वास्तव में सहायता की आवश्यकता थी। इस अवसर पर केएमआर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक कृष्णा राय ने कहा भीषण ठंड में अभावग्रस्त लोगों की मदद करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना ही हमारे संस्थान का लक्ष्य है। इस अवसर पर सह प्रबंधक पिंकी राय, प्रिंसिपल अनुराधा राठौर, पत्रकार राहुल हरेंद्र सिंह, अध्यापिका प्रियंका राय, आशा सिंह, रानी सिंह, सुभाष यादव, सुशील कुमार सिंहा सहीत स्कूल के स्टाफ, स्थानीय प्रतिनिधि और कई गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहें।

## कंबल पाते ही खिल उठे गरीबों के चेहरे



गगहा, गोरखपुर। भीषण कड़ाके की ठिठुरन बढ़ी ठंड में पात्रों में कम्बल वितरण करना एक पुनीत कार्य है। आज धन बहुत लोगों के पास है, लेकिन धन का सदुपयोग कम लोग ही कर पाते हैं। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि बसपा नेता चंचल पाण्डेय ने रकहट में कंबल वितरण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बंधवा निवासी समाजसेवी शैलेन्द्र पाण्डेय ने अपने पुत्र प्रवेश पाण्डेय के जन्मदिन के शुभ अवसर 300 कंबल वितरण कर एक पुनीत कार्य किया है। आयोजक चन्दन पांडेय ने कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेगा की प्रति वर्ष ऐसे पुनीत कार्य होते रहें। उन्होंने समाजसेवी शैलेन्द्र पाण्डेय के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके प्रयास से आज एक सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर सेवानिवृत्त एस आई कलाधर दूबे, सौरव दूबे, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष चन्दन पाण्डेय, अभिषेक दूबे, साधन सहकारी समिति गडही के अध्यक्ष चन्दमौल पाण्डेय, अंकित दूबे, बंकटेश्वर पाण्डेय, चंदन सिंह, अन्नू पाण्डेय, विनय पाण्डेय, शंकर यादव, पंकज सिंह, ज्वाला तिवारी, चन्द्रशेखर पाण्डेय, सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## मारपीट कर नकदी सहित मोबाइल छींनने का आरोप

चकरनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने दिल्ली से आए दो दोस्तों के साथ गांव के ही तीन ज्ञात व पांच अज्ञात के खिलाफ संबंधित थाने में तहरीर देते हुए मारपीट करने के साथ मोबाइल फोन व नकदी छीनने का आरोप लगाया है। पुलिस ने उक्त मामला मारपीट का बताते हुए जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। थाना चकरनगर के गांव जगतौली निवासी आशीष पुत्र कुशलपाल हाल निवास कस्बा चकरनगर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पीड़ित अपने भाई हिमांशु व दिल्ली से साथ आए दोस्त पारस व युवराज के साथ बुधवार शाम लगभग नौ बजे बाइकों से अपने पैत्रक गांव से कस्बा चकरनगर आ रहे थे।

## एआरपी संघ के निर्वाचन में अश्वनी जिलाध्यक्ष एवं चन्द्रजीत महामंत्री निर्वाचित



इटावा। लीला पैलेस होटल में जनपद के एआरपी संघ का निर्वाचन कार्यक्रम प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार कानपुर मंडल संयोजक डॉ अनुजा सेंगर की देखरेख में सम्पन्न हुआ। एआरपी साथियों ने सर्वसम्मति से अश्वनी कुमार यादव को जिलाध्यक्ष एवं चन्द्र जीत सिंह को जिला महामंत्री चुना।साथ ही कार्यकारणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष पद पर राहुल त्रिपाठी, पुष्पेंद्र शाक्य, आशुतोष शुक्ला एवं प्रियंका गुप्ता, संयुक्त मंत्री पद पर सुनील कुमार सिंह एवं ऋषभ यादव, संगठन मंत्री पद पर प्रियंका गौर एवं प्रदीप पाल, जिला मीडिया प्रभारी आशीष मिश्रा एवं राहुल दुबे, जिला प्रवक्ता गिरजेश सिंह यादव एवं चन्द्र कांत त्रिपाठी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा रिक्त पदों पर भर्ती पूर्ण कराने एवं जनपद को शासन की मंशा के अनुरूप निपुण जनपद बनाना एवं गुणवत्तापरक शिक्षा हेतु शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करना। कार्यक्रम के दौरान शिवप्रताप सिंह, आलोक दोहरे, सीमा गौतम, शिप्रा सिंह, इंदु चतुर्वेदी, गौरव यादव, विवेकानंद दुबे, राजीव त्रिपाठी, राजवीर शाक्य, अरविंद कुमार शाक्य आदि एआरपी साथी उपस्थित रहे।

# शिवपाल सिंह यादव ने सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे कंबल



सैफई, इटावा। क्षेत्र के ग्राम अधियापुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए सैकड़ो जरूरतमंद गरीबों को कंबल वितरित किए गए।

कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी देवेश पचैरी एवं आलोक मिश्रा लालू के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पहुंचने पर शिवपाल सिंह यादव का ग्राम अधियापुर में ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, ग्रामीण, समाजसेवी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यकताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने केंद्र व प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आज थाने और तहसील में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता। एक लाख से लेकर पांच लाख रुपये तक रिश्वत देने पर ही लोगों के काम किए जा रहे हैं। शिवपाल यादव ने केंद्र सरकार के ह्यविकसित भारतह्ण के नारे पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले भारत पर कर्ज जीडीपी का लगभग 34 प्रतिशत था, आज यह बढ़कर 93 प्रतिशत हो गया है। जब देश कर्ज में डूबा हो तो उसे विकसित भारत कैसे कहा जा सकता है। शिवपाल सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें, ठंड के मौसम में कंबल वितरण जैसे सामाजिक कार्यों को लगातार जारी रखें। कार्यक्रम के दौरान शिवपाल सिंह यादव ने कई समाजसेवियों, पत्रकारों, ग्राम प्रधानों एवं पूर्व प्रधानों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण में इन सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सुभाष त्रिपाठी ने की, जब कि मंच संचालन राष्ट्रीय कवि मयंक विधौलिया ने प्रभावशाली अंदाज में किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीण व क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू विधायक प्रतिनिधि ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर, स्वदेश पचैरी, संजीव यादव, अंजार अहमद, सीमा यादव, सपा के जिला सचिव जितेंद्र यादव मोना खन्ना यादव, शिब्बू भदौरिया, सीमा पाल, विक्की गुप्ता, मीरा गुप्ता, रवि यादव जिला अध्यक्ष छात्र सभा, फरहान शकील जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, देवेंद्र भदोरिया, अनिल मिश्रा, उदयभान सिंह यादव एसआईआर प्रभारी इटावा, विजय यादव उदी, आदि का आयोजक देवेश पचैरी व आलोक अमन पचैरी, स्वदेश पचैरी ने स्वागत किया।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

खुली निविदा नोटिस का प्रथम संशोधन

खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी–20 सीनि०डी०ई०ई०– लखनऊ –25 दिनांक: 31.12.2025 में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–20–सीनि० डी०ई०ई०– लखनऊ–25 |
| 2. | कार्य का नाम | फाफामऊ स्टेशन पर लाइन संख्या 4 और 5 के दोनों सिरों पर ट्रैक और टर्न आउट में गड़बड़ी को ठीक करने के कारण ओएचई का संशोधन कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू. 47,13,101.91 |
| 4. | बयाना राशि | रू. 94,300.00/- |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 30.01.2026 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | पत्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के **वैध** लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं०: टीआरडी–20–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25 दिनाँक 31.12.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 79/26

# भारत-नेपाल के अफसरों की हुई बैठक

## नेपाल में चुनाव कराने को लेकर सीमा पर विशेष निगरानी और अपराध नियंत्रण पर जोर



**लखीमपुर खीरी।** नेपाल में आगामी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव 2026 के चुनाव को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक नेपाल में सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। बैठक में दोनों देशों ने चुनाव के दौरान सूचना आदान-प्रदान और सहयोग को सुनिश्चित करने पर सहमति जताई। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत की ओर से लखीमपुर खीरी और नेपाल की ओर से कैलाली एवं कंचनपुर अंचल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने भरोसा जताया कि चुनाव के दौरान पूर्ण सहयोग और साझा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। बैठक की शुरुआत में दोनों देशों के अधिकारियों ने अपना परिचय दिया। बैठक में चुनाव के मद्देनजर सीमा पर चौकसी बरतने, अपराधियों पर लगाम लगाने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने चुनाव के मद्देनजर सीमा पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी, अपराधियों की धरपकड़ सीमा के दोनों तरफ कैसे की जाए जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर अपराधियों को संरक्षण ना मिल सके आदि महत्पूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर कार्ययोजना बनाई। इस चुनावी पर्व पर सहयोग की अपेक्षा करते हुए सीडीओ कैलाली हीरालाल रेग्मी और सीडीओ कंचनपुर मदन कोइराला ने कहा कि जितना सहयोग मिलेगा उतना चुनाव कराने में आसानी होगी। हमारे संबंध अच्छे थे और भविष्य में भी बेहतर रहेंगे। भारत और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक बंधनों से जुड़े हैं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नेपाल के अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और नेपाल का रिश्ता केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंधों से जुड़ा है। उन्होंने इसे रोटी-बेटी का रिश्ता बताते हुए दोनों देशों के अटूट बंधन पर जोर दिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान शांति, सुरक्षा और प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करना है।

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि, सूचना का रियल टाइम आदान-प्रदान, और आपात सेवाओं की निर्बाध आवाजाही प्राथमिकताएं रहेंगी।

मौके पर भारतीय अधिकारियों में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पवन गौतम, एसडीएम डॉ अवनीश, राजीव निगम, कमांडेंट 39 बटालियन आरके राजेश्वरी, डिप्टी कमांडेंट ऑपरेशन विजेंद्र कुमार सिंह, कमांडेंट 49 बटालियन शेर सिंह चौधरी, सेकेंड इन कमांडेंट थर्ड बटालियन एम डी तमांग, कमांडेंट 70 बटालियन राजन श्रीवास्तव, जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह मौजूद रहे।

नेपाल के अधिकारियों में मुख्य जिलाधिकारी (कैलाली) हीरालाल रेग्मी, मुख्य जिलाधिकारी (कंचनपुर) मदन कोइराला असिस्टेंट चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, कैलाली किरण जोशी, असिस्टेंट चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, कंचनपुर मोहन चंद्र जोशी, एसपी कैलाली नरेंद्र चंद, एसपी कंचनपुर खड़ग बहादुर खत्री, एसपी एपीएफ कैलाली लोकेंद्र देव भट्ट, एसपी एपीएफ कंचनपुर सुरेंद्र राज रंजीत, डिप्टी इन्वेस्टिगेशन डायरेक्टर महेश बोहरा, प्रकाश शाह, चीफ एरिया एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर तारा नाथ पनेरू, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, कैलाली शिव राज जोशी, सेक्शन ऑफिसर, कैलाली कल्पना भट्ट।

संक्षेप

### हिसंक जानवरों के लिए वरदान साबित हो रहा तराई क्षेत्र

धौरहरा खीरी। जिले में घाघरा व शारदा नदियों के बीचोबीच पलिया निघासन व धौरहरा तहसीलो का क्षेत्र आता है और इस सबमें वन रेंज धौरहरा का क्षेत्र दोनों नदियों के बीच के भू भाग में करीब दो दर्जन से अधिक हिसंक जंगली जीवों के लिए वरदान साबित हो रहा है। जंगलों से निकल कर तराई क्षेत्र में डेरा डाले जंगली हिसंक जीव कभी कभी आम आदमी को नुक्सान पहुंचाने के साथ आम लोगों को दर्शन देते रहते हैं हालांकि वन विभाग के जिम्मेदार पिंजड़ा लगाने तक सीमित। हिसंक जंगली जानवरों के लिए तराई क्षेत्र वरदान साबित हो रहा है क्योंकि कृषिक भू भाग होने के चलते यहां केला, गन्ना, गेहूं, धान, उरद, मंसूर के साथ भारी मात्रा में सब्जी की फसलें भी उगाई जाती है क्षेत्र में मौजूद नदियो का कछार, बह रहें नाले व गन्ना, केला लगें खेत हिसंक जगंली जानवरों के लिए वरदान साबित हो रहें हैं हालांकि क्षेत्र में कभी कभार हिसंक जानवरो के हमले से लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं ऐसी हालत में प्रशासनिक मशीनरी पीड़ित परिवार को सिर्फ आहेतुक सहायता राशि देकर मामले को मैनेज किया जाता है।

### महिला पर धारदार हथियार से हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के लाल्हापुर में एक महिला पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जिला शाहजहांपुर के थाना पुवायां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुनारा बुजुर्ग निवासी रामदेव पुत्र दयाराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी दो बहनों की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व गोला क्षेत्र के लाल्हापुर में हुई थी। बताया गया कि वह अपनी मां के साथ बहन के घर आया हुआ था। इसी दौरान पारिवारिक बातचीत के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर महिला के ससुराल पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर उसकी बहन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के दौरान बीच-बचाव में आई अन्य महिलाओं को भी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

### ग्रामीण बैंक में शिविर का आयोजन

भरथना, इटावा। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दस आवेदकों ने अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत किये। गुरूवार को कस्बा के मुहल्ला बालूगंज पर संचालित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा नारायनगंज पर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का औचक निरीक्षण करने पहुँचे मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने उपजिलाधिकारी काव्या सी के साथ शिविर में मौजूद लोगों को शासन की महत्वाकांक्षी उक्त योजना के बारे में अवगत कराया। सीडीओ श्री गौतम ने बताया कि शासन द्वारा चलायी जाने वाली उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारों को रोजगार की मुख्य धारा से जोडना है। इसलिए आप सभी लोग इसका अधिक से अधिक लाभ लें।

## दलित समाज की भागवत कथा में दबंगों का हंगामा

इटावा। ऊसराहार थाना क्षेत्र में भागवत कथा के दौरान नशे में धुत दबंग युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। जबरन व्यास गद्दी पर बैठने से रोके जाने पर आरोपियों ने कथा पंडाल में तोड़फोड़ की, दलित समाज के लोगों के साथ मारपीट की, तमंचा लहराकर महिलाओं को धमकाया और बाबा साहब की फोटो तक फेंक दी। घटना की शिकायत पर पुलिस ने नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना ऊसराहार थाना क्षेत्र के समथर के पास स्थित भौराजपुर गांव की है। गांव में दलित समाज के सभी लोग मिलकर भागवत कथा का आयोजन करा रहे थे। दिन में कथा और रात में कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा था। मंगलवार की रात गांव के पास रहने वाले कुछ युवक शराब के नशे में कथा पंडाल में पहुंचे और जबरन व्यास गद्दी पर बैठकर कीर्तन करने की जिद करने लगे। ग्रामीणों ने पवित्र व्यास गद्दी पर बैठने से मना किया तो आरोपी भड़क गए और हंगामा शुरू कर दिया। लाठी-डंडे और हथियार लेकर पहुंचे ग्रामीण अखिलेश जाटव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब आठ बजे राम यादव, भूरे यादव, संजीव यादव, महिपाल यादव निवासी नंगला जिंद, महेंद्र सिंह और रितिक कुमार निवासी मेंदीपुरा अपने तीन चार अज्ञात साथियों के साथ पंडाल में आए थे। सभी के हाथों में लाठी डंडे और धारदार हथियार थे। आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए कथा पंडाल में जमकर उत्पात मचाया।

## वार्षिक मेले में प्रतिबंधित ब्रेक डांस, मौत का कुआं का संचालन

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुदरिया में वार्षिक मेले का विधिवत शुभारंभ बीती 5 जनवरी को हुआ था जिसकी लिखित अनुमति वर्तमान सक्षम अधिकारियों ने मेला कमेटी को दी लेकिन इसी बीच बिना अनुमति के मेला परिसर में मौत का कुआं, ब्रेक डांस, बडी नाव व ऊंची हाइट का झूला भी मेले में धूम मचा रहें हैं जिसकी किसी सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमति मेला कमेटी के पास नहीं है। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुदरिया में वार्षिक मेले का आयोजन प्रतिवर्ष जनवरी माह में 15 दिनों के लिए होता रहा है। मेले का अयोजन कराने के लिए रजिस्टर्ड कमेटी भी मौजूद हैं मेले में ग्रामीण परिवेश से जुड़े संसाधनो के साथ गर्म कपड़े व खाने पीने के स्टाल परिसर में प्रतिवर्ष लगते हैं। जिसकी लिखित अनुमति पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार प्रतिवर्ष देते है मेला कमेटी



द्वारा 1 जनवरी 26 को नीव पूजन किया गया मेले का विधिवत शुभारंभ 5 जनवरी से शुरू कराया गया। मेला परिसर में बिना सरकारी फरमान के मौत का कुआं, ब्रेक डांस, बडी नाव व ऊंची हाइट का झूला बेहद रोमांचक दिख रहा। और इन जगहों पर नव युवकों की भारी भीड़ उमड़ रही। उपरोक्त संसाधनों से अगर किसी प्रकार की घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। इस मामले में एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि से जानकारी लेने का प्रयास किया तो फोन कट गया।

## पति की मौत के बाद प्रमाण पत्रों के लिए संघर्ष करती पुलिस कर्मी की पत्नी

**लखीमपुर-खीरी।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम छाउछ में विधवा महिला को अपने पति की मौत के बाद भी सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ग्राम छाउछ के मोहल्ला धीरज नगर कॉलोनी निवासी लक्ष्मी देवी के पति स्वर्गीय अनिल कुमार शर्मा पुलिस विभाग में एसपी कार्यालय, सीतापुर में कार्यरत थे। 13 अगस्त 2025 को उनका आकस्मिक निधन हो गया। परिवार के मुखिया के अचानक चले जाने से आर्थिक स्थिति पूरी तरह डगमगा गई। शासन के नियमों के अनुसार पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति, पारिवारिक पेंशन व अन्य विभागीय लाभ मिलना चाहिए, लेकिन जरूरी प्रमाण पत्र न बनने से सारी प्रक्रिया अटक गई है। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने निवास और आय प्रमाण पत्र के लिए अब तक तीन बार आवेदन किया, लेकिन हर बार संबंधित लेखपाल अजीत कुमार द्वारा आवेदन को बिना स्पष्ट कारण बताए खारिज कर दिया गया। जब कारण पूछने का प्रयास किया गया तो संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। लक्ष्मी देवी ने बताया कि उनके नाम से 25 अगस्त 2021 को एक बार निवास प्रमाण पत्र पहले ही जारी किया जा चुका है। उस



समय तकनीकी कारणों से आधार संशोधन नहीं हो पाया था।

वर्तमान में आधार संशोधन और अन्य शासकीय कार्यों के लिए नया निवास और आय प्रमाण पत्र अनिवार्य है, इसके बावजूद बार-बार आवेदन खारिज होना सवाल खड़े करता है। पीड़िता का कहना है कि उनके पास पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक अभिलेख पूर्ण रूप से उपलब्ध हैं। इसके बाद भी यदि प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं तो यह सीधे तौर पर लापरवाही और मनमानी को दर्शाता है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर पहुंचा मामला लगातार हो रही अनदेखी से परेशान होकर लक्ष्मी देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे मामले की जांच और शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रमाण पत्र जारी नहीं हुए तो अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। यह मामला शासन के उन दावों पर सवाल खड़े करता है, जिनमें कहा जाता है कि विधवाओं और आश्रितों को समयबद्ध तरीके से सरकारी लाभ दिए जाएंगे। पति की मौत के बाद नौकरी की आस लगाए बैठी महिला आज भी प्रमाण पत्रों के लिए भटकने को मजबूर है। जब एक पुलिसकर्मी के परिवार को ही समय पर न्याय और सरकारी लाभ नहीं मिल पा रहा है, तो आम नागरिकों की स्थिति क्या होगी।

## 5 साल से शो पीस बनी जल जीवन मिशन की टंकी

### बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण




धौरहरा खीरी। सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन (हर घर जल) योजना की जमीनी हकीकत तहसील धौरहरा के ब्लॉक रमिया बेहद अंतर्गत ग्राम व पोस्ट हौकना मटेरा में सवालों के घेरे में है। यहां करोड़ों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी को 5 साल से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आज तक उससे ग्रामीणों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन की यह टंकी केवल कागजों में चालू दिखा दी गई है, जबकि हकीकत में यह शो पीस बनकर खड़ी है। गांव में आज भी लोग हैंडपंप, कुओं और दूर-दराज के जल स्त्रोतों पर निर्भर हैं। गर्मी के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब महिलाओं और बच्चों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन आज तक न तो पानी आया और न ही कोई ठोस जवाब मिला। इससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब सरकार हर घर जल का दावा कर रही है, तो फिर करोड़ों रुपये की लागत से बनी टंकी बेकार क्यों खड़ी है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। सुन्दर, टेढे, बिक्रम आदि ग्रामीणों का साफ कहना है कि यदि जल्द ही पानी की आपूर्ति शुरू नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब बड़ा सवाल यही है करोड़ों की टंकी, लेकिन पानी जीरो क्या यही है जल जीवन मिशन की सच्चाई?

## अपर पुलिस महानिदेशक ने पलिया थाने का किया निरीक्षण



पलियाकलां खीरी। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ सुजीत पाण्डेय द्वारा जनपद खीरी के थाना पलिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण व विभिन्न रजिस्टर्स का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये एवं अधिकारी कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की गई। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ, जोन लखनऊ सुजीत पाण्डेय द्वारा पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के साथ थाना पलिया का निरीक्षण किया गया। थाना पलिया पुलिस सलामी गार्द द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक को सर्वप्रथम सलामी दी गई। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा सम्पूर्ण थाना परिसर एवं कार्यालय की नियमित साफ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही महोदय द्वारा कार्यालय में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों- अपराध रजिस्टर, आर्डर बुक न्यायालय, आर्डर बुक न्यायालय एन बी डब्ल्यू कुर्की, आर्डर बुक न्यायालय सम्मन, गुण्डा रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए रजिस्टर्स के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी अमित राय, सहायक पुलिस अधीक्षक खीरी क्षेत्राधिकारी सदर विवेक तिवारी, क्षेत्राधिकारी पलिया जितेन्द्र सिंह परिहार, थानाध्यक्ष पलिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## यथार्थ सेवा समिति ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



पलियाकलां खीरी। मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है इस उक्ति को चरितार्थ करती हुई पलिया नगर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था यथार्थ सेवा समिति ने गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भयंकर ठंड में शीत लहर के प्रकोप के चलते सामाजिक दायित्वों को पूरा करने के अपने छोटे से प्रयास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे रहने वाले, स्टेशन पर रात गुजारने वाले, कुछ ठेलिया और रिक्शा चालकों तथा अन्य जरूरतमंदों को स्थानीय सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में कंबलों का वितरण किया। समिति अध्यक्ष बीना गुप्ता एवं महामंत्री दीपशिखा गुप्ता ने संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ मिलकर जरूरतमंदों को थोड़ी राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए जिन्हें पाकर लाभार्थियों के ठंड से ठिठुरते चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। अध्यक्ष बीना गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्था अपने ध्येय वाक्य मानव सेवा सर्वोपरि है चाहे वह सामाजिक दायित्वों को पूरा करना हो या कहीं भी किसी जरूरतमंद की सहायता इसी को अपना लक्ष्य मानकर हर संभव प्रयास करने से पीछे कभी नहीं हटेगी। महामंत्री दीपशिखा गुप्ता ने इस प्रयास को सफल बनाने में सबका धन्यवाद किया और कहा कि हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी नगर के शुभाकांक्षियों के सहयोग से यथार्थ सेवा समिति अपने मानवीय प्रयासों को फलीभूत कर सकेगी। इस अवसर पर गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष अभिषेक अवस्थी, इंदिरा नगर कॉलोनी के सभासद डॉ. रविंदर सिंह के साथ ही समिति की मुख्य संरक्षिका हरदीप कौर मांगट, सुषमा शर्मा, कुमुद महिंद्रा, जयंती बरनवाल अभिलाषा अग्रवाल, उर्मिला शुक्ला, पूनम सुनील, पूनम नीरज, मोना मल्होत्रा, नीलम, शशि, पुष्पा, बीना भावना डॉ. दीपिका, पूजा जायसवाल, निक्की वर्मा, पुष्पा अग्रवाल, नीतू बंसल सहित नगर के सम्मानित पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## हल्का इंचार्ज पर रिश्वत और फर्जी मुकदमे का आरोप



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद से संबद्ध राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकताओं ने थाना हैदराबाद के हल्का इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन ने पुलिसकर्मी पर रिश्वत मांगने और कार्यकताओं को झूठे मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिलाध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में तहसील पहुंचे कार्यकताओं ने बताया कि ग्राम अयोध्यापुर निवासी संगठन के एक कार्यकर्ता के घर बीते 23 नवंबर की रात कुछ लोग घुस आए और महिला से अभद्रता की। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई और धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने पुलिस कार्रवाई करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। सूचना मिलने पर डायल-112 की मदद से घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन संगठन का आरोप है कि हल्का इंचार्ज ने आरोपियों को थाने से छोड़ दिया। इसके बाद उन्हें जेल भेजने के नाम पर 20 हजार रुपये की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर संगठन के कार्यकर्ता विनोद कुमार समेत चार लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया, जबकि वे घटना के समय मौके पर मौजूद नहीं थे। राष्ट्रीय बजरंग दल ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए संबंधित पुलिसकर्मी को निलंबित करने और निर्दोष लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## नपा आपके द्वार में तीसरे दिन भी उमड़ा जनसैलाब



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए चल रहे "नगर पालिका आपके द्वार" अभियान के तहत गुरुवार को तीसरे दिन मोहम्मदी रोड स्थित गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मुन्नूगंज में कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 318 पंजीकरण दर्ज किए गए। गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कैंप में वार्ड 09, 21 व 23 के लोगों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन किए। वृद्धावस्था पेंशन के 60 पंजीकरण हुए, जिनमें 35 लोगों की पेंशन रुकी हुई थी, जबकि 25 नए पंजीकरण किए गए। राशन कार्ड से संबंधित 217 पंजीकरण प्राप्त हुए, जिसमें 135 कार्डधारकों की यूनिट बढ़वाने और 82 नए राशन कार्ड के लिए आवेदन किए गए। विद्युत विभाग से संबंधित 9 पंजीकरण हुए, जो सभी स्मार्ट मीटर की रीडिंग से जुड़े थे। दिव्यांग पेंशन के 11 और विधवा पेंशन के 24 पंजीकरण हुए, जिनमें 22 प्रकरण पेंशन रुकने से संबंधित रहे। नगर पालिका परिषद से जुड़े जन्म प्रमाण पत्र के 5 पंजीकरण किए गए। इसके अलावा नए मतदाता बनने के लिए 5 फॉर्म भी वितरित किए गए। कैंप में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि नगर पालिका नर सेवा नारायण सेवा के भाव से कार्य कर रही है। यह अभियान पूरी तरह निः शुल्क है, ताकि हर नागरिक को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत वार्डवार कैंप लगाकर पेंशन, राशन कार्ड, विद्युत, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य जनसमस्याओं का समाधान किया जा रहा है। अभियान के तहत अगला कैंप 9 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज, पश्चिमी दीक्षिताना में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर सभासद साहिद अंसारी, दानिश राईन, सुरेश जायसवाल, पूर्व सभासद प्रतिनिधि पिंटू वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, लेखाकार मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा, श्रवण कुमार मिश्र, रवि शंकर शर्मा, रमेश कुमार, अरविंद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हिंदू सम्मेलन में एकता और सामाजिक समरसता पर जोर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अलीगंज क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद स्थित कबीरधाम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज, संस्कृति, राष्ट्र सेवा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने की, जबकि मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचारक (पूर्वी उत्तर प्रदेश) अनिल कुमार रहे।

मुख्य वक्ता ने कहा कि हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को जोड़कर सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करना और राष्ट्र निर्माण के लिए संगठित प्रयास करना है। उन्होंने सनातन परंपराओं को सशक्त करने, सामाजिक व जातिगत भेदभाव को समाप्त करने और सभी हिंदुओं को एक सूत्र में बांधने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक विषमताओं को दूर किए बिना सशक्त राष्ट्र की कल्पना संभव नहीं है। सम्मेलन में विधायक अमन गिरि ने सहभागिता करते हुए वृक्षारोपण किया और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्यों की सराहना करते हुए आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक योगेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, कबीरधाम के प्रवीण महाराज, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रहित में संगठित प्रयासों का आह्वान किया गया।

## पब्लिक इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पब्लिक इंटर कॉलेज में गुरुवार को निर्धन छात्र निधि के तहत दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड के बीच स्वेटर पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने विद्यालय प्रबंधन व स्टाफ के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को ठंड से बचाने के लिए विद्यालय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक सूरज गुप्ता, उपप्रबंधक पीयूष भारद्वाज सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सहयोगात्मक भावना के साथ संपन्न कराया गया।

संक्षेप

## कड़ाके की सर्दी से जनजीवन बेहाल

**आजमगढ़।** जिले में कड़ाके की पड़ रही ठंड से जनजीवन बेहाल हो गया। गुरुवार को घने कोहरे से दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही। सुबह 11 बजे तक सूर्य के दर्शन नहीं हुए। सर्द हवा चलने से ठंड का सितम बढ़ता जा रहा है। गलन से लोग ठिठुरते हुए नजर आए। तीन दिनों से लगातार अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान लुढ़क गया। हाड़ कंपाती ठंड से इंसान से लेकर पशु-पक्षी तक बेहाल हैं।

## सर्वेश्वरी समूह ने 50 गरीबों को कंबल ओढ़ाया

**जौनपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा बदलापुर द्वारा गुरुवार को दुगौली खुर्द में जरूरत मंद लोगों को कंबल वितरित किया गया। कल अघोरान्ना परो मंत्रः का अखंड कीर्तन शुभारंभ होकर संपन्न हुआ।कीर्तन को पूर्णाहुति के बाद कुल पचास जरूरत मंद लोगों को कम्बल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में श्री कृष्णकांत सिंह प्रधानाध्यापक, सीबी सिंह, रामजीत यादव, कृपाशंकर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। प्रतापगढ़ से आए श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्य अंजनीकुमार सिंह सपरिवार इस पुनीत कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के आयोजक शाखा मंत्री दल सिंगार सिंह फौजी ने सभी लोगों को सम्समान आवभगत और प्रसाद वितरण के साथ लोगों के प्रति आभार जताया।

## विहिप की बैठक आज

**मीरजापुर।** विश्व हिंदू परिषद विंध्याचल विभाग के अंतर्गत 9 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को विभाग बैठक व प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी सिटी क्लब कचहरी में आयोजित है।बैठक प्रातः 9:30 बजे से 3 तक विभाग बैठक व सायं 3:30 बजे से नगर के प्रबुद्ध नागरिकों की संगोष्ठी होगी। जिसमें मुख्य अतिथि मिलिन्द पराण्डे केंद्रीय संगठन महामंत्री विश्व हिंदू परिषद का पाथेय प्राप्त होगा।

## अंधविश्वासों के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम कल

**मीरजापुर।**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचालित जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर के तत्वाधान मे अन्धविश्वासो के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम 9 जनवरी 2026 को शांति निकेतन इंटर कॉलेज पचोखरा मडिहान मीरजापुर में आयोजित होगा। इस आशय की सूचना देते हुए जिला विज्ञान क्लब समन्यवयक सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस कार्यक्रम का उदेश्य ऐसे समाज विरोधी और जीवन के लिए घातक व्यक्तियों का पर्दाफाश वैज्ञानिक ढंग से किया जाना और समाज में अलौकिक चमत्कारों में छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतो एवं प्रयोगो का प्रदर्शन करके विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बेहतर ढंग से उपयोग किये जाने के लिए उत्प्रेरित किया जाना है। इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रयागराज नैनी से प्रमोद मिश्रा उपस्थित रहेंगे। उनके द्वारा प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से नारियल से भूत भगाना, चाकू से चावल भरे लोटे को उठाना, जीभ से त्रिशूल आर पार करना, जीभ पर कपूर जलाना,विना माचिस के हवन कुंड मे दीप जलाना जैसे ढोगियों द्वारा दिखाए गये चमत्कारों का पर्दा फाश करेंगे, उनके सहयोगी के रूप में शिव राम उपस्थित रहेंगे। ऐसे 100 चमत्कारों की व्याख्या प्रयोगो द्वारा की जाएगी। छात्र एवं छात्राओं के साथ उनके अभिभावक एवं आस पास के ग्रामीण लोगों को भो बुलाया गया है।

# एनटीपीसी में इन-हाउस प्रतिभा संध्या का आयोजन



**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल ने बिजनेस एक्सीलेंस (बीई) असेसमेंट टीम के दौरे के अवसर पर 7 जनवरी को शहनाई हॉल में एक भव्य इन-हाउस सांस्कृतिक एवं प्रतिभा संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात एनटीपीसी गीत ने पूरे वातावरण को गरिमामय और प्रेरणादायी बना दिया।

मुख्य अतिथि एवं परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीव कुमार साहा ने बीई असेसरों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके आगमन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह संध्या विंध्याचल की समृद्ध कार्य संस्कृति, सामूहिक सहभागिता और कर्मचारियों की बहुआयामी इन-हाउस प्रतिभा को प्रस्तुत करने का एक विशेष अवसर है। कार्यक्रम में क्वालिटी चैंपियनएम. एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ असेसर टी. आर. राजगोपालन एवं बीई असेसमेंट टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही स्टेशन के वरिष्ठ नेतृत्व ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं ईडीएम), एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) व रमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमा प्रदान की। विभागाध्यक्षों एवं बीई टास्क फोर्स के सदस्यों की सहभागिता ने बिजनेस एक्सीलेंस यात्रा के प्रति सामूहिक स्वामित्व को दर्शाया। सांस्कृतिक संध्या में डीपीएस विंध्यनगर के विद्यार्थियों व सुहासिनी संघ (कल्याण शाखा) द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों में बीई असेसरों के दौरे की झलकियों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। तत्पश्चात सौरभ बनौधा, उप महाप्रबंधक (आईटी) एवं टीम द्वारा प्रस्तुत मधुर बाँसुरी वादन, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों द्वारा दी गई भावपूर्ण गायन प्रस्तुतियाँ, जिनमें मुस्कान अरोड़ा, अरविंद सोनी (उप प्रबन्धक, एमजीआर), सौरव कुमार साहू (प्रबंधक, सीएंडआई), सदानंद डोंगरे (वरिष्ठ प्रबंधक, पीएंडएस), मुकेश कश्यप (अपर महाप्रबंधक, एफएम) शामिल रहे। सभी ने कार्यक्रम में भावनात्मक रंग भर दिया। बीई असेसर विजय कुमार एवं रितेश भारद्वाज की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आपसी सौहार्द और अपनत्व को और सुदृढ़ किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रविंद्र मिश्रा की शानदार प्रस्तुति रही, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## शिल्पकारों का हुनर बनेगा विकसित भारत का आधार : बीएन सिंह

**सोनभद्र।** डीएम बीएन सिंह ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एमएसएमई विकास कार्यालय, वाराणसी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पंजीकृत पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों हेतु गुरुवार को आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का शुभारंभ रामलीला मैदान, रॉबर्ट्सगंज, जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर किया, श्री सिंह ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों की सराहना भी की, डीएम ने कहा कि शिल्पकारों के सर्वांगीण विकास तेजी लायी जाये, कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह और शिल्पकारों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना हमारे पारंपरिक हुनरमंदों को मुख्यधारा से जोड़ने का क्रांतिकारी कदम है उन्होंने कहा कि सदियों से हमारे समाज की अर्थव्यवस्था की धुरी रहे बढ़ई, लोहार, कुम्हार व मूर्तिकार जैसे शिल्पकारों को आज नए भारत में वह सम्मान मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं।

श्री सिंह ने कहा की पीएम विश्वकर्मा योजना का लक्ष्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि आपके कौशल को आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करना है विपणन सहायता उत्पादों की ब्रांडिंग और उन्हें ऑनलाइन ऑफलाइन बाजारों से जोड़ने में सरकार मदद कर रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देशन में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना प्रारम्भ की गयी है जिसमें युवाओं को 5 लाख रु. तक बिना ब्याज के ऋण सुविधा मिलती है डीएम ने जनपद वासियों से अपील की है कि ये 9 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में आकर पीएम विश्वकर्मा के कौशल को देखें और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सिद्ध करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले प्रत्येक इच्छुक कारीगर का पंजीकरण और मार्गदर्शन सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ जागृति अवस्थी, ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारीगरों को केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर मार्केटिंग, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे उनके उत्पादों की मांग एवं बाजार मूल्य में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में एमएसएमई विकास कार्यालय, वाराणसी के निदेशक श्री एल.बी.एस. यादव ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विभिन्न घटकों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण, टूलकिट, ऋण सुविधा के साथ-साथ बाजार से जोड़ने हेतु तकनीकी एवं विपणन सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।

## हमले के खिलाफ एसयूसीआई का विरोध प्रदर्शन




**जौनपुर।** साम्राज्यवादी अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर बर्बरहमला करने और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो एवं उनकी पत्नी का अपहरण कियेजाने के खिलाफ एसयूसीआई की जिला कमेटी की तरफ से गुरुवार को बदलापुर चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने सब्जी मण्डी स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूसनिकाल कर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी किया। पार्टी के जिला सचिव कॉमरेड अशोककुमार अमेरिका के बेहद घृणित सैन्यहमले की घोरनिंदा करते हुए कहा कि सम्बोधन में कहा कि यह हमला केवल वेनेजुएला पर ही नहीं, बल्कि पूरे लैटिन अमेरिका पर किया गया है। जिसका उद्देश्य वहां स्थित सभी देशों को बंदूक की नोक पर अधीन करना है। अमेरिका झूठा आरोप लगा कर वेनेजुएला पर हमला किया है जबकि उसकीमंशा तेल व खनिज पदार्थों को हथिया, अपनी पिट्ठू सरकार बनाना है। ट्रंप अपने आप को शांति का दूत कहते हैं। लेकिन ये दुनिया में अशांति फैला रहे हैं और दादागिरी कर रहे हैं। कॉमरेड प्रमोदकुमार शुक्ल,राजेंद्र प्रसाद तिवारी, दिलीप कुमार ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर इन्दुकुमार शुक्ल,राजबहादुर विश्कर्मा,दिनेश कान्त मौर्य रामप्यारे, विजय प्रकाश गुप्त,लालता प्रसाद मौर्य, मिथिलेश कुमार मौर्य,राकेश निषाद,संतोष कुमार,उमा शंकर, आदि मौजूद रहे।

## साली ने किया जीजा को जलाकर मारने का प्रयास

**जौनपुर।** नगर के सिपाह मोहल्ले में एक महिला ने अपने जीजा को आग लगाकर जान से मारने का प्रयास किया। इस दौरान उसने अपनी बहन को भी पीटकर बेहोश कर दिया। गंभीर रूप से झुलसे जीजा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित की पहचान बलिया निवासी 30 वर्षीय संदीप मिश्रा पुत्र संतोष मिश्रा के रूप में हुई है। उनकी पत्नी प्रतिमा चैहान मड़ियाहूं गांव की रहने वाली हैं। संदीप और प्रतिमा 1 जनवरी से सिपाह मोहल्ले में किराए के मकान में रह रहे थे। वे कोर्ट मैरिज के लिए जौनपुर आए थे। आरोपी साली का नाम निशा है। यह घटना गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे हुई। आरोप है कि निशा ने पहले अपनी बहन प्रतिमा को डंडे से पीटकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसने अपने जीजा संदीप पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी, जिससे वह बुरी तरह झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल संदीप मिश्रा को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हत्या के बाद पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार

**जौनपुर।** बुधवार को कजगांव टेढ़वा क्रासिंग के समीप कांतापुर मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय गुरूप्रसाद की माधोपट्टी गांव निवासी ओमकार सिंह द्वारा बांस और बल्ली के टुकड़े से मारपीट कर अधमरा कर दिया गया था। उसी दिन अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी थी। मौत के बाद एहतियातन पुलिस बल को कांतापुर गांव में तैनात कर दिया गया था। मृतक के बेटे किशन की तहरीर पर पुलिस ने घटना के बाद ही आरोपी ओमकार को गिरफ्तार कर लिया था। थाना प्रभारी श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि आरोपी ओमकार को घटना में प्रयुक्त बांस और बल्ली के टुकड़े के साथ चालान न्यायालय भेज दिया। साथ ही मृतक गुरूप्रसाद के पुत्र किशन और परिवार वालों को पोस्ट मार्डम के बाद अन्तिम दर्शन कराते हुए रामघाट पर पुलिस और परिवार की मौजूदगी अंतिम संस्कार किया गया।

## गंदा पानी पीने को मजबूर , शिकायत बेअसर

**जौनपुर।** नगर पालिका परिषद के रोजा अर्जन वार्ड स्थित गदन अर्जनी मल्हनी पड़ाव के लोग इन दिनों गंदा और दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। नलों से निकलने वाला पानी पीने योग्य तो दूर, रोजमर्रा के इस्तेमाल के लायक भी नहीं है। लोगों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार जलकल विभाग, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन और अधिशासी अभियंता से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। गंदे पानी के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर लोग खासे चिंतित हैं। मजबूरी में कई परिवार बाहर से पानी खरीदकर पीने को विवश हैं, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है।

## पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह से मिलकर अभिभूत दिखे भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष



**मीरजापुर।** कुर्मीगढ़ मीरजापुर के चुनार में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत में हुजुम उमड़ पड़ा था। चुनार विधायक अनुराग सिंह के आवास पर पहुंचे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का चुनार विधायक अनुराग सिंह के आवास पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जमकर फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री एवं पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रहे ओम प्रकाश सिंह से मुलाकात कर बीजेपी यूपी अध्यक्ष पंकज चौधरी ने की मुद्दों पर वार्ता की माना जा रहा है कि 2027 चुनाव से पहले यह मुलाकात काफी अहम है। चुनार विधायक ओमप्रकाश सिंह भाजपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं चुनार से 8 बार के विधायक, पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह के बेटे हैं। जिन्होंने लगातार चुनाव विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार जीत दर्ज कर अपनी एक अलग पहचान बनाई हुई है। चुनार विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह के आवास पर मुलाकात करने पहुंचे नवनियुक्त बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी का यह आगमन काफी अहम माना जा रहा है जिसे 2027 के चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है तो वहीं चुनार विधायक के कद से भी आंका जा रहा है। पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने चुनार के मंगरहा गांव स्थित अपने आवास पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया।

# जरूरतमंदों को दिये गये कंबल और कराया गया भोजन : भिखारी बाबा

- शिव शक्ति महिला मंडल ने नशा मुक्ति के प्रति महिलाओं को किया जागरूक



**सोनभद्र।** रामगढ़ कसारी शिव सरोवर पर स्थित भिखारी बाबा आश्रम पर बुधवार को जरूरतमंदों को कंबल दिया गया तथा उन्हें भोजन भी कराया गया। इसके अलावा शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा महिलाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी उर्फ जंगली बाबा उर्फ दीनबंधु उर्फ रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष ठंड से बचाव के लिए सामाजिक कार्य करने वाले लोगों से सहयोग लेकर आश्रम पर जरूरतमंद लोगों में कंबल का वितरण किया जाता है। इसी के परिप्रेक्ष्य में 7 जनवरी बुधवार को कंबल वितरण का आयोजन किया गया। हर जरूरतमंदों को कंबल दिया गया और उन्हें भोजन भी कराया गया। यह कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा।

भिखारी बाबा ने बताया कि शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा नशा मुक्ति के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया। कंबल उपलब्ध कराने में विशेष योगदान लैंको प्रबंधक एसके द्विवेदी, रामचंद्र गुप्ता, जय प्रकाश केशरी, मातूराम जैन, पवन अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अप्रेरण अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, जितेंद्र बहादुर सिंह राय साहब,सालिक राम साहू, समाजसेविका ज्योति केशरी, शिव शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष किरन मोदनवाल, चिंता मौर्या, विनीता गुप्ता, शशि उमर वैश्य, सुशीला पाठक का रहा। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 2 जनवरी को गायमाता धाम खोडैला में जिला प्रशासन और समाजसेवी लोगों की मदद से हजारों की संख्या में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कराया गया और विशाल भंडारा चलाकर लोगों को भोजन भी कराया गया था। जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात 20 सीआरपीएफ जवानों को भी कंबल दिया गया था और उन्हें भोजन कराया गया था। इसमें छात्र शक्ति के मालिक विधायक उमाशंकर सिंह के मैनेजर पंकज सिंह, बोरवेल के आनंद सिंह का विशेष योगदान रहा।

# दो क्लीनिक, दो नर्सिंग होम पर हुई कार्रवाई

**आजमगढ़।** जनपद में बिना पंजीकरण एवं बिना योग्य चिकित्सकों के संचालित नर्सिंग होम एवं निजी क्लीनिकों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में तथा सीएमओ डॉ. एन. आर. वर्मा के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ / नोडल अधिकारी (नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी) डॉ. आलेन्द कुमार के नेतृत्व में गठित स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा मार्टिनगंज एवं महाराजगंज विकासखंड में औचक निरीक्षण कर कुल चार चिकित्सा केंद्रों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। सीएमओ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों के क्रम में 7 जनवरी को मार्टिनगंज क्षेत्र में निरीक्षण कराया गया। ग्राम जिवली, थाना बरदह, तहसील मार्टिनगंज स्थित ओम गुरु अस्पताल का अपराह्न 4:30 बजे निरीक्षण किया गया, जहाँ चिकित्सालय बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाया गया तथा मौके पर कोई भी योग्य चिकित्सक उपस्थित नहीं था। निर्धारित मानकों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए उक्त क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। इसी क्रम में ग्राम राजपुर, थाना बरदह क्षेत्र में संचालित एक अन्य निजी क्लीनिक का अपराह्न 6:30 बजे निरीक्षण किया गया। जांच में यह केंद्र भी बिना पंजीकरण एवं बिना योग्य चिकित्सक के संचालित पाया गया, जिस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सीज कर दिया गया। वहीं, महाराजगंज विकासखंड के मुख्य बाजार में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान देवपालिक क्लीनिक नर्सिंग होम एवं शिवा नर्सिंग होम में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण के समय दोनों नर्सिंग होमों में कोई भी चिकित्सक उपस्थित नहीं था तथा दोनों केंद्र बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाए गए। जांच के दौरान शिवा नर्सिंग होम में 9 मरीज एवं देवपालिक क्लीनिक नर्सिंग होम में 08 मरीज भर्ती पाए गए। मरीजों की सुरक्षा एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए दोनों नर्सिंग होमों की ओटी (ऑपरेशन थिएटर) को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। साथ ही दोनों केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में नियमानुसार पूरे नर्सिंग होम को सीज किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा ने कहा स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनस्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## भाजपा नेता ने आत्मदाह की दी धमकी, मचा हड़कम्प

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हरिवंश मिश्रा द्वारा आत्मदाह की धमकी की सूचना मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर शहर कोतवाल सहित भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गयी। पूरा कलेक्ट्रेट छावनी में तब्दील हो गया। शहर कोतवाल भाजपा नेता हरिवंश मिश्रा को मनाने में लगे रहे। इस बावत हरिवंश मिश्रा ने बताया कि रानी की सराय थाना क्षेत्र के ग्राम क्यामपुर में स्थित एक भूमि का मामला है। जिलाधिकारी के आदेश पर तहसील प्रशासन द्वारा नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल एवं पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश की गई थी, जिसमें संबंधित भूमि चिन्हित की गई थी। इसके बावजूद आरोप है कि उक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कराया जा रहा है। पीड़ित हरिबंश मिश्रा ने आरोप लगाया है कि रानी की सराय थाना प्रभारी विपक्षी के प्रभाव में आकर कार्रवाई कर रहे हैं। उनका कहना है कि कई बार उनके भाई ईश्वर शरण मिश्रा को थाने ले जाकर अपमानित किया गया। 8 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जमीन पर कब्जा कराने का प्रयास किया गया। जब पीड़ित ने लेखपाल व कानूनगो की रिपोर्ट का हवाला दिया तो थाना प्रभारी द्वारा उसे मानने से इनकार कर दिया गया। पीड़ित का कहना है कि उप जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि मौके पर कोई कब्जा नहीं करेगा, इसके बावजूद कार्रवाई की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन विपक्षी के पक्ष में खड़ा है और उनके भाई को थाने में बैठा लिया गया है। हरिबंश मिश्रा ने कहा कि लगातार सुनवाई न होने और उत्पीड़न से वे मानसिक रूप से अत्यंत आहत हैं।

## कोहरा और गलन से ठिठुरता रहा जनमानस



**जौनपुर।** जिले में शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है। गुरुवार का दिन काफी ठंडा रहा। सुबह से कोहरा और गलन ने आमजनजीवन पूरी तरह से प्रभावित कर दिया। शहर के मुख्य मार्गों से लेकर गली मुहल्ले तक लोगों को अलाव के सहारे बैठा देखा गया। अलाव से दूर लोग हाथ मसलते और गलन से कांपते दिखे।सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ था और गलन से लोग ठिठुर रहे थे। कोहरा अधिक होने के चलते दृश्यता काफी कम थी। बताते हैं कि सुबह चार बजे से आठ बजे तक कोहरा काफी अधिक था। ठंडी हवाओं की वजह से ही सुबह चार बजे से लेकर आठ बजे तक आठ डिग्री सेल्सियस की रही। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे थे। शहर में दिन के समय नगर पालिका ने भले ही अलाव न जलवाया लेकिन लकड़ी गीली हाने से उसका फायदा नहीं मिल पा रहा है। लोग अपनी दुकानों और घरों के आगे लकड़ी जलाकर ताप रहे थे। हर किसी को यही कहते सुना गया कि आज बहुत ठंड है। तापमान गिरने के कारण गलन काफी बढ़ गई थी।इसके चलते लोग अपने दैनिक कामकाज टालते रहे। पूरे दिन बाजारों में बहुत अधिक भीड़ नहीं रही। शाम के समय कुछ रौनक दिखाई देने लगी। लेकिन पूरे बाजार में सर्दी का असर दिख रहा था। दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों में हीटर जलाए हुए थे। बाजार में सबसे अधिक भीड़ गर्म कपड़ों की दुकानों पर थी। बताया जा रहा है कि आने वाले दो दिनों में ठंड और बढ़ सकती हैं। पारा भी गिरने की संभावना बनी हुई है। चिकित्सक बताते है कि इस समय बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बताया कि बुजुर्गों में स्वांस और दिल की समस्या बढ़ जाती हैं। ऐसे में गर्म माहौल में रहें। अलाव के पास बैठे, गुनगुना पानी पीते रहे। बच्चों को ढककर रखें।

## 518 मतदेय स्थल की हुई वृद्धि, वेबसाइट पर अपलोड

**आजमगढ़।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण मतदेय स्थलों के सम्भाजन का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया गया था। उक्त मतदेय स्थलों का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग ने अपने पत्र 23 दिसम्बर 2025 के द्वारा कर दिया गया है। वर्तमान समय में जनपद के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में पूर्व में 3869 मतदेय स्थलों के सापेक्ष 518 मतदेय स्थल की वृद्धि हुई है। इस प्रकार जनपद में कुल 4387 मतदेय स्थल अवस्थित है। उक्त मतदेय स्थलों की सूची जन सामान्य के अवलोकन हेतु जनपद के वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी तथा तहसील मुख्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, आजमगढ़ में जन सामान्य के निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी।

## दहेज हत्या के दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** दहेज हत्या के दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे पति को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में बीते 15 दिसंबर को विवाहिता उर्मिला देवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी थी।इस मामले में विवाहिता के पिता हलिया क्षेत्र के पवांरी खुर्द गांव निवासी रामदत्त पाल ने पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब मुखबिर की सूचना पर एसआई त्रिलोचन प्रताप सिंह कांस्टेबल कुलदीप कुशवाहा ने आरोपित पति जोगेंदर पाल को क्षेत्र के महुगढ़ी हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि दहेज हत्या के दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे बंजारी कलां गांव निवासी आरोपी पति जोगेंदर पाल कोगिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## बेटियां समाज की होती हैं धरोहर : प्रियंका

**आजमगढ़।** कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका मौर्या सदस्य राज्य महिला आयोग उप्रका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कन्या शिशुओं के संरक्षण, सम्मान व सशक्तीकरण का संदेश जन-जन तक पहुँचाना रहा।डॉ. प्रियंका मौर्या ने कहा कि बेटियाँ समाज की धरोहर हैं और उनके जन्म पर उत्सव मनाना एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं महिला आयोग बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय परिवार द्वारा संचालित न्यूनेटल ट्रांसपोर्ट इन्क्यूबेटर सेवा की भी जानकारी दी गयी।

# राशन कार्ड धारकों का आधार सीडिंग जल्द करायें

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सतर्कता समिति की बैठक की गयी आयोजित



**आजमगढ़।** डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गयी। डीएम ने समस्त आपूर्ति निरीक्षकों को निर्देश दिया कि खाद्यान्न वितरण हेतु समस्त राशन कार्ड धारकों का आधार सीडिंग का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करायें। उन्होने कहा कि अगले माह तक सभी ब्लाकों में प्राक्सी खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत कम कराना सुनिश्चित करें। ब्लाक ठेकमा, मार्टीनगंज एवं बिलरियागंज में केवाईसी पेंडिंग ज्यादा होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आवश्यक कार्यवाही करते हुए तत्काल ई केवाईसी का 95 प्रतिशत से अधिक कराना सुनिश्चित करें।

डीएम ने निर्देश दिया कि जीरो पावर्टी अभियान के अन्तर्गत उज्ज्वला योजना के लंबित लाभार्थियों का शत प्रतिशत सत्यापन संबंधित गैस एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित करायें। समस्त आपूर्ति निरीक्षकों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों के गैस एजेंसी को लिखित नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया जाए कि निर्धारित अवधि में शत प्रतिशत लाभार्थियों का सत्यापन कार्य पूर्ण करायें। यह भी निर्देश दिए गए कि निर्धारित अवधि तक सत्यापन का कार्य पूर्ण नही किया जाता है तो संबंधित गैस एजेंसी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए। मॉडल शाप भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी/समस्त पूर्ति निरीक्षको को निर्देश दिया कि संबंधित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 के समस्त अन्नपूर्णा भवन का निर्माण अधिकतम एक पक्ष में पूर्ण करायें तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में चिह्नित भूमि पर अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण तत्काल प्रारंभ करते हुए यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित कराए... उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि रोस्टरवार आपूर्ति निरीक्षकों को तहसील पर बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्यान्न उपलब्ध कराने में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमन्त सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार सहित समस्त आपूर्ति निरीक्षक एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

संक्षेप

## 45 वर्षीय व्यक्ति लापता, थाने में गुमशुदगी दर्ज

हरगांव (सीतापुर)। थाना हरगांव क्षेत्र के ग्राम बांकीपुर मजरा ददवारा से एक मानसिक दिव्यांग व्यक्ति अचानक लापता हो गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बांकीपुर निवासी अनिल कुमार उर्फ आलोक 45 वर्ष पुत्र चन्द्रिका प्रसाद 30 दिसंबर 2025 को रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गये लेकिन रात्रि में वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा रिश्तेदारियों तथा अन्य संभावित जगह काफी तलाशा गया। इसके बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लग सका। इस संबंध में परिजनों की सूचना पर थाना हरगांव में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। परिजनों ने आशंका जताई है कि वह किसी अज्ञात कारणवश कहीं चले गए हैं। थाना प्रभारी हरगांव बलवंतदी राई है तथा संभावित तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रयास किया जा रहा है। थाना ही आमजन से भी अपील की यदि किसी को उक्त व्यक्ति के जानकारी मिले तो थाना हरगांव अथवा नजदीकी पुलिस चैकी को सूचना दें।

# हस्तशिल्प प्रदर्शनी से आर्थिक सशक्तिकरण और मिलेगी पहचानः किरन जायसवाल



**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित बिरला धर्मशाला परिसर में नेशनल हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत दस दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं बिक्री केंद्र का शुभारंभ नगरपालिका परिषद कुशीनगर अध्यक्ष श्रीमती किरन जायसवाल ने फीता काटकर किया।

गुरुवार को कुशीनगर क्रोशिया हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती जायसवाल ने क्रोचेट, इम्ब्राइडरी, टेराकोटा, ज्वेलरी, मूंज क्राफ्ट आदि की चर्चा करते हुए कहा कि एक समय में उत्सवों में इन समानों की भारी मांग थी। आधुनिकता की चकाचौंध में ये सब चीजें विलुप्त होती चली गई। इसके संरक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्प उत्पादकों को एक मंच प्रदान करेगी, जिससे वे अपनी कला को पहचान दिला सकें और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। सरकार द्वारा दिए जा रहे इस प्रकार के मंच से कारीगरों को बहुत लाभ मिलेगा। मुख्य अतिथि श्रीमती जायसवाल, प्रमुख समाजसेवी पं.अजय शुक्ला, शमसुल, छोटू नागमणि, विपीन शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, ग्राम प्रधान शमशुल हक, नागमणि त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, दिनेश तिवारी भोजपुरिया के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। निदेशक देश दीपक दूबे ने अतिथियों को बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया व सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें बाजार उपलब्ध कराना है। इस प्रदर्शनी में आम जनमानस के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग हस्तशिल्प कला से परिचित हो सकें और कारीगरों को प्रोत्साहन मिले। अपील की कि वे प्रदर्शनी में पहुंचकर हस्तशिल्प कारीगरों का उत्साहवर्धन करें और स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं। प्रदर्शनी में हैंगिंग, झूमर, बेड सीट, टैडी वियर, सूट, ब्रग, गेट, क्रोशिया ज्वेलरी, पर्दा, क्रोशिया डाल, क्रोशिया थाल पोश व जुट क्राफ्ट इत्यादि हस्त शिल्प के 20 स्टाल लगाए गए हैं। प्रदर्शनी 8 जनवरी से प्रारंभ होकर 17 जनवरी तक चलेगी। इस दौरान विपिन शुक्ला, इब्राहिम, सुरेश, प्रह्लाद, सुनीता मौर्या, बबीता, पूनम, अंतिमा भारती, अर्चना, फूलमती उपस्थित रहे।

## महिला बंदियों को वितरित किये गये वस्त्र

सीतापुर। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा माँ ललिता देवी मन्दिर नैमिषारण्य की प्रबन्ध समिति व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के सहयोग से जिला कारागार सीतापुर में महिला बन्दियों के वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना द्वारा वहाँ पर उपस्थित समस्त महिला बन्दियों को वस्त्र वितरित किये तथा महिला बन्दियों के साथ निवास कर रहे बच्चों को गर्म कपडे भी वितरित किये गये। माँ ललिता देवी मन्दिर नैमिषारण्य के मुख्य पुजारी, गोपाल शास्त्री व लाल बिहारी आदि मौजूद रहे। इसी दौरान जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम के समय अपर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नाथ त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक, राजेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## बेड एंड ब्रेकफास्ट व होम स्टे नीति 2025 पर बैठक आयोजित



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति2025 के अंतर्गत बैठक/कार्यक्रम आयोजित की गई। बैठक में होटल, उद्योग एवं व्यापार से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति2025 का व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से कराया जाए। साथ ही पंजीकरण संबंधी सूचना जनपद की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जो लोग अपने आवास के कुछ हिस्से पर्यटकों को किराये पर देना चाहते हैं, उनके लिए यह नीति एक बेहतर अवसर है। इससे अतिरिक्त आय के साथ-साथ सरकार द्वारा प्रशिक्षण, रियायतें एवं प्रचार-प्रसार की सुविधा भी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि शहरी होम स्टे के अंतर्गत ऐसे आवासीय भवन, जिनमें भू-स्वामी स्वयं निवास करता हो और उसके पास अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध हों, पंजीकरण के लिए पात्र होंगे। ऐसे भवनों में अधिकतम छह कक्ष अथवा 12 शैय्या तक की व्यवस्था की जा सकती है बेड एंड ब्रेकफास्ट श्रेणी में वे आवासीय भवन शामिल होंगे, जिनमें भू-स्वामी स्वयं निवास नहीं करता हो तथा 1 से 6 कक्ष पर्यटकों के लिए उपलब्ध हों। इस श्रेणी में एक केयरटेकर रखना अनिवार्य होगा, जो इकाई के संचालन एवं रख-रखाव का कार्य करेगा ग्रामीण होम स्टे के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के वे आवासीय भवन आएंगे, जिनमें भू-स्वामी स्वयं निवास करता हो और उसके पास अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध हों। इसमें भी अधिकतम छह कक्ष अथवा 12 शैय्या की अनुमति होगी। पंजीकरण की शर्तों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि केवल भवन का वैध स्वामी ही आवेदन कर सकेगा। किराये अथवा लीज पर लिए गए भवन इस नीति के अंतर्गत पंजीकरण के लिए अनुमन्य नहीं होंगे। एक भवन परिसर के लिए केवल एक ही पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा, भले ही भवन बहुमंजिला हो। न्यूनतम एक तथा अधिकतम छह कक्ष अथवा 12 बेड ही किराये पर दिए जा सकेंगे। भवन में उपलब्ध कुल कमरों के अधिकतम दो-तिहाई भाग को ही किराये पर दिया जा सकेगा। इच्छुक आवेदक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# हल्दी पैकिंग के ब्राण्ड हुआ शुभारंभ



**देवरिया।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन (टक्ळ) योजना के तहत जनपद देवरिया के विकास खण्ड भाटपार रानी के ग्राम मिश्रौली तथा विकास खण्ड बनकटा के ग्राम पंचायत खामपार एवं बंगरा बाजार में हल्दी की खेती करने वाले किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई। कृषकों की मांग के दृष्टिगत जमुना सिंह फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से हल्दी की प्रोसेसिंग एवं पैकिंग कर विक्रय की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में हल्दी पैकिंग के ब्राण्ड ह्लदेव हेल्थी हल्दी पाउडरह्व का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह द्वारा कृषकों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने हल्दी की खेती से जुड़ी विभिन्न जानकारियाँ कृषकों से प्राप्त कीं तथा इसके विपणन की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

एफपीओ के सीईओ श्री अनुज कुमार सिंह ने बताया कि कृषकों द्वारा उत्पादित देशी हल्दी की सुगन्ध एवं गुणवत्ता उत्कृष्ट है, जिसकी मांग बिहार की नजदीकी मंडियों सहित देवरिया के स्थानीय बाजारों में बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि ब्राण्ड स्थापित होने के बाद हल्दी के व्यापक प्रचार-प्रसार की योजना है, जिससे स्थानीय किसानों से अधिक क्षेत्रफल में हल्दी की खेती कराई जाएगी और उन्हें उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने ब्राण्ड नेम के पंजीकरण, एफएसएसएआई एवं एगमार्क से संबंधित आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु जिला कृषि अधिकारी एवं जिला उद्यान अधिकारी को एफपीओ को सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए।

हल्दी ब्राण्ड के शुभारम्भ अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, परियोजना निदेशक सहित हल्दी उत्पादक किसान श्री अनुज सिंह पुत्र जगत नारायण सिंह (ग्राम-खामपार), रामप्रवेश पुत्र भोलादास, जितेन्द्र पुत्र शिवनाथ, चन्दन पुत्र मुद्रिका (निवासी ग्राम-मिश्रौली, विकास खण्ड भाटपार रानी) तथा सत्यप्रकाश पुत्र शिवबरन उपस्थित रहे।

# ग्रामीण परिवारों के विकास का ऐतिहासिक कदम



**देवरिया।** केन्द्रीय राज्य मंत्री/सांसद, लोकसभा क्षेत्र बांसगांव श्री कमलेश पासवान ने हाल ही बने बीबी जी राम जी कानून को ग्रामीण परिवारों के विकास के लिये एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसकी विस्तार से जानकारी यहां एक पत्रकार वार्ता में दिया ।विकास भवन स्थित गांधी सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों को संबोधित किया गया।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला अध्यक्ष (भा.ज.पा.) श्री भूपेन्द्र सिंह, माननीय जिला उपाध्यक्ष (भा.ज.पा.) तथा वीबी-जी राम जी अभियान के जिला संयोजक श्री राजेश कुमार मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में ह्लविकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)ह्व (वीबी-जी राम जी) के प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। माननीय मंत्री जी द्वारा मनरेगा से वीबी-जी राम जी में परिवर्तन के कारणों एवं इसके उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया। तत्पश्चात माननीय सांसद जी द्वारा पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया।सासद द्वारा हाल ही में पारित किया गया ह्लविकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण): वीबी-जी राम जी (विकसित भारत-जी राम जी) अधिनियमह्व देश के ग्रामीण परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है।इससे रोजगार दिवसों में वृद्धिइस नए अधिनियम में रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जो कि मेहनतकश ग्रामीण समाज के लिए एक बड़ा परिवर्तन है।अधिनियम की प्रमुख विशेषताए बताते हुए मंत्री ने कहा किबेरोजगारी भत्ता का अधिकारपूर्ववर्ती अधिनियम, अर्थात महात्मा गांधी नरेगा में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करना लगभग असंभव था, क्योंकि उसमें अनेक शर्तें थीं। किंतु विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम में ये सभी प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए हैं। अब यदि कार्य मांगने पर रोजगार उपलब्ध नहीं होता है, तो बेरोजगारी भत्ता स्वतः देय होगा। इससे रोजगार का अधिकार वास्तविक रूप से एक कानूनी अधिकार बन गया है।समय पर मजदूरी भुगतानमजदूरी भुगतान में विलंब की शिकायतें पहले आती रहती थीं। अब यदि मजदूरी भुगतान में देरी होती है, तो प्रत्येक विलंबित दिवस का मुआवजा मजदूरी के साथ प्रदान किया जाएगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और श्रमिकों को उनका पूरा अधिकार प्राप्त होगा।ग्राम स्तर पर योजना निर्माण की स्वतंत्रताअब कार्यों की योजना ग्राम सभा में ही तय की जाएगी।

## हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आज

**देवरिया,** ।विश्व भर में सनातन समाज के प्रति हो रहे अत्याचार और बर्बरता के प्रति जनजागरण के लिए आज सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया खास के प्रांगण में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें संघ परिवार और विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के साथ सभी सनातन समाज के लोगों का जुटान हो रहा है।इसके लिए संबंधित संगठनों ने पुरी तैयारी की है। आगंतुकों के लिए सारी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।यह जानकारी सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने प्रेस वार्ता में दी।

## नवागत एडीएम प्रशासन प्रेम नारायण सिंह ने संभाली कमान, जनसुनवाई और पारदर्शिता पर रहेगा जोर



**देवरिया।** जनपद में नवागत अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के रूप में प्रेम नारायण सिंह ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक समय से पहुँचना और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी श्री सिंह इससे पूर्व अयोध्या तीर्थ विकास परिषद में संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी (खड्ढल्ल३ उएड) के पद पर तैनात रहे हैं। अयोध्या के तीर्थ विकास अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण एवं शासन की महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है। उनके इस अनुभव का लाभ अब देवरिया जनपद को मिलने की उम्मीद है।कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कार्यालयीन कार्यों की समीक्षा करते हुए नवागत एडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व एवं प्रशासनिक मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान केवल फाइलों तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखाई देना चाहिए। तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर अनावश्यक विलंब करने वाले कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।श्री सिंह ने कहा कि प्रशासन को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व मामलों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए तथा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ कर जनपद के विकास को नई दिशा दी जाएगी।

# जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित स्वच्छता अभियानों, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। कूड़ा निस्तारण, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, रखरखाव तथा उनकी नियमित निगरानी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा जनआंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अनिवार्य है।

जिलाधिकारी ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं सामुदायिक स्थलों पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे टीम भावना के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत को ह्लआदर्श स्वच्छ ग्रामह्व के रूप में विकसित करने हेतु निरंतर प्रयास करें। बैठक में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण एवं सत्यापन, सामुदायिक शौचालयों की प्रगति, रेट्रोफिटिंग कार्य, न्यूनतम व्यय करने वाली 10 ग्राम पंचायतों की समीक्षा, ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी के कार्य, जन योजना अभियान सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सचिवों एवं ग्राम प्रधानों से प्रगति के संबंध में पूछताछ कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति, दिव्यांगता समिति तथा अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विकास खण्ड विशुनपुरा अंतर्गत सिंघा पट्टी में खेल मैदान, कॉम्प्लेक्स निर्माण तथा मेले के दौरान भीड़ को देखते हुए शौचालय निर्माण जैसे कार्यों को क्षेत्र पंचायत की योजनाओं में शामिल कर उन्हें शीघ्र मूर्त रूप देने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि बांसी एवं हिरण्यवती नदी के लिए 10-10 लाख रुपये की व्यवस्था उनके स्तर से किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मुसहर समाज के लिए 100 आवासों की कॉलोनी निर्माण के संबंध में खण्ड विकास अधिकारी, पडरौना से विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि लगभग एक हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर उसका ले-आउट तैयार कराया जाए। प्रस्तावित कॉलोनी में सड़क, पार्क, विद्युत कनेक्टिविटी सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा प्रत्येक आवास के पीछे खाली स्थान रखा जाएगा, ताकि सहभागिता योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार एक गाय रख सके। बैठक में पंचायत सहायकों के लंबित मानदेय भुगतान पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि 22 जनवरी तक किसी भी विकास खण्ड में पंचायत सहायकों का भुगतान लंबित पाया गया, तो संबंधित खण्ड विकास अधिकारी का वेतन रोक दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, परियोजना निदेशक पियूष, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, उप कृषि निदेशक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर में जाम की समस्या और अतिक्रमण को लेकर दिया पत्रक

भटनी (देवरिया)। नगर में जाम की गंभीर समस्या के निस्तारण एवं रामलीला मैदान में हो रहे अतिक्रमण को रोकने को लेकर स्वर्ण शक्ति सोसाइटी के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता को पत्रक दिया। पत्रक में बताया गया है कि आदर्श नगर पंचायत भटनी बाजार में वर्तमान समय में यातायात व्यवस्था अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक स्थिति में पहुँच चुकी है। 115 नंबर रेलवे क्रॉसिंग पर भटनी वाईपास रोड पर बन रहे ऊपरगामी पुल के निर्माण कार्य के कारण नगर के भीतर से होकर अधिक संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन हो रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप भटनी बाजार के मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन भारी जाम की स्थिति बनी रहती है। इस जाम के कारण आम जनमानस का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि यदि बाजार क्षेत्र में किसी व्यक्ति को आपातकालीन स्थिति में कहीं निकलना हो अथवा किसी मरीज को तत्काल अस्पताल ले जाना पड़े, तो जाम के कारण उसका निकल पाना अत्यंत कठिन और असंभव हो जाता है। ऐसी परिस्थिति में एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों के फँस जाने की पूरी संभावना बनी रहती है, जो भविष्य में किसी गंभीर और अप्रिय घटना का कारण बन सकती है। उक्त जाम की समस्या का एक प्रमुख कारण मुख्य सड़कों पर फैला हुआ अतिक्रमण भी है। यदि सड़कों के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए, तो यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार संभव है। इसी के साथ यह भी अवगत कराना आवश्यक है कि नगर के सांस्कृतिक, सामाजिक ऐतिहासिक महत्व के रामलीला मैदान में भी लगाता अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। रामलीला मैदान में हो रहे अतिक्रमण को तत्काल रोका जाए तथा मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। यदि उपर्युक्त विषयों पर एक सप्ताह के भीतर प्रभावी कार्यवाही नहीं की जाती है, तो हम सभी लोग नगर पंचायत कार्यालय का घेराव एवं आवश्यक कदम उठाने के लिए विवश होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी नगर प्रशासन की होगी।

## ढाढ़ा चीनी मिल ने किया 103.83 लाख गन्ना मूल्य भुगतान किया: अधिशासी अध्यक्ष

कुशीनगर। ढाढ़ा चीनी मिल गेट क्षेत्र में बसंतकालीन गन्ना बुवाई का क्षेत्रफल बढ़ाने तथा चीनी मिल द्वारा गन्ना विकास के लिए ₹क्रान्तिकारी कदम उठाया है। चीनी मिल 27 दिसंबर तक 103 करोड़ 83 लाख रुपया गन्ना मूल्य भुगतान किसानो के खातों में भेज दिया है। यह जानकारी अधिशाषी अध्यक्ष श्री आर. के. गुप्ता ने चीनी मिल में किसानो को दीउन्होंने बताया कि हाटा गन्ना समिति के किसानो को 20 करोड़ 25 लाख, कसया गन्ना समिति के किसानों को 5 करोड़ 75 लाख तथा सर्वाधिक भुगतान पडरौना गन्ना समिति के कृषकों को 31 करोड़ 29 लाख, कुल 12 गन्ना समिति के कृषकों को 103 करोड़ 43 लाख रुपया गन्ना मूल्य भुगतान खाते में भेज दिया गया है। आप सभी से अपील है कि अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई करें। चीनी मिल कृषकों को जैविक खाद, ट्राइकोडर्मा, कीटनाशक, कृषि यंत्र अनुदान पर दे रही है। विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जायेगा। किसान अनिल यादव, ओम प्रकाश राय, रामचंदर यादव, ग्राम-धरमौली के कमला प्रधान आदि ने पूछा जिन कृषको के पास बुवाई के लिए बीज गन्ना नही है तथा वे गन्ना बोना चाहते हैं, उनको चीनी मिल क्या सुविधा देगी। अधिशासी अध्यक्ष आर के गुप्ता ने मुस्कुराते हुए बताया कि उस किसान को 10 कुन्तल बीज गन्ना 50 प्रतिशत अनुदान पर चीनी मिल दे रही है। हाटा गन्ना समिति के कृषको को सर्वाधिक लाभ मिलना चाहिए क्योंकि यहाँ चीनी मिल लगी है। गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाना, क्षेत्र व किसान के सर्वांगीण विकास का रास्ता खोलेगा। छोटा ट्रैक्टर किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगा। इस अवसर पर गन्ना प्रशिक्षण संस्थान पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक व गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई का उचित समय खिचड़ी से होली तक है। गन्ने की दो पंक्ति के बीच खाली स्थान में अपनी सुविधा अनुसार प्याज, भिंडी, लोबिया, लौकी, कोहड़ा, उर्द, मूंग, मिर्च 15 जनवरी से बुवाई करें। गन्ने की पत्तियां न जलायें। 120 सेमी की दूरी पर गन्ने की बुवाई करें, आय बढ़ेगी। गन्ना और प्याज किसानों की तस्वीर बदल देगी। उपाध्यक्ष 'गन्ना' रविन्द्र सिहं ने बताया गन्ने की खेती में लागत को कम करने, मजदूरो की समस्या दूर करने के लिए 20 से 30% अनुदान दे रहे हैं। जो किसान अपना गन्ना 15 मार्च तक बुवाई के लिए चीनी मिल के माध्यम से रखेगा उसको 50 रुपया कुन्तल तथा 15 मार्च के बाद 75 रुपया कुन्तल अनुदान देगी। चीनी मिल में गन्ना बेचने में कोई समस्या हो तो गन्ना विकास कार्यालय चीनी मिल में हमसे मिले। नियमानुसार तत्काल समस्या दूर होगी। सहायक उपाध्यक्ष श्री मनोज विश्नोई ने कहा बीज गन्ना आरक्षित किया जा रहा है।

## सैनिक अभिनंदन समारोह में शहीदों व सेवानिवृत्त सैनिकों का होगा सम्मान

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** सेना दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैनिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह 15 जनवरी 2026 को बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के सहयोग से संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद सैनिकों तथा वर्ष 2025 में राष्ट्र सेवा से सेवानिवृत्त हुए सैनिकों के प्रति समाज की कृतज्ञता व्यक्त करना है।शहीद सैनिकों में शौर्य पुरस्कार से सम्मानित रुद्र नारायण दुबे, ब्रज नारायण सिंह, मेघनाथ महतो, बलिराम पांडेय, श्याम शरण पांडेय, अमित (अमिय) कुमार त्रिपाठी, एस. के. पाठक, अतुल कुमार शाही, श्रीधर मिश्र तथा चंद्रभान चौरसिया शामिल हैं।

वहीं सेवानिवृत्त सैनिकों में राम प्रताप सिंह, अर्जुन प्रजापति, धनेश यादव, बृज नारायण प्रसाद, विजय राज यादव, जय प्रकाश जायसवाल, हरेराम कुमार साहनी, अरुण विश्वकर्मा, कमलेश मिश्र, मेसराम हरिलाल भोलानाथ, रामेश्वर विश्वकर्मा, बादशाह प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, अनिरुद्ध नारायण दुबे, नरसिंह कुमार यादव, सुबोध पांडेय, नागेंद्र प्रसाद, भगवान दास प्रजापति, राम वृक्ष गुप्ता, चंद्रवंशी दीपक कुमार, राजू मौर्य, चंद्र प्रकाश मिश्र, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र मिश्र, कौशलेंद्र शरण मिश्र, मेवालाल यादव, जितेंद्र कुमार सिंह, अमर कुमार, अरुण कुमार पांडेय, मनोज कुमार मिश्र, अजीत कुमार शुक्ल, अजय कुमार पांडेय, गिरिजेश सिंह, दिनेश प्रसाद, प्रमोद कुमार यादव, जितेंद्र सिंह, ब्यास कुशवाहा, सुनील सिंह, नंदलाल, श्रीप्रकाश मिश्र, मोहम्मद रियाजुद्दीन सिद्दीकी, विमल प्रसाद, सौरभ शुक्ल, अजय सिंह, उमेश विश्वकर्मा, रमेश कुमार, नर्वदेश्वर प्रताप सिंह, सुमन प्रसाद, रियाज मुहम्मद अंसारी, जनार्दन निषाद तथा सुरेश सिंह शामिल हैं। उक्त जानकारी संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने दी।

# महिला सम्मान के दावों पर सवाल, दिव्यांग अल्पना चार दिन से भूखी, प्रशासन बेखबर

**कुशीनगर।** महिला सम्मान, सुरक्षा और संवेदनशील शासन के खोखले दावों पर कुशीनगर जनपद के रामकोला थानान्तर्गत सिंगहा गांव की दिव्यांग महिला अल्पना तिवारी एक ऐसा जीता-जागता सवाल बन गई है, जिसका जवाब सत्ता के किसी भी पास नहीं है। दिव्यांग अल्पना तिवारी चलफिर नही सकती है वह कदम कदम पर सहारे की मोहताज है जो पिछले चार दिनों से खुले आसमान के नीचे भूखी-प्यासी अनशन पर बैठी है। यह कोई आंदोलन नहीं, बल्कि व्यवस्था के पत्थरदिल चेहरे पर मारी गई करुणा की सबसे तीखी चोट है जो

- संवेदनहीन प्रशासन का चेहरा बेनकाब: न्याय के लिए अनशन से जूझ रही दिव्यांग महिला
- इच्छामृत्यु की गुहार भी बेअसर: दबंगों के आगे बेबस दिव्यांग महिला

बतादे कि दबंगों की दबंगई ने दिव्यांग अल्पना की जीवन तबाह कर दिया है। उसने न्याय के लिए थाने से कलेक्ट्रेट तक, अफसरों से जनप्रतिनिधियों तक, मुख्यमंत्री से लेकर देश के राष्ट्रपति तक दरवाजा खटखटाया लेकिन हर जगह उसे सिर्फ खामोशी, टालमटोल और बेरुखी मिली। जब इंसाफ की उम्मीदें दम तोड़ने लगीं, तो उस दिव्यांग महिला ने जीने के अधिकार से ही हाथ खींच लेने का फैसला कर लिया और राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की गुहार लगा दी। यह उसकी कमजोरी कहे या फिर उसकी पीड़ा जहां उसकी ज़िंदगी खुद बोझ बन गयी है। शर्मनाक पहलू यह इच्छामृत्यु की अर्जी भी प्रशासन की कुंभकर्णी निद्रा को नहीं तोड़ सकी। न कोई जिम्मेदार उसकी पीडा सुनने उसके पास पहुंचा, न कोई संवेदना का ढाढस बढाया। चार दिनों से खुले आसमान के नीचे अनशन पर बैठी अल्पना का सूखता गला, कांपता शरीर



और बुझती आंखें पूछ रही हैं क्या दिव्यांग होना इस सिस्टम में सबसे बड़ा अपराध है? कहना ना होगा कि अल्पना तिवारी अपने जीवन को दांव पर लगाकर सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि हर उस बेबस महिला के लिए लड़ रही है, जिसे दबंग कुचल देते हैं और सिस्टम अनदेखा कर देता है। अगर समय रहते उसकी सुनवाई नहीं हुई और अनशन के दौरान उसकी जान को कुछ हुआ, तो यह सिर्फ एक हादसा नहीं होगा यह प्रशासनिक संवेदनहीनता से किया गया संगठित अन्याय माना जाएगा। अभी भी समय है। अल्पना तिवारी की करुण पुकार अनसुनी होती रही, तो यह साफ हो जाएगा कि महिला सम्मान सिर्फ मंचों की तालियों तक सीमित है, और जमीनी सच्चाई में इंसानियत को भूखा मरने के लिए छोड़ दिया गया है।

## नेत्र परीक्षण के लिए गांव-गांव लगेंगे शिविर

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के पांच ब्लाकों के गांव में के जनवरी माह भर नेत्र शिविर आयोजन किया जाएगा। गांव-गांव शिविर लगाकर बुजुर्गों, बच्चों सहित अन्य की नेत्र रोग के निदान के लिए नेत्र स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविर में नेत्र परीक्षण कर मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित किया जाएगा सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में नेत्र परीक्षण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिले के रु भागलपुर, पथरदेवा और भलुअनी ब्लॉक के चयनित 36 गाँवों में नेत्र शिविर लगाए जाएंगे।

संक्षेप

## महिला बंदियों को वितरित किये गये वस्त्र

सीतापुर। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा माँ ललिता देवी मन्दिर नैमिषारण्य की प्रबन्ध समिति व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के सहयोग से जिला कारागार सीतापुर में महिला बन्दियों के वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना द्वारा वहाँ पर उपस्थित समस्त महिला बन्दियों को वस्त्र वितरित किये तथा महिला बन्दियों के साथ निवास कर रहे बच्चों को गर्म कपड़े भी वितरित किये गये। माँ ललिता देवी मन्दिर नैमिषारण्य के मुख्य पुजारी, गोपाल शास्त्री व लाल बिहारी आदि मौजूद रहे। विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया।

उक्त कार्यक्रम के समय अपर जिला जज, प्रथम ज्ञान प्रकाश द्वितीय, अपर जिला जज स्पेशल पाक्सो कोर्ट संख्या-14 भगीरथ वर्मा, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-9 शैलेन्द्र कुमार वर्मा तथा अपर जिला जज सचिव आदि उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेउता का किया औचक निरीक्षण



सेउता (सीतापुर)। गुरूवार की सुबह लगभग 11 बजे डाक्टर सीएमओ डा0 सुरेश कुमार ने सेउता के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने मांग की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव कराये जाने की व्यवस्था की जाये। इस पर सीएमओ डाक्टर सुरेश कुमार ने तत्काल फोन कर सम्बन्धित से बात कर एक हफ्ते के अंदर स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव केंद्र संचालित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि एक सप्ताह बाद मैं स्वयं देखने आऊंगा। उधर दवाओं का स्टाक मेंटेन न होने पर तैनात फार्मासिस्ट जितेन्द्र मिश्र का पांच दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। लैब असिस्टेंट के अनुपस्थित होने की दशा में रजिस्टर पर गैर हाजिर कर गये। साथ ही मातहतों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के निर्देश दिये। सीएमओ के आकस्मिक निरीक्षण से ग्रामीण यह कयास लगा रहे हैं कि किसी दिन भी जिलाधिकारी का आगमन सेउता हो सकता है। जिलाधिकारी के आगमन से अस्पताल में जो अव्यवस्थायें हैं उनमें सुधार हो और लम्बे समय से स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर की तैनाती नहीं है। अब डाक्टर के तैनाती होने के आस भी जगी है।

### फार्मासिस्ट के सहारे अस्पताल की बागडोर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेउता में लम्बे समय से किसी डाक्टर की तैनाती नहीं है। अस्पताल फार्मासिष्ट के सहारे संचालित हो रहा है और एक लैब असिस्टेंट की तैनाती है। शेष स्टाफ में कोई नहीं है। मरीज या तो यहां से नौ किलोमीटर दूर रेउसा सीएचसी जाते हैं या फिर स्थानीय प्राइवेट डाक्टरों से इलाज कराने पर मजबूर हैं। प्रसव होने की यहां पर कोई सुविधा नहीं है। यहां से प्रसूता को रेउसा स्वास्थ्य केंद्र या फिर स्थानीय स्तर पर प्राइवेट अस्पताल में प्रसव कराये जाते हैं। जिससे जच्चा और बच्चा दोनों को खतरा बना रहता है।

# पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान पकड़े भैंस चोर




सेउता (सीतापुर)। पुलिस को गश्त और चेकिंग के दौरान भैंसों को पकड़ कर डाले में लादकर बाहर कहीं बेंचने जा रहे थे उसकी दौरान पुलिस ने पकड़ लिया। रेउसा पुलिस ने पकड़े गये चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के अनुसार शर्द रातों में जब लोग चैन की नींद ले रहे होते हैं उस समय चोर चोरी की नियत में रहते हैं कि कही चोरी की घटना को अंजाम दिया जाये। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष रेउसा हनुमंत लाल तिवारी के निर्देश पर बुधवार को रात्रि गश्त कर चेकिंग अभियान चलाया गया। रेउसा थाना मुख्यालय से सुदूर इलाके में भैंस चोरी की आशंका के चलते पुलिस ने मारूबेहड़ तिराहे पर बैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग पर थे कि उसी वक्त बहराइच की तरफ से आ रहे छोटा हाथी संख्या यूपी34-सीटी 1557 को रोका गया। चेकिंग के दौरान वाहन में 3 भैंस व एक पड़वा मिला। वाहन सवार तीन लोगों से पूछताछ की तो पुलिस को संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाये। पुलिस को तीनो लोगों पर शक हुआ तो कड़ाई से पूछताछ की। चोरों ने भैंस चोरी की बात कबूलते हुए पुलिस को बताया कि तीनों पशु ग्राम बंजारन पुरवा थाना हरदत्तनगर गिरन्ट जिला श्रावस्ती से दो दिन पूर्व चोरी कर लाया था। सम्बन्धित चोरी के बाबत पुलिस के पता लगाने पर पता चला कि चोरी की घटना की रिपोर्ट पहले से दर्ज है। चोरों के पास 8 हजार रुपये की नकदी भी बरामद हुई। भैंस चोरी के तीनों अभियुक्तों महमूद खान पुत्र मकबूल खान ग्राम गोदनी बसाही थाना रिखिया बहराइच, अमन बंजारा पुत्र खान बंजारा ग्राम बोझवा थाना हरियावा हरदोई, मो0 आरिफ पुत्र सलमान ग्राम मानपुर थाना दरगाह शरीफ बहराइच के खिलाफ बिधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

## जिला अस्पताल में अवैध पार्किंग में फंसी एंबुलेंस



उन्नाव। अस्पताल परिसर गेट तक नो पार्किंग हवा-हवाई साबित हो रही है। अस्पताल परिसर में नो पार्किंग में वाहन खड़े होने से मरीजों को अस्पताल लेकर आने वाली एंबुलेंस को निकलने का रास्ता नहीं मिल पाता है। गुरुवार को भी 102 एंबुलेंस यहां खड़े वाहनों के चलते जाम में फंस गई हालांकि कुछ देर बाद एंबुलेंस को किसी तरह जाम से निकाला गया। अस्पताल गेट के पास अवैध रूप से दोनो तरफ मोटरसाइकिल खड़ी करने की वजह से एंबुलेंस के आने-जाने का रास्ता नहीं बचता है। अस्पताल परिसर में निशुल्क पार्किंग होने के बाद भी लोग अस्पताल गेट के पास ही अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर देते हैं। जिला अस्पताल के सीएमएस और डिप्टी सीएमएस रोज सुबह का पूरे अस्पताल का राउंड करते हैं पर इस अवैध पार्किंग पर जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ती है मामले में जब सीएमएस डा0 राजीव गुप्ता से बात की गयी तो उन्होने मामले को संज्ञान में लेते हुए दिखवाने की बात कही।

## किसानों की समस्या पर एसडीएम ने नहर खुलवाने के निर्देश दिए

पाटन, उन्नाव। तहसील क्षेत्र स्थित बिहार माइनर को बसंत खेड़ा के पास पाट दिए जाने से कृषि योग्य सैकड़ो बीघा भूमि असिंचित होने के साथ जल भराव की स्थिति बनी रहती है जिसको लेकर पूर्व ग्राम प्रधान व वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि दीपू सिंह ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर किसानों की समस्या से अवगत कराया तथा बंद नहर को खोलवाये जाने की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार बिहार माइनर से लगभग सैकड़ो बीघा कृषि योग्य भूमि की सिंचाई की जाती है। किंतु कुछ दबंग किस्म के लोगों द्वारा वसंत खेड़ा सड़क के आगे नहर को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है जिससे नहर का पानी आगे टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है। नहर का पानी टेल तक न पहुंचने से अधिकांश किसानों की खेती असिंचित पड़ी है वहीं नहर बंद होने से जल भराव की स्थिति बनी है और पास पड़ोस के किसानों की फसल नष्ट हो रही है। प्रधान प्रतिनिधि द्वारा की गई शिकायत का उप जिला अधिकारी रनवीर सिंह ने संज्ञान लेते हुए तत्काल नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव व पुलिस बल भेज कर बंद नहर को खुलवाने का निर्देश दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की बात कही तथा बंद नहर के खोले जाने का बंदोबस्त किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि दीपू सिंह ने बताया कि मौके पर प्रशासनिक व पुलिस के लोग पहुंचे थे। किंतु बंद नहर अभी तक खुल नहीं सकी, शीघ्र समस्या का समाधान हो जाएगा।

# सिख समाज की ओर से भव्य नगर कीर्तन का आयोजन



सिधौली (सीतापुर)। श्री गुरु गोविंद सिंह साहब के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर गुरुवार को सिधौली कस्बे में सिख समाज की ओर से भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन मोहल्ला गोविंद नगर स्थित गुरुद्वारा साहब से प्रारंभ हुआ। जिसकी अगुवाई पांच प्यारों ने की। श्रद्धा और उल्लास से सराबोर यह नगर कीर्तन तहसील मार्ग, बिसवां रोड, बिसवां चैराहा, महमूदाबाद चैराहा, नेशनल हाईवे होते हुए पुनः तहसील मार्ग से वापस गुरुद्वारा साहब पहुंचा। जहां विधि-विधान के साथ इसका समापन किया गया। नगर कीर्तन के दौरान पंजाब से आई गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तलवारबाजी, लाठी के रोमांचक करतब, आंख बंदकर व्यक्ति के ऊपर रखे नारियल को हथौड़े से फोड़ना तथा बर्फ की सिल्लियों पर व्यक्ति को लिटाकर बर्फ तोड़ने जैसे साहसिक प्रदर्शन देख लोग दंग रह गये। पाईप बैंड ढोल नगाड़े सहित विभिन्न प्रकार के बैंड के कलाकारों ने भी करतब दिखाये। करतबों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चैबंद रही। सिधौली विधायक मनीष रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, ईओ रेणुका यादव, रामपाल भार्गव सहित अन्य लोगो ने भी पालकी का स्वागत किया। पांच प्यारों एवं गुरुद्वारा साहब की पालकी के आगे सिख समाज के महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने झाड़ू लगाते हुए और जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर कीर्तन में हजारों की संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जिससे पूरा कस्बा भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। सरदार अवतार सिंह, सोनू सिंह, सरदार रागी सिंह, गुरुप्रीत सिंह, बंटू सिंह, कारी सिंह, राजू सिंह, परमजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, बलवंत सिंह, रतन सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अपना दल एस की मासिक बैठक संपन्न

फतेहपुर। जिले के अपना दल एस कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक जिला अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिला महासचिव अरुण पटेल प्रधान द्वारा संचालित इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती, पदाधिकारियों की नियुक्ति और महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिनका पार्टी नेताओं ने भव्य स्वागत किया।प्रमुख पदाधिकारियों की नियुक्तियांबैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईंःहुसैनगंज विधानसभाः पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मौर्य को जिला उपाध्यक्ष व्यापार मंच बनाया गया। नए अध्यक्ष के रूप में लईक अहमद की नियुक्ति।सदर विधानसभाः शिवांस पटेल गोलू को अध्यक्ष नियुक्त।सदर नगर जोनः हिमांशु पटेल को अध्यक्ष बनाया गया।अयाह शाह विधानसभाः योगेंद्र सिंह राजा को सांस्कृतिक मंच का जिला अध्यक्ष नियुक्त।सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का जिला अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल सहित वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी कार्यालय में माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।प्रत्येक विधानसभा में सह-प्रभारी नियुक्तसंगठन को मजबूत बनाने के लिए हर विधानसभा में सह-प्रभारी नियुक्त किए गए, जो विधानसभा अध्यक्षों के साथ मिलकर जिम्मेदारियां निभाएंगे। जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि इनकी रिपोर्ट राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व को दी जाएगी। नियुक्तियां इस प्रकार हैंःचर्चा के प्रमुख बिंदुबैठक में सक्रिय सदस्यता अभियान, पिछले महीने की समीक्षा और जिला पंचायत प्रधानी-बीडीसी प्रमुखों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों का जिक्र करते हुए ओबीसी हितों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालाः13 पॉइंट रोस्टर को एनडीए बैठक में उठाया गया।नीट आरक्षण और मेडिकल कॉलेजों में आरक्षण लागू कराया।नवोदय एवं सैनिक स्कूलों में 27% आरक्षण सुनिश्चित।ओबीसी क्रीमी लेयर की आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख सदन में 15 लाख की मांग।लेखपाल भर्ती में ओबीसी सीट न होने पर भर्ती निरस्त।प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज का नाम डॉ. सोनेलाल पटेल रखवाया।फूलपुर-सोरांव मार्ग का नाम यशस्वी सोनेलाल पटेल रखवाया।ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा और अलग मंत्रालय की मांग पर अडिग।सरदार पटेल समाधि स्थल, अखिल भारतीय न्यायिक सेवा जैसे मुद्दे संसद से सड़क तक उठाए।सविता समाज के महापुरुष पूर्व मुख्यमंत्री करपूरी ठाकुर की जयंती शिक्षक मंच के जिला अध्यक्ष कालिशंकर सविता के नेतृत्व में मनाई जाएगी। पूर्व मंत्री बिंदीकी विधायक की समुविकास सभा में विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यक्रम।बैठक में जिला उपाध्यक्ष पद्म सिंह पटेल, अरुण पटेल जिला महासचिव, कांति कुशवाहा महिला मंच अध्यक्ष, सुमन सिंह मौर्य महिला मंच महासचिव बृजेश पाल जिला उपाध्यक्ष, आशीष पटेल युवा मंच अध्यक्ष रवि साहू, मोनू कैथल, शाहिद हसन, लईक अहमदपार्टी के जिला स्तर पर संगठन विस्तार और ओबीसी उत्थान के संकल्प को मजबूत करने वाली साबित हुई।

## ऋत फाउंडेशन की एम्बुलेंस सेवा शुरू, गरीब व जरूरतमंदों को मिलेगी राहत



उन्नाव। ऋत फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण आंचल के पडरी कलां क्षेत्र में एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा के शुरू होने से गांव के गरीब, असहाय एवं समय पर अस्पताल न पहुंच पाने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, विशेषकर ठंड व कोहरे के मौसम में अस्पताल जाने में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। एम्बुलेंस का शुभारंभ मां बालेश्वरी देवी मंदिर परिसर में आचार्य दीपक राजे जी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह एम्बुलेंस सेवा अत्यंत न्यूनतम ( नगण्य ) शुल्क पर उपलब्ध कराई गई है, जो बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ), जिला अस्पताल उन्नाव सहित क्षेत्र के अन्य अस्पतालों तक मरीजों को ले जाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर ऋत फाउंडेशन की ओर से गरीबों एवं जरूरतमंदों को कंबल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में ऋत फाउंडेशन के अध्यक्ष अनुराग त्रिवेदी सहित छन्नू लाल त्रिवेदी, रानू त्रिवेदी, भोला त्रिवेदी, बबलू त्रिवेदी, गुड्डू शुक्ला, मनीष शुक्ला, बटन शुक्ला, नितिन त्रिवेदी, दीनू, धीरज, गोपाल, पंकज एवं टिंकू बलाई सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा के संबंध में किए गए कार्यों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सड़क दुर्घटनाओं में हुयी मृत्यु का डेथ आडिट निर्धारित समयावधि में तथ्यपरक रूप से कराया जाये तथा परिवहन विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस एवं लोक निर्माण विभागध्एन0एच0ए0आई0 के अधिकारी संयुक्त रूप से निर्धारित प्रारूप पर डेथ आडिट करते हुये निष्कर्षात्मक आख्या प्रस्तुत करें। जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। 10 सर्वाधिक दुर्घटना वाले थाना क्षेत्रों में चिन्हित करते हुये इनमें व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जाये। सभी मुख्य मार्गों से संबंधित चिकित्सालयों की टैगिंग करते हुये इसकी सूचना सभी ब्लैकस्पाट पर प्रदर्शित करायी जाये। मार्ग दुर्घटना के समय एम्बुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता समय से सुनिश्चित की जाये तथा मार्ग दुर्घटना में घायल की जान बचाने वाले गुड सैमेरिटन को चिन्हित करते हुये सम्मानित किये जाने के साथ शासन द्वारा अनुमन्य राशि भी वितरित की जाये।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिह्नित स्थलों एवं मुख्य चैराहों पर सड़क सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाए। सड़कों के किनारे पटरियों को भी ठीक कराया जाये एवं झाड़ियों का कटान सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही मुख्य मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटवाया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि चैराहों एवं तिराहों को अतिक्रमण मुक्त बनाते हुये 150 मीटर क्षेत्र को नो वेडिंग जोन घोषित किया जाये। एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जंक्शन सुधार हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। नागरिकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी हो तथा नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान भी व्यापक स्तर पर चलाया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों के अनुसार ही विद्यालय वाहनों का संचालन किया जाये। वाहनों का फिटनेस, चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सत्यापन नियमानुसार कराया जाये तथा इस संबंध में संबंधित विद्यालयों से 15 दिवस के भीतर शपथ-पत्र भी लिया जाये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित पुलिस, लोक निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने बीडीओ कसमण्डा का किया औचक निरीक्षण

कमलापुर (सीतापुर)। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी की सर्विसबुक, जी0पी0एफ0 पासबुक, ई0एल0 आदि का अवलोकन किया।

साथ ही जनसुनवाई अभिलेख एवं जिलाधिकारी के यहां से हुयी शिकायत संबंधी रजिस्टर का अवलोकन किया। विगत कई दिनों से जनसुनवाई रजिस्टर में शिकायत दर्ज न होने एवं पूर्व से अंकित फरियादी का मो0नं0 अंकित न होने पर खण्ड विकास अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं 12 महीनें का वेतन रोकने के साथ ही रजिस्टर अद्यतन करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास हेतु पात्र लाभार्थियों को दी जाने वाली किश्त के बारे में जानकारी ली। शिकायत रजिस्टर में कमियां मिलने पर ए0डी0ओ0 पंचायत संजय कुमार सिंह पर नाराजगी व्यक्त करते सही करने के निर्देश दिये। सचिव का पारिवारिक रजिस्टर का अवलोकन किया।

आई0जी0आर0एस0 कक्ष देखा। लेखाकार कक्ष को देखते हुये रजिस्टर, खड़ंजा संबंधी पत्रावलियां एवं निरीक्षण रिपोर्ट का अवलोकन किया। कार्यों से पूर्व एवं कार्यों के उपरान्त वाली फोटो न होने पर जे0ई0 शिवकुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने ब्लॉक पर प्रत्येक तीन माह में आयोजित होने वाली क्षेत्र पंचायत की बैठकों के रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें विगत माह फरवरी से बैठक न होने पर नाराजगी व्यक्त की।

## बेटियों के घर जाकर पुष्प फाउण्डेशन टीम ने शुभकामनाएं प्रेषित की

पाटन, उन्नाव। भगवन्तनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तीन अलग अलग गांवो मे मुस्लिम परिवार की बेटियों की शादी मे राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कन्यादान किया। ब्लॉक बीघापुर के बाबा खेड़ा मे इसरार बानो पुत्री जाहिद की शादी मे व ब्लॉक पुरवा की ग्राम पंचायत सलेथू मे जाहिदुन निशा पुत्री नूर मोहम्मद



व सुमेरपुर ब्लॉक के ग्राम दुबेपुर मे उमा पुत्री ओमकार की शादी मे पुष्प फाउंडेशन टीम को बहनों के घर भेजकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर से कन्यादान किया व बहनों के आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनायें दी। इस मौके पर मुख्य रूप से मैनेजर सिंह, राघवेंद्र सिंह, कमलेश यादव, पंकज सिंह, रामजी यादव, सौरभ सिंह, मोहम्मद असलम, ताहिर, प्रमोद कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने कस्तूरबा विद्यालय निर्माण का औचक निरीक्षण किया

फतेहपुर। जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने विकासखंड भिटौरा में 1 करोड़ रुपये से अधिक लागत से निमार्णाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कस्तूरबाका औचक निरीक्षण किया। दो एकेडमिक ब्लॉक और हॉस्टल बिल्डिंग का जायजा लेते हुए उन्होंने निर्माण गुणवत्ता, सुविधाओं और समयबद्ध पूर्णता पर जोर दिया। कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता ने बताया कि एकेडमिक ब्लॉक में 3 लैब, 3 कमरे और 4 क्लासरूम बनाए गए हैं, जबकि कार्य तक पूरा हो जाएगा।एकेडमिक ब्लॉक व हॉस्टल का विस्तृत निरीक्षणजिलाधिकारी ने लैब का दौरा कर खिड़कियों की सफाई और पेंटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एनसीसी स्टाफ व गेम रूमः बेसिक शिक्षा अधिकारी को इनडोर गेम सामग्री रखने और रखरखाव के निर्देश।ड्रेनेज स्टैंडर्ड डिजाइन पर बने जल निकासी की जानकारी ली; जलभराव रोकने हेतु प्रस्ताव तैयार करने को कहा।हॉस्टल बिल्डिंगः ग्राउंड फ्लोर कोर्टयार्ड का स्लोप मानकानुसार बनाने, प्रथम तल कमरों का जायजा लिया।वॉशरूमः सभी ब्लॉकों में अच्छी फिनिशिंग व सफाई सुनिश्चित करने के आदेश।शिक्षा व बुनियादी ढांचे पर विशेष निर्देश जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिएःआसपास के क्षेत्रों में ड्रॉपआउट लड़कियों का चिन्हीकरण तुरंत शुरू करें।सभी कस्तूरबा विद्यालयों के लिए लेआउट तैयार करें, जिसमें किचन गार्डन, खेल मैदान और आसपास सरकारी जमीन का स्कूल उपयोग शामिल हो।तैयार विद्यालयों में प्रधानाध्यापिकाओं से मुद्दे चिन्हित कर निराकरण करें।सोलर पैनल लगाने हेतु प्रस्ताव भेजें।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत लालीपुर के पंचायत भवन व सामुदायिक मिलन केंद्र का भी दौरा किया। पंचायत सचिव को दैनिक उपस्थिति, केंद्र खुला रखने और सफाई के सख्त निर्देश दिए।उपस्थित अधिकारीइस अवसर पर अधिशासी अभियंता, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नवाबगंज पशु चिकित्सालय में कृत्रिम गर्भाधन योजना प्रभावित

जिला संवाददाता

उन्नाव। पशुपालन विभाग की वीर्य कृत्रिम गभार्धान योजना का उद्देश्य दुधारू पशुओं की नस्ल सुधार कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाना है, लेकिन हसनगंज तहसील के नवाबगंज पशु चिकित्सालय में यह योजना प्रभावित नजर आ रही है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार यहां सेक्स्ड सॉर्टेड सीमेन की संख्या शून्य दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि यहां तैनात चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार मौर्य अलसुपर से जुड़े एंटीमार्टम व पोस्टमार्टम प्रमाणन के कार्य में अधिक व्यस्त हैं। सवाल यह है कि जब सदर तहसील में सभी स्लाटर हाउस स्थित हैं और वहां 13 पशु चिकित्सक तैनात हैं, तो हसनगंज के चिकित्सक पर यह जिम्मेदारी क्यों दी गई। स्थानीय पशुपालकों का कहना है कि इस कारण कृत्रिम गभार्धान जैसी महत्वपूर्ण योजना प्रभावित हो रही है। अब विभागीय स्तर पर इस असंतुलित कार्य विभाजन को लेकर क्या कदम उठाए जाते है इस पर सभी की नजरें टिकी है।

**शासनादेश दरकिनार कर दूसरी तहसील के पशु चिकित्सक को दे दी स्लाटर ड्यूटी**

उन्नाव। पशुपालन विभाग में शासनादेश की अनदेखी का मामला एक बार फिर सामने आया है।

पशु चिकित्सकों की तैनाती और स्लॉटर ड्यूटी को लेकर नियमों के विपरीत व्यवस्था लागू होने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, एक तहसील में तैनात पशु चिकित्सकों से दूसरी तहसील की स्लॉटर ड्यूटी कराई जा रही है, जबकि वे उसी दौरान राजकीय पशु चिकित्सालय में नियमित उपस्थिति का दावा भी कर रहे हैं। हैरानी यह है कि स्लॉटर का समय सुबह 8 से शाम 5 बजे तक तय है, जबकि पशु चिकित्सालय की ड्यूटी सुबह 9रू30 से शाम 4 बजे तक होती है। ऐसे में एक ही समय में दो अलग-अलग स्थानों पर जिम्मेदारियों के निर्वहन पर संदेह गहराता है। इसी क्रम में हसनगंज तहसील अंतर्गत नवाबगंज पशु चिकित्सालय में तैनात डॉ. राजेश कुमार मौर्या की ड्यूटी सदर तहसील स्थित अलसुपर फ्रोजन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड स्लॉटर हाउस में लगाए जाने का मामला चर्चा में है।

**शासनादेश में पहले नजदीकी चिकित्सक को प्राथमिकता देने की बात**

जबकि शासनादेश संख्या 4556/37-1/2016-5(64/2013) दिनांक 13 जनवरी 2016 के अनुसार, स्लॉटर ड्यूटी नजदीकी पशु चिकित्सक को ही दिए जाने का स्पष्ट प्रावधान है।

इसके बावजूद दूरस्थ चिकित्सकों को जिम्मेदारी सौंपना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि पशु स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और प्रशासनिक पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न खड़े करता है। फिलहाल जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी ने पूरे मामले को और भी संदिग्ध बना दिया है।इस संबंध में जब सीवीओ डा. विनोद कुमार से बात की गई तो उन्होने बताया कि हसनगंज तहसील के नवाबगंज ब्लॉक में तैनात डॉक्टर राजेश मौर्या की ड्यूटी सदर तहसील के स्लाटर हाउस मे जो लगी है ये सिस्टम यहां से नही है ये शासन स्तर से होता है। आंकड़ों के अनुसार दिसंबर माह में सेक्स्ड सॉर्टेड सीमेन की संख्या शून्य दर्ज की गई। इस पर उन्होने बताया कि चालान मंगवा लेंगे।

अब मार्च आ रहा है सारे चालान मंगवा लेंगे। आपने संज्ञान में दिया है ये अच्छी बात है। जो इनका एम०पी०आर० आता कितना जमा किया है, एम०पी०आर मे आता है कि इन्होंने कितना शो किया है, उसके हिसाब से देख लेंगे चालान, कितना पैसा जमा किया है उसका मिलान कर लेंगे।

**आयुष्मान आरोग्य मन्दिर ककराही के प्रसव केन्द्र पर जागरूकता बैठक का आयोजन**

हरगांव (सीतापुर)। गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर ककराही के प्रसव केन्द्र पर एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि रंजीत वर्मा द्वारा की गई। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक राहुल बाजपाई द्वारा प्रसव केन्द्र के गैप्स को चिन्हित किया गया। ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर संतोष कन्नौजिया ने उपस्थित आशाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया। स्थानीय दाई भी उपस्थित थी उन्हें घर पर प्रसव कराने के लिए मना किया गया। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रधान प्रतिनिधि रंजीत वर्मा को कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के बारे में चर्चा की तथा प्रसव केन्द्र के लिए प्लास्टिक कुर्सी एवं प्रकाश के लिए सोलर पैनल दान स्वरूप देने का आग्रह किया। जिस पर प्रधान प्रतिनिधि ने प्लास्टिक की 06 कुर्सियां प्रदान की और सोलर पैनल शीघ्र ही उपलब्ध करा देने का आश्वासन दिया।

## एसपी ने पुरवा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया



पुरवा, उन्नाव। गुरुवार को जय प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पुरवा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचित शर्मा सहायक पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षु) व तेज बहादुर सिंह क्षेत्राधिकारी पुरवा मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पुरवा के मालखाना, शस्त्रागार, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, थाना परिसर, मिशन शक्ति केन्द्र/महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्पडेस्क एवं आवासीय बैरक का विधिवत निरीक्षण किया गया। इस दौरान शस्त्रों एवं थाने पर उपलब्ध अन्य लॉजिस्टिक्स की सूची के अनुसार जांच की गई तथा संबंधित अभिलेखों की प्रविष्टियों को चेक किया गया। निरीक्षण उपरान्त प्रभारी निरीक्षक थाना पुरवा को अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, कार्यप्रणाली में और अधिक सुधार तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पुरवा पर उपस्थित पुलिस कर्मियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा सभी से दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्टमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग करने की हिदायत दी गई एवं उपस्थित पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निराकरण के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक थाना पुरवा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

संक्षेप

## अलग-अलग दो मामलों में तीन के विरूद्ध रिपोर्ट

**बांदा**। देहात कोतवाली गुरेह गांव निवासी मयंक त्रिपाठी पुत्र रामचंद्र त्रिपाठी ने तहरीर देकर कहा कि परिवार के कामता प्रसाद त्रिपाठी, आशीष कुमार त्रिपाठी पुत्र कामता प्रसाद त्रिपाठी ने चार लाख 73 हजार रुपये आरटीजीएस के तहत अलग-अलग तिथियों में ऑनलाइन लिया था। यह राशि प्लाटिंग के कारोबार के लिए ली गई थी। कहा था कि मैं आपका रुपया ब्याज सहित वापस करूंगा। अगर रुपया वापस न कर पाया तो दो बिस्वा प्लाट तुम्हारे नाम रजिस्ट्री करा दूंगा। बाद में कामता प्रसाद त्रिपाठी व उसके पुत्र आशीष कुमार त्रिपाठी की नीयत खराब हो गई। अब वह न तो रुपए वापस कर रहा न ही जमीन की रजिस्ट्री करवा रहा। रुपए वापस मांगने पर दोनों लोग मुझे गाली-गलौज व मारपीट को दौड़ते है। जानमाल की धमकी दी है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। एक अन्य मामले में देहात कोतवाली देहात के ग्राम छनेहरालालपुर निवासी गुलाबचंद पुत्र दमुवा ने तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले के राकेश कुमार पुत्र रामकुमार व मैना पत्नी राकेश कुमार, लव कुमार पुत्र राकेश कुमार शराब पीकर आए दिन गाली गलौज करते हैं। 23 दिसंबर को पीटा। जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रोजगार मेले में 32 का चयन

बांदा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला में प्रदेश व अन्य राज्य की लिमिटेड कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर की प्रतिष्ठित विभिन्न कम्पनियों प्रतिनिधियों ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के बाद बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया। जिला सेवायोजन अधिकारी मोहित जायसवाल ने बताया कि लगभग 50 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार के माध्यम से 32 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि इंश्योरेंस सहित वर्धमान यार्न्स प्रा.लि. में चयन का काम पूरा किया गया है।

## राज्य मंत्री का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

कुशीनगर। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ०प्र० दिनेश प्रताप सिंह का दिनांक 09 एवं 10 जनवरी 2026 को जनपद कुशीनगर भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

# क्रय शुदा प्लॉट पर मकान बनाकर कर लिया अवैध कब्जा

जिला संवाददाता

**ललितपुर (वीओएल)**। जनपद में विगत वर्षों से लगातार भूमियों, प्लाटों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। दबंग कब्जा कर निर्माण कर लेते हैं, और पीडित अधिकारियों के चक्कर काटते रह जाते हैं, और अंत में थक हारकर चुप बैठकर आंसू बहाते हैं। जनपद में

- **पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर उठायी कार्यवाही करने की मांग**
- **दबंग भूमियों पर कर रहे अवैध कब्जे**



अवैध कब्जा का पहला वाक्या नहीं है, हजारों शिकायतें अवैध कब्जे की आती हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा सख्ती नहीं बरते जाने से पीडित परेशान होकर थककर बैठ जाते हैं।

संस्कृत विद्यालय बनारस में अध्ययनरत ग्राम पंचायत जखौरा के निवासी राज पाण्डेय पुत्र स्व.बालकिशन पाण्डेय ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने माता-पिता के गुजर जाने के बाद और स्वयं के बनारस में अध्ययनरत होने का लाभ उठाकर एक व्यक्ति द्वारा क्रयशुदा प्लाट पर मकान बनाकर अवैध कब्जा कर लिये जाने का आरोप लगाया है। राज पाण्डेय ने डीएम को बताया कि उसका एक आवासीय प्लाट जखौरा में बीएसएनएल टॉवर के पास बुडेरा रोड पर है। उक्त प्लाट पर 8 सितम्बर 2006 को घनश्याम पुत्र नन्ना कुशवाहा से उचित प्रतिफल देकर जरिए रजिस्टर्ड बैनामा क्रय किया था। उक्त प्लाट उसके पिता बालकिशन पुत्र लक्ष्मन पाण्डेय के नाम से दर्ज कागजात है। बताया कि वह संस्कृत विद्यालय बनारस में अध्ययनरत है। इस कारण उसका जखौरा आना-जाना कम होता है। माता-पिता का स्वर्गवास हो जाने का लाभ उठाकर ग्राम गुलेंदा के मजरा कसा निवासी एक व्यक्ति ने उसके क्रयशुदा प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से मकान निर्माण कर लिया है। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त व्यक्ति ने उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने डीएम से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# महिलाएं करतीं रहीं पुलिस से शिकायत, उधर आरोपियों ने जेसीबी से मकान गिराया

**ललितपुर (वीओएल)**। मकान की मरम्मत कराते समय दूसरे मोहल्ले के आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने एकराय होकर काम बंद करा दिया और जान से मारने की धमकी दी। प्रकरण में महिलाओं की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला

- **पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

आजादपुरा निवासी मुन्नू राजा पत्नी स्व.अजीत सिंह व छत्रसालपुरा निवासी संगीता नायक पत्नी मनीष नायक ने संयुक्त रूप से पुलिस को दी तहरीर में बताया कि राजघाट रोड स्थित मन्नू पेट्रोल पम्प के सामने आरामशीन के बगल में उनका एक मकान स्थित है। 26 दिसम्बर को वह मकान की मरम्मत करा रहे थे।

तभी घुसयाना निवासी पूरन सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह, सौरभ सिंह पुत्र पूरन सिंह, गजेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह, भूपेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह, रामसिंह पुत्र जगदीश सिंह, शिवानी पुत्री रामसिंह, महेन्द्र सिंह पुत्र मंगल सिंह, सुम्मेर सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह व इनके घर की महिलाएं एकजुट होकर आये और मौके पर विवाद करने लगे। आरोप है कि धमकी देते हुये उक्त लोगों ने काम बंद न करने पर हड्डियां तोड ? और जान से मार डालने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में शिकायती पत्र एसपी, कोतवाली व मण्डी चैकी पुलिस को दिया था। बताया कि 7 जनवरी को अपराह्न 2 बजे जब वह मौके पर मरम्मत कार्य देखने पहुंचे तो देखा कि उक्त लोगों द्वारा बने हुये कमरे तोड़ रहे थे। उन्होंने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। शाम 4 बजे फिर से डायल 112 पर कॉल किया और कोतवाली पुलिस को सूचना दी, इधर फोन पर खबर मिली कि उक्त लोगों ने जेसीबी से बाउण्ड्रीबाल सहित पूर्ण निर्माण ध्वस्त कर दिया। मौके पर पहुंचने पर पूरन सिंह ने गालियां दीं। पीड़िताओं का आरोप है कि उनके बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी उनका मकान जमींदोज कर दिया गया। पीड़ित महिलाओं की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 324 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## महिला आयोग की सदस्य ने जनसुनवाई में अधिकारियों को दिए जल्द निस्तारण के निर्देश



**बिजनौर**। जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह के द्वारा विकास भवन सभागार कक्ष बिजनौर में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। महिला जनसुनवाई में लगभग 85 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है, कार्यक्रम में 20 महिलाओं द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्रों के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया है एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को अवनी सिंह द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सौरभ सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल सिंह चौबे, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, रविता राठी डी एम सी, ल्एह आशु सिंह, अनीता, शुभम, महिमा आदि के द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को लाभ दिलाए जाने की अपेक्षा की गई है। इस मौके पर सरकारी योजनाओं के पंपलेट वितरण भी किया गया है। महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह के द्वारा जिला अस्पताल बिजनौर एवं जिला कारागार बिजनौर का निरीक्षण किया गया एवं छोटे बच्चों को अन्नप्राशन महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

## श्रम बाल सर्वेक्षण की बैठक, समय से कार्य पूरा करने के निर्देश



**बांदा**। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आवधिक श्रम बाल सर्वेक्षण एवं अनिगमित क्षेत्र के उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सर्वेक्षण का कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। गुरुवार को आयोजित बैठक में बताया गया कि जनपद में एएसयूएसई के सर्वे का कार्य सितंबर से दिसंबर तक किया गया। 36 एफएसयू इकाइयां आवंटित की गई थी जिसमें 12 ग्रामीण इकाइयां और 24 नगरी इकाइयां थी। इसके सापेक्ष 36 इकाइयों का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है स 36 अन्य इकाइयों का सर्वे का कार्य माह जनवरी से प्रारंभ कर दिया गया है। सर्वे कार्य में उद्यम की आर्थिक क्रियाकलाप की जानकारी दी जाती है। सर्वे में उद्यम के प्रोपराइटर की जानकारी, उद्यम के रजिस्ट्रेशन, उद्यम का वर्तमान वैल्यू, उद्यम की क्लोजिंग बैलेंस, ओपनिंग बैलेंस की जानकारी दी जाती है। इस सर्वे द्वारा सकल मूल्य वर्धित का मापन किया जाता है जो वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन द्वारा अर्थव्यवस्था में व्यक्तिगत उत्पादकों, उद्योगों या क्षेत्र के योगदान को दशार्ता है। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सर्वे से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## टेण्डर होने के बावजूद छह माह बाद भी नहीं हुई राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर की मूर्ति स्थापना

ललितपुर (वीओएल)। जिला राठौर समाज (रजि.) की जिला प्रभारी समिति की ओर से एक अति आवश्यक बैठक मां शारदा मिलन पैलेस में भाजपा नगराध्यक्ष भगत सिंह राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वीर शिरोमणी राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर की मूर्ती स्थापना के बारे

- **समाज ने बैठक कर जताया आक्रोश, जल्द स्थापना की मांग**
- **ईओ व अध्यक्ष के खिलाफ आंदोलन की बनायी रणनीति**

में विस्तार से चर्चा हुई। जिला प्रभारी अशोक राठौर पूर्व पार्षद ने कहा कि अबसे 7, 8 माह पहले नगर पालिका सभी सभासदों द्वारा राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर की मूर्ती लगाने जाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया था, नियमानुसार टेण्डर प्रक्रिया हुई और आज से 6 माह पूर्व टेण्डर पास हुआ और टेण्डर होने के बाद आज तक नगर पालिका द्वारा मूर्ती स्थापना नहीं कराई गई। संचालन करते हुए विनोद राठौर (मुनीम) जिला प्रभारी राठौर समाज द्वारा कहा गया कि कई बार जिला राठौर समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने नगर पालिका के ई.ओ. एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि से सम्पर्क किया उनके द्वारा आज तक मूर्ती के बारे में कोई संज्ञान नहीं लिया गया कोरे आश्वासन दिये गये।

कभी ई.ओ. साहब चैयरमैन की कहते तो कभी चैयरमैन प्रतिनिधि ई.ओ. साहब की कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। आगे वक्ताओं में जिला प्रभारी रवि राठौर एवं जिला प्रभारी चन्द्रशेखर राठौर द्वारा नगर पालिका प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया समाज में भारी रोष व्याप्त है और नगर पालिका द्वारा अति शीर्घ राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौरजी की मूर्ती नहीं लगाई जाती है तो जिला प्रभारी समिति एवं जिला राठौर समाज द्वारा उग्र अन्दोलन करने का मजबूर होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका की होगी। बैठक में जिला प्रभारी समिति के पूर्व पार्षद अशोक राठौर, विनोद राठौर (मुनीम), रवि राठौर (पूर्व पार्षद), चन्द्रशेखर राठौर, राजकुमार राठौर, सुरेश कुमार राठौर, उमाशंकर राठौर, सनत कुमार राठौर, मगन लाल राठौर, रघुवीर सहाय राठौर आदि उपस्थित रहे। सभा संचालन विनोद राठौर (मुनीम) ने किया।

## अटल आवासीय विद्यालयों में नोडल की नियुक्ति के आदेश



जिला संवाददाता

**बांदा**। अटल आवासीय विद्यालय अछरौंड़ के संचालन के संबंध में मंडल स्तरीय अनुसरण समिति की बैठक हुई। बैठक में आयुक्त ने विद्यालय में कक्षा 6 एवं 9 के प्रवेश परीक्षा को सकुशल कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने परीक्षा को पूरा कराया जाने के लिए मंडल के जनपदों में नोडल ऑफिसर नियुक्त करने के लिए निर्देश दिए। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक प्राप्त किए जाएंगे। परीक्षा 22 फरवरी को निर्धारित परीक्षा केद्रों में आयोजित की जाएगी। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए मानसिक क्षमता परीक्षण अंकगणित परीक्षण एवं भाषा परीक्षण की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

सभी प्रवेश आवेदन केवल ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे तथा उम्मीदवार आवेदन बोर्ड की वेबसाइट/अटल आवासीय विद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से कर सकेंगे।

उन्होंने प्रवेश परीक्षा संपन्न करने के लिए कम से कम 1 सप्ताह पूर्व अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था रखे जाने तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु बोरवेल पर जनरेटर की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने विद्यालय में दो हाई मास्क लाइट की व्यवस्था कराए जाने तथा एक टीन शेड लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म बुक्स एवं स्टेशनरी आदि की व्यवस्था समय से उपलब्ध कराए जाने, परीक्षाओं की सभी व्यवस्थाये समय से सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोबा, अटल आवासीय विद्यालय प्रधानाचार्य जनार्दन उपाध्याय, यूपी श्रम आयुक्त, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दुकान से चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**बांदा**। थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने बीते दिवस शहर में जनरल स्टोर, पान मसाला की दुकान का ताला तोड़कर हुई चोरी की घटना का खुलाशा करते हुए अन्तर्जनपदीय गिरोह के 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के नजर बाग में रजनीश कुमार गुप्ता के जनरल स्टोर, पान मसाला की दुकान में 3 जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने दुकान की शटर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले पर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों, वैज्ञानिक व तकनिकी साक्ष्यों का प्रयोग कर अभियुक्तों की पहचान करते हुए गुरूवार को मुखबिर की सूचना पर शहर के परागी तालाब स्थित एक अर्धनिर्मित मकान से घेराबन्दी करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से चोरी के 3550 रुपए, 1 लाख 96 हजार 100 रुपए के इनामी कूपन, अवैध तमंचा, घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में शिवम पुत्र राजू निवासी कुल्हैड़ा थाना मझगवां, संजय उर्फ संजू पुत्र मूरध्वज निवासी इटैलिया थाना जरिया, मनीष पुत्र जगमोहन निवासी इटौरा थाना मझगवां जनपद हमीरपुर व अमन उर्फ अभिषेक पुत्र अन्नू निवासी गांधीनगर थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में बलराम सिंह प्रभारी निरीक्षक, आनंद कुमार प्रभारी एसओजी व उनकी टीम रही।

# जनपद के मजदूरों को कर्नाटक में ढाई महीने तक बंधक बनाकर करायी गयी जबरन मजदूरी

जिला संवाददाता

**ललितपुर (वीओएल)**। जिले की तहसील मड़ावरा अंतर्गत मध्य प्रदेश के बॉर्डर एरिया से लगे ग्राम पापड़ा और सौल्दा गांव से सागर जिले का एक ठेकेदार लोगों को मजदूरी के नाम पर अधिक रुपये दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया। मजदूरों को महाराष्ट्र के नागपुर ले जाने की बात तय करते हुये ठेकेदार ने मजदूरों को कर्नाटक ले जाकर साढ़े चार लाख रुपये में बेच दिया। यह बात ललितपुर प्रशासन के अथक प्रयास से बंधन मुक्त कराकर ललितपुर वापस लाये गये मजदूरों ने बतायी। गौरतलब है कि ललितपुर प्रशासन ने कर्नाटक में बंधक बनाकर रखे गए 17 मजदूरों और 20 बच्चों समेत कुल 37 लोगों को मुक्त कराया है। गुरुवार को सभी को ललितपुर लाया गया, जहां पीड़ितों ने अपनी आपबीती सुनाई। मजदूरों ने



- **17 मजदूरों और 20 बच्चों समेत कुल 37 लोगों को कराया गया मुक्त**
- **जबरन 12 से 13 घंटे तक काम कराया जाता था और मजदूरी के नाम पर केवल आटा और मामूली पैसे दे रहे थे**
- **पीड़ित की पत्नी से शिकायत मिलने के बाद जिला प्रशासन के प्रयास से बंधनमुक्त कराये गये मजदूर**

बताया कि उनसे जबरन 12 से 13 घंटे तक काम कराया जाता था और मजदूरी के नाम पर केवल आटा और मामूली पैसे दिए जाते थे। मुक्त कराए गए बच्चों में 14 वर्षीय दामिनी ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ काम पर गई थी। ठेकेदार ने उससे भी मजदूरी कराई और रोजाना 12 घंटे काम कराया। सात दिन में एक परिवार को केवल पांच किलो आटा दिया जाता था, जो पर्याप्त नहीं था, जिसके कारण कई बार उसे भूखा रहना पड़ता था। 14 वर्षीय किशोर ने बताया कि वह भी परिजनों के साथ गया था और मना करने पर मारपीट की धमकी दी जाती थी। वहीं 11 वर्षीय किशोर ने बताया कि उनसे सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक काम कराया जाता था। शाम को उनसे ही ट्रक लोड कराया जाता था। मजदूर जीवन ने बताया कि सागर निवासी एक ठेकेदार जिसका नाम भाईजान बताया जा रहा है उन्हें 28 अक्टूबर को गन्ना कटाई के लिए प्रतिदिन 500 रुपए देने का लालच देकर उन्हें नागपुर ले गया। वहां से महाराष्ट्र नागपुर के चंडी ले जाया गया, जहां 15 दिन कपास की कटाई कराई गई। इसके बाद दीपक नामक युवक उन्हें 50 किलोमीटर दूर ले जाने की बात कहकर ट्रक से करीब 400 किलोमीटर दूर कर्नाटक ले गया और बागलकोट जिले की बदामी तहसील के ग्राम निरालगी में अशोक मुंडा के पास छोड़ दिया। यहां उनसे रोज सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक गन्ना कटाई और ट्रक में गन्ना भरवाने का काम कराया जाता था। भागने की कोशिश करने पर उन्हें पकड़कर वापस ले आया जाता था। मजदूरों ने बताया कि सात दिन में एक परिवार को केवल पांच किलो आटा और ढाई सौ रुपए दिए जाते थे। मजदूरी मांगने पर गोविंद और रामावतार के साथ मारपीट की गई। करीब ढाई महीने तक सभी को बंधक बनाकर रखा गया और मजदूरी भी नहीं दी जा रही थी। दो नाबालिग बच्चों से भी गन्ना कटाई कराई जा रही थी। किसी तरह मजदूर राजकुमार ने 29 दिसंबर को मोबाइल से घर फोन कर पूरी जानकारी दी। इसके बाद गोरेलाल निवासी सोल्दा की पत्नी वती ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश से शिकायत की। जिलाधिकारी ने तुरंत कर्नाटक प्रशासन से संपर्क किया। सहरिया आदिवासियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही जन साहस स्वयंसेवी संस्था की टीम जिला कॉर्डिनेटर राजेश कुमार के नेतृत्व में 1 जनवरी को कर्नाटक रवाना हुई और 3 जनवरी को कर्नाटक प्रशासन के सहयोग से सभी मजदूरों और बच्चों को मुक्त कराया गया। कर्नाटक राज्य में बागलकोट जिले के बादामी थाने में ठेकेदार पर एफआईआरबताया जा रहा है कि बागलकोट जिले के बादामी में तैनात राजस्व निरीक्षक हुसैनसाब लालसाब चैधरी ने महाराष्ट्र के जिला बीड दैपर निवासी दीपक श्रीहरी तोंबरे व अशोक मलुराम मुंडे के खिलाफ बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में शिकायती पत्र दिया है। शिकायत के आधार पर कर्नाटका पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 143 (3) व बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम 1976 की धारा 16, 17, 18 व 19 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## डीएम ने सुना मजदूरों का दुखड़ा

**ललितपुर (वीओएल)**। जनपद के मजदूरों से कर्नाटक में जबरन मजदूरी कराये जाने एवं रूप्ये न दिये जाने के मामले में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता श्रीमती अब्बू पत्नी गोरेलाल सहरिया निवासी ग्राम सौल्दा ब्लाक मडावरा जिला ललितपुर एवं श्रीमती संजली बहू पत्नी देवा सिंह ग्राम पापड़ा थाना मदनपुर ब्लाक मडावरा जिला ललितपुर द्वारा उनके परिवार व गांव के कर्नाटक में 37 बंधुआ मजदूर होने की जानकारी उन्हें दी गयी। जिसमें बताया गया था कि मजदूरों के साथ मार-पीट व उन्हें भोजन की व्यवस्था न देकर बन्धक बनाकर कार्य कराया जा रहा है। शिकायत पर जिलाधिकारी ललितपुर द्वारा अविलम्ब कार्यवाही हेतु जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देश दिये गये। तत्क्रम में अनिल कुमार श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा तत्काल जिलाधिकारी बागलकोट कर्नाटक को आवश्यक कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी ललितपुर के स्तर से पत्र जारी कराया गया। जनसाहस एन०जी०ओ० के राजेश व उनकी टीम द्वारा जिलाधिकारी बागलकोट कर्नाटक से सम्पर्क स्थापित कर सभी बंधुआ श्रमिकों को उनके परिवार व गांव के लोगों को अवमुक्त कराकर सेवायोजक अशोक मुण्डा के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया। जिलाधिकारी ललितपुर के अथक प्रयास से सभी बंधक मजदूर आज 8 जनवरी को अपने गृह जनपद सकुशल वापस आ गये और जिलाधिकारी से मिले। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश द्वारा सभी मजदूरों को कम्बल दिये जाने एवं भोजन कराने की व्यवस्था करते हुये मजदूरों से पूँछतांछ हेतु रैन बसेरा ललितपुर में उन्हें रूकवाया गया एवं सभी के स्वास्थ्य परीक्षण की कार्यवाही भी अपनायी गयी। अनिल कुमार श्रम प्रवर्तन अधिकारी ललितपुर द्वारा बताया गया कि मजदूरों के सम्बन्ध में अवमुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर कॉर्पस निधि खाते से रूपया 30,000 प्रति श्रमिक को तात्कालिक सहायता प्रदान की जायेगी जिसके लिये श्रमिकों के आधार कार्ड, बैंक पास बुक एवं फोटो की आवश्यकता होगी।

## बिना नम्बर प्लेटों की गाड़ियों से आये हमलावरों ने डेयरी संचालक को पीटा

**ललितपुर (वीओएल)**। बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिलों से आये दबंगों ने एक युवक के साथ बेसवॉल के डण्डों, लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। पुराना सूचना केन्द्र के पास दूध डेयरी संचालन कर रहे युवक पर हुये हमले को लेकर यहां लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। घायल की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से एक युवती ने घायल युवक के छोटे भाई पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुये एफआईआर दर्ज करायी है। सरस्वती शिशु मंदिर के पास रहने वाले यश बबेले पुत्र कृष्ण गोपाल बबेले ने कोतवाली पुलिस को अवगत कराया कि बुधवार की रात करीब 8.10 बजे वह अपनी दूध डेयरी की दुकान जो कि सूचना केन्द्र के पास गोस्वामी मेडीकल के सामने है को चला रहा था। तभी वहां एकराय होकर

- **पुलिस ने घायल की तहरीर पर सात नामजद पर दर्ज की एफआईआर**

आजादपुरा निवासी शिवम शर्मा (पठान), शक्ति बाल्मीकि, दम्मू के कुंआ के पास रहने वाले राज राजा, संजू रायकवार, दिनेश यादव अपने आठ अज्ञात लोगों के साथ बिना नम्बर प्लेट के दो पहिया वाहनों से आये और उसके साथ बिना कारण मारपीट करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों, लोहे की रॉड से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर, छाती, अंधरूनी व बाहरी चोटें आयीं। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। घटना को विशाल राजपूत, प्रिंस प्रजापति, प्रिंस राजपूत, सिद्धार्थ कटारे, गौरव रावत, नीतेश तिवारी, बब्लू गोस्वामी ने देखा और बचाव किया। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने दोपहर करीब 11.45 बजे उसके छोटे भाई शिव बबेले पुत्र परशुराम बबेले के साथ भी मारपीट की थी और उक्त व्यक्तियों में से दिनेश यादव ने अपनी पुत्री से झूठे मुकद्मे में फंसाने की धमकी भी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद व अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।


## युवती ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

बीस वर्षीय युवती ने शिव बबेले पर पिछले चार-पांच दिनों से छेड़छाड़ करने और उसके पिता व भाई को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बताया कि बुधवार को शाम करीब 7 बजे उसके घर शिव बबेले व आरएमव्ही कॉलेज के पास काशीराम कालोनी निवासी राहुल यादव ने घर में घुसकर उसकी मां व बहन से गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसके साथ छेड़छाड़ भी की गयी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर शिव बबेले व राहुल यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 351 (3), 352, 74 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## महिला के 34 हजार रुपये गायब

**ललितपुर (वीओएल)**। पुलिस चैकी नेहरू नगर अंतर्गत जुगपुरा रोड काली माता मंदिर के पास रहने वाली गोराबाई पत्नी बाबूलाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि बीती 31 दिसम्बर को वह सेन्ट्रल बैंक पैसा निकालने गयी थी, तो उसे पता चला कि उसके खाते में रुपये नहीं हैं, जबकि उसके खाते में 34 हजार रुपये था। जब उसने बैंक वालों से बात की तो उसे बताया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीते 22 दिसम्बर को तीन बार रुपये निकाला गया तथा एक बार उसके खाते से 3848 रुपये निकाला गया, जिससे वह काफी परेशान है।

## अखंड हिन्द फौज के प्रशिक्षण में अग्निवीर प्रदर्शन



**बांदा**। अखण्ड हिन्द फौज के प्रारंभिक सैन्य प्रशिक्षण शिविर बालक वर्ग के समापन समारोह में छात्राओं ने मार्च पास्ट, युद्ध रीति-नीति, पैरामिड प्रदर्शन, बाधा प्रदर्शन तथा अग्निवीर प्रदर्शन किया। शिविर बीते 6 दिनों से विवेकानंद महाविद्यालय, गुरेह में चल रहा था। जिसमे कानपुर प्रान्त तथा मध्य प्रदेश के लगभग 20 जिलों से 200 छात्रों तथा 28 सीनियर कमांडर्स ने भाग लिया। विभिन्न छात्राओं की पदोन्नति की गयी एवं उनको उनके क्षेत्रो के विभिन्न दायित्व प्रदान किये गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक ने बच्चों के प्रदर्शन को सराहा। उन्होंने कहा कि बच्चों ने सात दिन में इतनी कम उम्र में इतना कुछ सीखकर समाज को एक नया नजरिया दिया है तथा यह प्रदर्शित किया है कि कोई भी कार्य असंभव नहीं होता, यदि दृढ़निश्चय हो। इस दौरान अखण्ड हिन्द फौज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश अवस्थी, विनोद जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष बालिका वर्ग, भोलू, प्रदेश अध्यक्ष बालक तथा बालिका वर्ग, नरेंद्र प्रदेश कमांडर, यश प्रान्त कमांडर, रोहित कंपनी कमांडर, योगेंद्र, शैलेन्द्र, श्रजल, ध्रुव, ओम एवं अन्य सीनियर कमांडर्स तथा 200 कैडेट्स उपस्थित रहे।

## खेल मैदान का नीलामी रोकने को विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

**बांदा**। शहर के राइफल क्लब खेल मैदान को बांदा विकास प्राधिकरण की नीलामी पर रोक लगाए जाने के लिए नगरवासियों के विरोध और उनकी भावनाओं को देखते हुए सदर विधायक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर रोक लगाने की मांग की है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रयासों के चलते आखिर शासन ने इस पर रोक लगाने के लिए जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं। बीते कई दिनों से खेल के मैदान राइफल क्लब की नीलामी का मामला शहर में लगातार तूल पकड़ता जा रहा था। इस पर रोक लगाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र, खिलाड़ी व अनेक राजनैतिक दल तथा शहर के लोग लगातार विरोध दर्ज करा रहे थे। जनभावनाओं को देखते हुए सदर विधायक ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र भेजकर प्रदेश से लेकर विदेशों तक देश का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों के नाम का पत्र में उल्लेख करते हुए उन्होने खेल मैदान की नीलामी को रोकने का अनुरोध किया। आखिर सरकार और शासन के उच्चाधिकारियों ने प्रकाश द्विवेदी के पत्र को गंभीरता से लेते हुए इस पर तत्काल रोक लगाए जाने के निर्देश डीएम को दिए हैं।

# वेनेजुएला नहीं है भारत

ट्रंप भारत को बार-बार धमकाते हैं। कभी टैरिफ बढ़ाने की बात करते हैं। कभी बीजा पाबंदियां लगाते हैं। ऐसे में अब समय आ गया है कि भारत फिलहाल ट्रंप के कार्यकाल तक अमरीका से किसी भी प्रकार की उम्मीद करने के बजाय नये-नये निर्यात बाजार तलाशें और ट्रंप को कम से कम उनकी ही भाषा में जवाब देना शुरू करें। भारत वेनेजुएला नहीं है और न ही ट्रंप भारत में वेनेजुएला दोहराने का दुस्साहस कर सकते हैं। अमरीका भारत की ताकत को अच्छी तरह जानता है। भारत की ईमानदारी और प्रतिबद्धताओं को भी समझते हैं। भारत एक प्रमाणित परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र है। अमरीका से अधिक यह कौन जानता है, क्योंकि अमरीका ने भारत के साथ असैन्य परमाणु करार कर रखा है। राष्ट्रपति ट्रंप का नया बयान आया है-'दरअसल प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वे जानते हैं कि मैं इससे (रूस से तेल खरीद) खुश नहीं हूं और मुझे खुश रखना जरूरी है। यदि रूस से तेल खरीद जारी रही, तो भारत पर बहुत जल्दी और टैरिफ लग सकते हैं। वह भारत के लिए




ठीक नहीं होगा।' गौरतलब यह है कि भारत अप्रैल, 2025 में रूस से 8.6 मिलियन टन कच्चा तेल खरीदता था, जो नवंबर तक घट कर 7.7 मिलियन टन हो गया। भारत अमरीका से भी करीब 3 मिलियन टन तेल खरीदता है। अमरीका की तुलना में रूस से तेल खरीद आज भी अधिक है। भारत ने किसी दबाव में तेल खरीद को कम नहीं किया, यह उसकी जरूरतों के मुताबिक है। तेल भंडारों और क्षमताओं को लेकर अमरीका का स्थान बहुत नीचे है। वेनेजुएला में सबसे अधिक प्रमाणित 303 अरब बैरल तेल के भंडार है। उसके बाद सऊदी अरब और ईरान सबसे अधिक तेल बेचते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की पूरी रणनीति तेल कारोबार पर वर्चस्व स्थापित करने की है, जिसका विरोध अमरीका में ही किया जा रहा है। पूर्व उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने वेनेजुएला हमले और वहां के राष्ट्रपति को अगवा करके अमरीका लाने के ऑपरेशन को लेकर ट्रंप के खिलाफ आक्रामक बयान दिए हैं। उन्हें राजनीतिक भी माना जा सकता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लाने पर भी चर्चा छिड़ चुकी है। डेमोक्रेट्स और ट्रंप की पार्टी के सांसद अपने ही राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग लाकर उन्हें पद से हटाने की राजनीति में जुट गए हैं। जहां तक टैरिफ का मामला है, वह अमरीकी अदालत के विचाराधीन है, लिहाजा ट्रंप नये टैरिफ नहीं थोप सकते। अलबत्ता अमरीकी राष्ट्रपति कमोबेश भारत को घुड़कियां देने से बाज जरूर नहीं आ रहे हैं। यदि उन्होंने घोषित 50 फीसदी से अधिक टैरिफ थोपने का कोई फैसला लिया, तो अमरीकी कांग्रेस (संसद) उसे खारिज कर सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप बड़बोले नेता हैं, लिहाजा उनकी टिप्पणियों पर हर बार पलट टिप्पणी भारत करे, ऐसा संभव नहीं है और न ही भारत के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को ट्रंप के बयानों की चिंता करनी चाहिए। भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ थोपने के बावजूद भारत की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी से अधिक रही है। सभी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और प्रमुख रेटिंग एजेंसियों के आकलन हैं कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर 7 फीसदी से अधिक रहेगी। टैरिफ के बावजूद भारत की जीडीपी 375 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है और भारत विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। यह तथ्य अमरीका भी मानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था अमरीकी अर्थव्यवस्था से कई गुना तेज गति से बढ़ रही है। बेशक अमरीका 30 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की सर्वोच्च अर्थव्यवस्था है। अमरीका वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को अगवा करके अपने अदालती कटघरे तक ला सकता है। लेकिन ट्रंप की ऐसी हरकतें ही एक दिन अमरीका को दुनिया से अलग-थलग कर देंगी। आज अगर अमरीका सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। लेकिन अमरीका के खिलाफ दुनिया एकजुट हुई तो उसका यह ताज धरा रह जायेगा।

# विश्व व्यवस्था को खत्म कर रहे डोनॉल्ड ट्रंप


वीना सुखीजा

अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अपनी हरकतों से न सिर्फ दुनिया के तमाम छोटे देशों में भय का माहौल पैदा कर दिया है बल्कि उन्होंने अमरीका के पतन की भूमिका भी तैयार कर दी है। ट्रंप अमरीका की ताकत का दुरुपयोग कर दुनिया भर के आर्थिक संसाधनों को लूटना चाहते हैं। ट्रंप की हरकतों से वैश्विक व्यवस्था खत्म हो रही है। यूएनओ असहाय हो गया है। डब्ल्यूएचओ की फंडिंग अमरीका पहले ही खत्म कर चुका है, अब एक झटके में ट्रंप ने 66 अन्य अंतर्राष्ट्रीय एलायंस से अमरीका को अलग कर दिया है। ट्रंप का कार्यकाल अभी तीन वर्ष बाकी है और अगर इसी तरह उन्होंने अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा किया तो अमरीका को वे एक अविश्वसनीय, साम्राज्यवादी और खतरनाक देश के रूप में स्थापित कर देंगे। इससे दुनिया में प्रतिक्रिया होगी और अमरीका की सैन्य ताकत को संतुलित करने के लिए वैश्विक सैन्य गठजोड़ उभर सकता है।

अगर भारत और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझ जाये और रूस, भारत और चीन का गठजोड़ बन जाये तो यही अमरीका को रोक सकता है। दरअसल मनमानी और दादागीरी की अपनी हरकतों से दुनिया में हड़कंप मचाने वाले अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिर रह-रहकर हमारे देश भारत और प्रधानमंत्री मोदी का बार-बार अपमान क्यों कर रहे हैं? कभी वह पत्रकारों से खुलासा करने के अंदाज में यह कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे खुश करने के लिए रूस से तेल लेना लगभग बंद कर दिया है और इस तंज को कूटनीतिक गलियारे में अभी भुलाया भी नहीं गया था कि ट्रंप फिर प्रधानमंत्री मोदी का लगभग अपमान करने वाले अंदाज में खुलासा करते हैं कि बीते दिनों उन्होंने उन्हें फोन करके कहा, 'सर प्लीज क्या मैं आपसे मिल सकता हूं?' अभी दो दिन पहले ही अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को लगभग चेतावनी देते हुए यह भी कहा था कि अगर वह रूस के साथ व्यापार जारी रखता है, तो उस पर जल्द टैरिफ और बढ़ाया जा सकता है। हैरानी की बात यह है कि ट्रंप बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मीडिया और कूटनीतिक गलियारे में ये व्यंग्य भरी टिप्पणियां करते हुए हर बार प्रधानमंत्री मोदी को अपना खास

> ट्रंप पिछले कई महीनों से जो शब्द हमारे देश और प्रधानमंत्री के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, वह बिना हमलावर हुए या बिना कोई खुली दुश्मनी को प्रदर्शित किये हुए एक तरह से बार-बार हमें राजनयिक दायरे में नीचा दिखा रहे हैं।



दोस्त बताना भी नहीं भूलते, जैसे वो जानबूझकर व्यंग्य कर रहे हों। सवाल है आखिरकार उनके इस सनक भरे व्यवहार का मतलब क्या है? दरअसल डोनाल्ड ट्रंप अपने इस अंदाज के जरिये दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि वह किस तरह भारत से बहुत ऊपर पोजीशन में हैं और सामने वाले को याचक या इच्छुक के रूप में पेश कर रहे हैं। राजनीति में लोग दुश्मनों के लिए भी इस तरह की भाषा बोलने से परहेज रखते हैं। फिर ट्रंप तो प्रधानमंत्री मोदी को बार-बार अपना दोस्त बताते हैं, फिर आखिर अच्छा दोस्त बताकर इस तरह अपमान करने की कोशिश क्यों करते हैं? दरअसल ट्रंप दिखाना चाहते हैं कि उनके पास ताकत है और मिलने की जरूरत उन्हें नहीं बल्कि सामने वाले को है। यह एक कूटनीतिक हमला और सूक्ष्म तरीके से देखा जाये तो हमारा अपमान है। आखिरकार कूटनीतिक दुनिया में कोई नेता दूसरे के लिए उल्टी-सीधी गालियों का इस्तेमाल नहीं करता, ऐसी ही शब्दावली से अपना अहंकार, अपना बड़बोलापन और सामने वाले की इज्जत न करने का अपना रवैय्या दर्शाता है।

ट्रंप पिछले कई महीनों से रह-रहकर जो शब्द हमारे देश और प्रधानमंत्री के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, वह बिना हमलावर हुए या बिना कोई खुली दुश्मनी को प्रदर्शित किये हुए एक तरह से बार-बार हमें राजनयिक दायरे में नीचा दिखा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि वह अपने इन शब्दों और घृणात्मक शब्दावली से सिर्फ हमें छोटा कर रहे हों, वे षड़यंत्रकारी तरीके से हमें निशाना बनाकर पूरी दुनिया को संदेश देना चाहते हैं कि अगर वो भारत जैसी दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था और कुशल मानव संसाधन के सबसे बड़े वैश्विक हब को कुछ नहीं समझते, तो दुनिया में बाकी देशों की क्या विसात है? इसके अलावा वह इस तरह की शब्दावली अपनी आंतरिक राजनीति के समीकरण को दुरुस्त करने के लिए भी इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप जिस तरह से हर मौके का इस्तेमाल भारत को अपमानित करने के लिए कर रहे हैं, उसके जरिये वो हमसे ज्यादा दुनिया को टारगेट कर रहे हैं कि वह एक वैश्विक शक्ति हैं। जबकि हकीकत यह है कि वेनेजुएला प्रकरण के बाद जिस तरह से अमरीकी संसद दो खेमों में बंट गई है और ब्रिटेन को छोड़कर लगभग पूरे यूरोप ने ट्रंप के खिलाफ बयानबाजी की है, उससे ट्रंप हिल गये हैं।

उन्होंने वेनेजुएला में जो साम्राज्यवादी हरकत चीन को दहशत में लाने और रूस की अनदेखी करने के लिए किया था, उससे रूस और चीन तो ज्यादा घबराए नहीं उल्टे यूरोप उनका साथ छोड़ने की स्थिति में आ गया है। इससे भी बड़ी बात यह है कि जिस तरह से वेनेजुएला के बाद उनकी नजर ग्रीनलैंड पर है और जैसा कि अपने अब तक के दूसरी बार के कार्यकाल में उन्होंने रह-रहकर अपनी हठधर्मिता दिखायी है, उस कारण नाटो का अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है। अपनी इन्हीं नाकामियों से खिसियाकर वह मौका मिलते ही भारत और हमारे प्रधानमंत्री का अपमान करने का मौका नहीं गंवाते। जबकि हकीकत ये है कि जब दुनिया के दो राजनेता मुलाकात करते हैं, तो यह मुलाकात कभी व्यक्तिगत इच्छा के या किसी एक के हित के चलते नहीं होती। अंतर्राष्ट्रीय राजनेताओं के बीच मुलाकाते हमेशा कूटनीतिक रिश्तों को गति देने के लिए और अपने राष्ट्रीय हितों को साधने के लिए होती हैं। आज अगर भारत को अमेरिका से टैरिफ न बढ़ाये जाने की चाहत है तो हमें नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिका को भी भारत से बहुत सारी चीजें चाहिए। सबसे बड़ी बात तो यह है कि उसे भारत का विशाल बाजार चाहिए, जहां वह अपनी पूंजी लगा सके और उससे बेहतर रिटर्न हासिल कर सके। दूसरी महत्वपूर्ण बात ये है कि जिस तरह से ट्रंप जाने-अनजाने रूस और चीन को अपना खुलेआम दुश्मन बना रहे हैं, उसमें अगर भारत भी उनके साथ न हुआ तो अमेरिका न केवल ग्लोबल मोर्चे में अलग-थलग पड़ जायेगा बल्कि ग्लोबल साउथ से उसकी सारी उम्मीदें धरी की धरी रह जाएंगी। भारत इस समय अमरीका के लिए एकमात्र ऐसा सहयोगी हो सकता है, जो अमेरिका को रूस और चीन की साझी नाराजगी की भरपायी कर सके। क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था इस समय दुनिया में सबसे ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ रही है और भारत में कुशल मानव संसाधनों का जो जखीरा है, इस एआई के तूफानी दिनों में वही है जो भविष्य की अर्थव्यवस्था को एक स्थिरता और निरंतरता की दिशा दे सकता है। लेकिन जिस तरह से ट्रंप बार-बार भारत का और प्रधानमंत्री मोदी का अपमान कर रहे हैं, उससे लगता है कि वह या तो कूटनीति के वैश्विक भविष्य में हमारी ताकत का अंदाजा नहीं लगा पा रहे या वह जरा भी दूरदर्शी सोच नहीं रखते।

अगर रखते होते तो जरूर रह-रहकर हमारे खिलाफ इस तरह बोलने की हिम्मत नहीं करते। जब वो कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने मुझसे कहा कि सर क्या मैं आपसे मिल सकता हूं, तो वह यह भूल जाते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी कोई उनके दरवाजे पर नहीं खड़े थे, जो अंदर आने की उनसे इजाजत मांग रहे हों। दरअसल ट्रंप का यह जहरीला मनोविज्ञान है जिसके प्रभाव में वह इस तरह के शब्दों का चयन करके हमें मनोवैज्ञानिक ढंग से नीचा दिखाना चाहते हैं। यह वास्तव में पावर प्ले की बहुत पुरानी और घटिया सोच की शब्दावली है। ऐसे बयानों पर भारत अकसर प्रतिक्रिया नहीं देता, चुप्पी साध लेता है, तो इसलिए नहीं कि भारत, अमेरिका की इस बेहूदा शब्दावली से डर गया है बल्कि भारत अपने स्वतंत्रत इतिहास की कूटनीतिक विरासत को मैच्योरिटी से आगे बढ़ाते हुए वैश्विक कूटनीति का लिहाज रखता है।

## सोशल मीडिया

दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से प्रमुख आदिवासी नेता एवं विधायक श्री विजय सिंह गोंड जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदना। केशव प्र. मौर्य.




महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण की ज्योति जगाने वाली माता साबित्री बाई फुले की जयंती पर उनको सादर नमन। उनका अविस्मरणीय योगदान है। प्रियंका गांधी.



मेरठ में मां की हत्या एवं बेटी को उठाकर ले जाना बेहद गंभीर है, भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण देते देते इतना गिर गयी है कि वहां से वह वापस नहीं लौट नहीं सकती है। अखिलेश यादव



# पेट की गैस से मुक्ति पायें, करें फार्ट वाकिंग


स्वास्थ्य

डॉ.माजिद अलीम

अंग्रेजी की पुरानी कहावत है 'वाक लांगर, लिव लांगर' यानी नियमित लम्बी दूरी तक चहलकदमी करो और लम्बा स्वस्थ जीवन पाओ। बाद में वैज्ञानिकों ने इस कहावत की सत्यता को अपने प्रयोगों के माध्यम से स्वीकार भी किया और सेहतमंद रहने के लिए अनेक प्रकार की वॉक्स का सुझाव भी दिया, जैसे ब्रिस्क वाकिंग (तेज रफ़्तार से चलना), स्लो वाकिंग (अपनी नियमित चाल से धीमे चलना), इंटरवल वाकिंग (तेज चलते हुए अचानक धीमे चलना और फिर तेज चलना व इसी क्रम को दोहराते रहना), जोगिंग (धीमी दौड़) आदि। चहलकदमी की इन सभी शैलियों के अपने अपने फायदे हैं, जिन्हें वैज्ञानिकों ने अपने शोध पत्रों में विस्तार से बताया है। अब इसी क्रम में एक नई प्रकार की वाकिंग की खोज की गई है, जिसे फार्ट वाकिंग का नाम दिया गया है। फार्ट वाकिंग एकदम से दुनियाभर में ट्रेंड बन गई है, क्योंकि लगभग हर व्यक्ति अपने पेट की गैस से परेशान है और उससे मुक्ति पाना चाहता है।

गैस से निजात पाने के लिए यूं तो प्राचीन समय से ही लोग वाक करते आ रहे हैं, लेकिन इस वाकिंग का नामकरण 'फार्ट वाक' टोरंटो स्थित कुकबुक लेखिका मर्लिन स्मिथ ने किया है और जैसा कि इसके नाम से जाहिर है यह खाना खाने के बाद की चहलकदमी है, जो आप आंतों की गैस रिलीज करने और पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। फार्ट वाक फिटनेस का नवीनतम ट्रेंड है हर उस व्यक्ति के लिए जो ब्लोटिंग (अफारा), बदहजमी, गैस, हार्टबर्न (जहां फूड पाइप यानी खाने की नली पेट से मिलती है वहां जलन होना) और अन्य पाचन समस्याओं से संघर्ष करता है। स्मिथ का कहना है कि हाई-फाइबर भोजन के बाद अपने गॉर्डन या अपनी बालकनी में वाक करने से आपकी सेहत पर कमाल सकारात्मक असर पड़ सकता है।

स्मिथ ने इस विषय पर अपने वीडियो में बताया है कि हर रात डिनर करने के 60 मिनट बाद वह और उनके पति अपनी फार्ट वाक के लिए निकलते हैं। वह कहती हैं, अब, हम ऐसा क्यों करते हैं? चूंकि हम बहुत अधिक फाइबर का सेवन करते हैं इसलिए हमारे पेट में गैस बनती है- हर किसी के पेट में गैस बनती है और हां, वाक करते हुए आप फार्ट भी करते हैं। इसलिए मैंने इसका नाम फार्ट वाक रखा। क्या आप सोच रहे हैं कि फार्ट वाक लाभकारी है भी या नहीं? अनेक अध्ययनों व विशेषज्ञों के अनुसार, भोजन के बाद की चहलकदमी आपके डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए फायदेमंद है, जिसे गैसट्रोइंटेसटाइंल (जीआई) ट्रैक्ट भी कहते हैं। फार्ट वाक से फूड सूक्ष्म टुकड़ों में टूट जाता है और पौष्टिक तत्व हजम हो जाते हैं। साधारण शब्दों में फार्ट वाक आपके जीआई ट्रैक्ट के लिए छोटी सी एक्सरसाइज है। दरअसल, फार्ट वाकिंग पाचन क्रिया को इस तरह से बेहतर बनाती है, इस अध्ययन से और बेहतर तरीके से समझा जा सकता है-

**आंतों में फूड की गतिशीलता बेहतर हो जाती है:** 'डायबिटीज, मेटाबोलिक सिंड्रोम एंड ओबेसिटी' नामक पत्रिका के अनुसार, फार्ट वाकिंग से फूड जीआई ट्रैक्ट में अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ता है। अध्ययनों से यह भी मालूम होता है कि फार्ट वाक से गैस्ट्रिक एम्प्टिंग तेज हो जाती है यानी पेट से छोटी आंत तक फूड पहुँचाने की प्रक्रिया गति पकड़ लेती है।

**ब्लड शुगर का स्तर बेहतर हो जाता है:** अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन का सुझाव है कि रोजाना 30-मिनट की वाक से ब्लड शुगर लेवल रेगुलेट हो जाता है और इससे टाइप 2 डायबिटीज या इंसुलिन रेजिस्टेंस वाले व्यक्ति को मदद मिलती है।

**ब्लोटिंग:** पेट में गैस जमा होने का मुख्य कारण ब्लोटिंग है। फार्ट वाक से शरीर में फंसी गैस रिलीज हो जाती है। वाकिंग से पेट पर आंतरिक दबाव पड़ता है और फलस्व रूप गैस रिलीज करने में मदद मिलती है।

कुछ बातें जो हम सबको याद रखनी चाहिए-

- खाना खाने के लगभग 40 से 60 मिनट बाद ही फार्ट वाकिंग आरंभ करें।
- धीरे और आराम से चलें। तेज न चलें क्योंकि इससे बेचैनी उत्पन्न हो सकती है।
- फार्ट वाक के बाद पर्याप्त मात्रा में पानी पियें और खुद को हाइड्रेट रखें।
- अच्छे नतीजे बरामद करने के लिए कम से कम 20 से 30 मिनट की फार्ट वाक करें।

# परोपकार सबसे बड़ा धर्म

## अंतर्दृष्टि

हमारी कई आदतें एवं स्वभाव ऐसे होते हैं जो हमारे व्यक्तित्व को गहरे से प्रभावित करते हैं। अगर हम इन आदतों से बचकर रहें तो निश्चय ही हमारा जीवन अधिक सरल एवं सुगम होगा। इस संदर्भ में धम्मपद में गौतम बुद्ध कहते हैं, पांच चीजों को दरवाजे से ही भगा दो, और इनके साथ पांच और हैं, और फिर पांच वह हैं जिनका स्वागत करना है और जब पांच को किनारे पर ही छोड़ दिया जाता है, तो तलाश करने वाले को ओघतिन्नोती कहा जाता है यानी 'जिसने (समुद्र) पार कर लिया है। स्वार्थ, शक, छद्म आध्यात्मिकता, जोश व नफरत वह पांच चीजें हैं जो हमेशा आपके दरवाजे पर खड़ी रहती हैं। तनिक सी लापरवाही और वह अंदर प्रवेश कर जाती हैं। इसलिए अधिक सतर्कता की आवश्यकता है कि उन्हें दरवाजे से ही लौटा दिया जाये। दरअसल, जो लोग यह सोचते हैं कि वह निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, वह भी निस्वार्थ सेवा नहीं कर रहे होते हैं। उनकी सेवा स्वार्थ भरी होती है। वह स्वार्थी होते हैं। उन्हें किसी महान पुरस्कार की तलाश होती है- स्वर्ग और स्वर्ग के आनंद की। स्वार्थीपन से सतर्क रहें। जो लोग आस्था रखते हैं, वह भी शक से भरे होते हैं, तथ्य यह है कि जो लोग शक से भरे नहीं होते, उन्हें आस्था की आवश्यकता ही नहीं है। आस्था का सीधा सा अर्थ है कि आपने शक को ढक लिया है। जब लोग आध्यात्मिक होना चाहते हैं तो छद्म आध्यात्मिक होना आसान हो जाता है। आप मंदिर में जाकर कुछ रीति रिवाजों का पालन करते हैं या पूजा पाठ करते हैं तो आप हिंदू हो जाते हैं, यही काम रविवार को गिरजाघर में जाकर करते हैं तो ईसाई हो जाते हैं और मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ते तो मुस्लिम हो जाते हैं। असल आध्यात्म हर सड़ी गली चीज, हर गुजरी हुई चीज, हर वह चीज जो दूसरों के द्वारा आप पर थोपी जा रही है, हर प्रकार की कंडीशनिंग के विरुद्ध विद्रोह है। ...और जोश... गौतम बुद्ध ने कहा, सावधान! आप इसे यहां दबा लेंगे, लेकिन कहीं और इसकी इच्छा करने लगेंगे। जोश आपको इतनी आसानी से नहीं छोड़ता है। अंतिम चीज है नफरत। आपके सारे अंग नफरत से भरे हैं- पापियों के लिए नफरत से। इसलिए उन्होंने नरक की रचना की है। अपने लिए स्वर्ग और पापियों के लिए नरक। अपने लिए स्वर्ग और नरक उन लोगों के लिए जो उनके धर्म का पालन नहीं करते। यह नफरत है। यह वही मानसिकता है, वही बदसूरत मन जो नए खेल, खेल रहा है, लेकिन बदला कुछ नहीं है। पांच और चीजें हैं... जो दिखाई नहीं देतीं, लेकिन वह भी हैं, जो इन पांच के पीछे छुपे हुए हैं। यह हैं- जीने की हवस, महिला के लिए हवस या पुरुष के लिए हवस को छोड़ा जा सकता है। लेकिन स्वयं जीवन के लिए हवस को छोड़ना बहुत कठिन है। हर कोई जीना चाहता है और जब तक संभव हो जीना चाहता है।

# साहित्य सेवकों का संघर्ष

## व्यंग्यलोक

साहित्य पर सब कुछ न्योछावर करने वालों ने हमेशा इसका झंडा बुलंद रखा। पता नहीं आजकल ऐसे लोग कहाँ गये। वे असली साहित्यकार लोग थे। नाक-नक्शे में तो ये लोग हमारी ही तरह थे, परन्तु इनकी मुद्रा गम्भीर तथा स्वभाव के ये चिड़चिड़े हुआ करते थे। ये लोग थे तो लेखक ही परन्तु लिखते कम और बोलते ज्यादा थे। लिखने के बाद ये लोग अपनी रचनाओं को बाँधकर सोने के पलंग के नीचे रख देते थे। प्रकाशन के लिए उन दिनों लघु पत्रिकाएँ निकला करती थीं। ये असली साहित्यकार ही इन्हें निकाला करते थे। घर के जेवर या वेतन से वे इन पत्रिकाओं का अनियतकालिक प्रकाशन जारी रखते थे। इनमें उनके ही जैसे खुरदरे और चिड़चिड़े लोगों की रचनाओं का प्रकाशन हुआ करता था। ये लोग अपने को साहित्य का नियंता व नियामक माना करते थे, साहित्य की नींव इन्हीं पर टिकी हुई थी। वे बड़ी व्यवहारिक पत्रिकाओं में लिखने वाले लेखकों को व्यावसायिक माना करते थे तथा उन्हें हेय दृष्टि से देखा करते थे। जो लोग साहित्यिक लघु पत्रिकाओं का प्रकाशन किया करते थे, वे सम्पादक व साहित्यकार दोनों हुआ करते थे। वे सेठों से चंदा भी अपने पत्रों को चलाने के लिये लिया करते थे। सेठ उन्हें निरीह, असहाय तथा गिरा हुआ समझकर दयाभाव से विज्ञापन रूप में कुछ आर्थिक सहयोग देकर उपकृत कर दिया करते थे। ये अपने लेखन में पूँजीपतियों की धज्जियाँ उड़ाते तथा सर्वहारा के संघर्ष की बात पर जोर देते थे। इसलिए ये लोग जुझारू रूप में भी जाने गये।


पूरन सरमा

सेठ यह जानते हुए भी कि इन लघु-पत्रिकाओं के प्रकाशक उन्हें गालियाँ देते हैं, उसके बाद भी अपना सहयोग जारी रखते थे। वह इसलिए कि ये पत्रिकाएँ केवल कुछ सौ की संख्या में हुआ करती थीं तथा उन्हीं के बहुत छोटे दायरे में मात्र असली साहित्यकारों में ही पढ़ी जाती थीं। आम आदमी तक उनकी पहुँच नहीं थी और यदि वह साहित्य आम आदमी तक पहुँच भी जाता था, तो वह समझ नहीं पाता था। अतः उसकी उपादेयता मात्र लेखक समुदाय के मध्य ही मानी जाती थी। व्यावसायिक लेखक इन पत्रिकाओं को देखकर उस समय हँसा करते थे। उन्हें हँसता देखकर वे लोग दाँत पीसते थे तथा वे उनके कोप के भाजन हो जाया करते थे। वे उनके खिलाफ अपनी लघु-पत्रिकाओं में सम्पादकीय लिखते तथा व्यावसायिक एवं साहित्यिक लेखन की बाँट बनाये रखते थे। वे लोग धुन के पक्के तथा इरादों को साकार करने वाले थे। उनके घरों में चाहे खाद्यान्न का संकट हो या बच्चों की हालत विपन्न हो, परन्तु वे लोग साहित्य के लिये मर मिटा करते थे।

## विचार

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

## आप की बात

### अवैध निर्माण बड़ी समस्या

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं।

**अशोक कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### आधुनिक शिक्षा जरूरी

उत्तर प्रदेश सरकार की टेबलेट नीति शिक्षा के लिए जरूरी है लेकिन सभी छात्रों को टेबलेट देना चाहिए। पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में सरकार के द्वारा छात्रों को दिया गया स्मार्टफोन, टेबलेट बहुत ही मददगार साबित होगा। लेकिन यह सुविधा सभी छात्रों को मिलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ छात्रों को मिलेगा लेकिन अधिकांश छात्र इससे वंचित रहेंगे। ऐसे में स्कूल बंद होने पर उनकी शिक्षा का क्या होगा इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। इसी तरह प्रदेश सरकार ने गरीब वर्ग के छात्रों की मदद के लिए कोचिंग योजना की जो शुरूआत की है उसकी सराहना होनी चाहिए। इससे गरीब वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में मदद मिलेगी। वैसे प्रदेश सरकार शिक्षा की दशा और दिशा को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार एक के बाद एक अभिनव पहल कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने, छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, उच्च शिक्षा से लेकर माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा तक, करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने, प्रशासनिक, मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं सैन्य सेवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के बाद अब एक और बेहतरीन फैसला किया है जिससे एक साथ अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा। दरअसल प्रदेश सरकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साल में दो यूनिफार्म सेट के साथ ही सर्दी में स्वेटर, जूता, मोजा भी उपलब्ध कराती है। इन सभी मदों में सरकार ने रकम निर्धारित कर दी है, लेकिन जब स्कूल खुलते हैं तो प्रायः सत्र शुरू पर बच्चों को यूनिफॉर्म नहीं मिल पाते हैं। दो-तीन महीने बाद जब यूनिफार्म आता है तब तक बच्चों को पुराने से ही काम चलाना पड़ता है। बड़ी संख्या में छात्र बिना यूनिफार्म के ही चले जाते हैं। इसी तरह सरकार स्वेटर देती है लेकिन सर्दी शुरू होने पर नहीं मिल पाता, जब तक टेंडर करती है, सप्लायर तय करती है तब सर्दी बीत जाता है और जब बच्चों को स्वेटर मिलता है तब तक गर्मी शुरू हो जाती है। यह देरी दरअसल सरकारी खरीद प्रक्रिया के कारण है जिसमें टेंडर लगाने, अधिकारियों का कमीशन फिक्स होने आदि में समय लगता है और जब अधिकारी सब कुछ तयतोड़ कर लेते हैं तब जाकर टेंडर पास होता है। इससे एक तो भ्रष्टाचार पनपता है और दूसरे छात्रों को समय पर यूनिफार्म नहीं मिलता है। कई बार घटिया कपड़ों से बना यूनिफॉर्म मिल जाता है। इस व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश सरकार ने यूनिफॉर्म का पैसा छात्रों को नकद देने का फैसला किया है। यह एक ऐसी पहल है जिससे भ्रष्टाचार भी कम होगा।

**रघुवीर यादव, लखनऊ.**

संक्षेप

## रोजगार मेले का आयोजन आज

**अयोध्या।** सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या मण्डल अयोध्या देवव्रत कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या द्वारा 09 जनवरी, 2026 को प्रातः 10 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर फतेहगंज लालबाग अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तकनीकी/गैर तकनीकी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, एवं आई0टी0आई0 आदि है प्रतिभाग कर सकते है, ऐसे अभ्यर्थी रोजगार मेला आई0डी0-7150 व पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते है।

# हिंदू सम्मेलन में दिया गया एक जुटता का संदेश

**अयोध्या।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ के शताब्दी वर्ष पर अयोध्या महानगर के राम लला नगर के राजकोट बस्ती में गुरुवार को हिंदू सम्मेलन का सकल हिन्दू समाज के आयोजकत्व में आयोजन किया गया। समारोह में संघ के अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि हमें संगठित

**● राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर किया गया आयोजन**

रहना होगा। कलयुग में संगठन ही शक्ति होती है। हमारा देश हजारों साल तक गुलाम रहा यदि हम संगठित होते तो पराधीन नहीं होते। कहा कि हमारा देश हिंदू राष्ट्र है, था और आगे भी रहेगा। सनातन की शक्ति को मजबूत करने के लिए हमें बटने से बचने की जरूरत है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बावन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज ने कहा कि हमें कटना, बटना और छटना नहीं है बल्कि एकजुट रहना है। लगातार सनातन को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, हमें इस कुचक्र के विरुद्ध डटकर खड़े रहना होगा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे सुप्रसिध्द ज्योतिष आचार्य पंडित राकेश तिवारी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति सह-अस्तित्व और करुणा की परंपरा पर आधारित है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने शिक्षा, परिवार और समाज के माध्यम से संस्कारों के संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही चुनौतियों का सामना कर सकता है। यदि एकजुट नहीं हुए तो सनातन धर्म पर संकट बरकरार रहेगा।

जो निरंतर है वही सनातन है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमें




संगठित होना होगा। यदि एकजुट नहीं हुए तो सनातन धर्म पर संकट बरकरार रहेगा। जो निरंतर है वही सनातन है।

सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमें संगठित होना होगा। अगर संस्कृति की रक्षा नहीं हुई तो न संस्कार, सदाचार और त्योहार बचेगा।

संस्कृति बचेगी तो सनातन बचेगा। प्रांत प्रचारक की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयास से आज अयोध्या में सभी जातीय मंदिर एक झंडे के नीचे बैठक कर रहे हैं। सम्मेलन की शुरुआत भारत माता के चित्र पर अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल ,बावन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण महारा,आचार्य पंडित राकेश तिवारी महाराज के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया और समापन में सभी ने अपने स्थान पर खडे होकर सस्वर भारत माता की आरती गया और भारत माता की जय के जयकारे लगाए और समारोह में हनुमान चालीसा का पाठ और भजन की प्रस्तुति हुई। सम्मेलन में संघ के महानगर प्रचारक सुदीप जी, महानगर संघचालक डा. विक्रमा प्रसाद पांडेय, महानगर सह संपर्क प्रमुख रवि दास, महानगर साय प्रचारक आकाश, महानगर कुटुंब प्रबोधन सह प्रमुख पवन पांडेय, प्रचारक सुरेंद्र, राम लला नगर के नगर संघ चालक महंत जय राम दास , नगर निगम महापौर महंत गिरीश पति तिवारी , महंत रामशरण दास रामायणी, महंत राजीव लोचन शरण, महंत बनवारी पति, महंत सनत दास, भवदीय स्कूल ग्रुप के प्रबंधक अवधेश वर्मा, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, डा.प्रज्वलल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, मोबाइल उल्लंघन पर प्रवर्तन टीम ने शुरू किया विशेष अभियान



**बाराबंकी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत बिना हेलमेट एवं पीछे बैठी सवारी सहित बिना सीटबेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल प्रयोग करने वाले के विरुद्ध परिवहन विभाग ने 8 से 14 जनवरी 2026 तक विशेष अभियान शुरू किया। इस दौरान बिना हेलमेट व सीटबेल्ट, मोबाइल प्रयोग करते मिलने पर कई वाहनो के चालान करते हुये रोड सेफ्टी नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया गया। विशेष अभियान का नेतृत्व कर रही सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बाराबंकी-लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर बिना हेलमेट व सीटबेल्ट के वाहन संचालित करते मिलने पर 20 चालान किये। तो वही यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द त्यागी ने कुर्सी-बाराबंकी मार्ग पर हेलमेट-सीटबेल्ट, मोबाइल प्रयोग, रागसाइड,.बकाया टैक्स, एचएसआरपी, ओवरलोड़, परमिट का उल्लंघन मिलने पर 51 चालान व 8 वाहनो को सीज किया। इस दौरान टेम्पट्र वाहन चालको को रेटो रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने को लेकर सख्त चेतावनी दी। तथा जागरुकता पम्पलेट बांटे।

# अयोध्या में बिजली व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या के शहरी क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा नई वर्टिकल व्यवस्था लागू की जा रही है। यह जानकारी योगेश कुमार, निदेशक (वाणिज्य) मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने मीडिया को दी। निदेशक का

**● वर्टिकल सिस्टम लागू, 4 हेल्पडेस्क होंगे सक्रिय: योगेश**

अयोध्या पहुंचने पर अधीक्षक अभियन्ता विनय कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। योगेश कुमार ने बताया कि अयोध्या शहर में जेईटीजी-2 स्तर पर वर्टिकल सिस्टम लागू किया जाएगा, जिससे कार्यों का स्पष्ट विभाजन होगा और शिकायतों का निस्तारण तेजी से किया जा सकेगा। इस व्यवस्था के तहत शहर में चार हेल्पडेस्क स्थापित किए जाएंगे, जो कौशलपुरी, राम की पैड़ी, अमानीगंज और लालबाग क्षेत्रों में संचालित होंगे।उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के लिए फास्ट ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। शिकायतें ऑटो रैंडम




सिस्टम के जरिए अलग-अलग कर्मचारियों को आवंटित होंगी, जिससे काम का दबाव बराबर बंटेगा और जवाबदेही तय होगी। इसके साथ ही कर्मचारियों के कार्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियों में बांटा जाएगा।निदेशक वाणिज्य ने यह भी बताया कि व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एसडीओ और जेई की संख्या बढ़ाई जाएगी तथा सभी बिजली घरों पर सरकारी कर्मचारियों की मौजूदगी अनिवार्य की जाएगी। इससे बिजली आपूर्ति और रखरखाव की निगरानी बेहतर हो सकेगी। इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर योगेश कुमार ने कहा कि आने वाले समय में कमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए अलग व्यवस्था लागू की जाएगी और इसके लिए 33 केवी का अलग कार्यालय स्थापित किया जाएगा। इसी तरह तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर भी अलग-अलग व्यवस्थाएं होंगी।उन्होंने विश्वास जताया कि इन सुधारों से अयोध्या में बिजली व्यवस्था अधिक पारदर्शी, सुचारु और उपभोक्ता-हितैषी बनेगी।

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी शिकायतें

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो। जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए और शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

# अयोध्या पहुंची नयी सोच नयी शक्ति फाउंडेशन की चेयरमैन रोजी बारोलिया



जिला संवाददाता

**अयोध्या।** नई सोच नई शक्ति फाउंडेशन, जयपुर की चेयरमैन एवं प्रख्यात ट्रांस राइट्स एक्टिविस्ट रोजी बारोलिया शुक्रवार को अयोध्या पहुँचीं। इस दौरान वह शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी के आवास पर रुकीं, जहाँ उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की। रोजी बारोलिया ने कहा कि उनका संकल्प था कि जब भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा, तब वे अयोध्या आकर दर्शन करेंगी। आज वह संकल्प पूरा हुआ है और रामलला के दर्शन कर उन्हें आत्मिक शांति व ऊर्जा मिली है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था, संस्कार और समानता का भी प्रतीक है। यहां आकर उन्हें सामाजिक समरसता और सकारात्मक सोच की अनुभूति हुई है। उन्होंने अपने मित्र सत्यभान सिंह जनवादी के सहयोग और स्नेह के लिए भी आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि रोजी बारोलिया ने जयपुर ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान में

**● कहा- रामलला के दर्शन का संकल्प हुआ पूर्ण**

इतिहास रच दिया है। वह राजस्थान की पहली ट्रांसजेंडर महिला हैं जिन्होंने अपनी वास्तविक पहचान ह्यथर्ड जेंडरह्ल के साथ पासपोर्ट प्राप्त किया है। यह उपलब्धि ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि और प्रेरणा का स्त्रोत है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगी है।

गौरतलब है कि जयपुर निवासी रोजी बारोलिया पेशे से मेकअप आर्टिस्ट होने के साथ-साथ एक सक्रिय ट्रांस राइट्स एक्टिविस्ट भी हैं। उन्होंने अपनी पहचान और अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया है। आज वे न केवल अपने कार्यक्षेत्र में सफल हैं, बल्कि ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। रोजी बारोलिया ने बताया कि ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए ह्यथर्ड जेंडरह्ल पहचान के साथ सरकारी दस्तावेज बनवाना अत्यंत आवश्यक था।

इसी दिशा में पहल करते हुए उन्होंने अपने पासपोर्ट में अपनी वास्तविक पहचान दर्ज कराई। इससे यह संदेश गया है कि सही पहचान और सम्मान के साथ अधिकार प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि उन्हें प्रवासी संघ (राजस्थान) के ट्रांसजेंडर प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस जिम्मेदारी के माध्यम से वह समुदाय के सामाजिक और राजनीतिक उत्थान के लिए और अधिक सशक्त भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि पहचान और समान अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, और आत्मविश्वास व दृढ़ संकल्प से समाज की सोच बदली जा सकती है।

## मिशन शक्ति केन्द्र कर्मियो ने की काउसलिंग, एक दम्पति साथ रहने को हुए राजी



**बाराबंकी।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना बड्डूपुर मिशन शक्ति केन्द्र पर परिवार काउसलिंग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे काउसलिंग के बाद 1 दम्पति साथ रहने को राजी हुये। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु थाना बड्डूपुर मिशन शक्ति केन्द्र पर परिवार काउसलिंग शिविर आयोजित किया गया। जिसमे आपसी विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्षों के लोग उपस्थित हुये। जिसमे मिशन शक्ति केन्द्र में नियुक्त कर्मियों द्वारा काउंसलिंग करने के बाद 1 प्रार्थना पत्र में सुलह समझौता कराया गया।

## बुढ़वल स्टेशन पर निर्माणाधीन पुल कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद तनुज पुनिया



**बाराबंकी।** रामनगर-फतेहपुर रोड स्थित बुढ़वल स्टेशन पर निर्माणाधीन पुल का कार्य लगभग 1 वर्ष से अधिक वंछित है। जो पुल का मध्य भाग दोनो ओर से बन चुका है लेकिन शेष कार्य अधूरा होने के कारण आम जनमानस को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में एक ट्रक पुल से नीचे गिर गया जिससे दो लोगों की असमय मृत्यु हो गई। उक्त बात काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने आज बुढ़वल स्टेशन पर निमार्णाधीन पुल कार्य का निरीक्षण करने के दौरान कही। तथा दोनों ओर लगाये गये हाइट गेट से किसानों एवं राहगीरों को हो रही परेशानियों की समस्या को लेकर रेलवे अधिकारियों से संचार के माध्यम से वार्ता की आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर सौरभ पाण्डेय, नेकचन्द्र त्रिपाठी, अकील इदरीसी, रामकुमार लोधी, सन्तोष रावत, धनन्जय सिंह आदि मौजूद रहे।

# गैंगस्टर के 20 वर्षीय पुत्र की हत्या मामले में आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

**बाराबंकी।** पीडित को इंसाफ दिलाये जाने के मामले मे लीपापोती मे जुटी थाना नगर कोतवाली पुलिस की कार्यशैली सवालो के घेरे मे है? हत्या से सम्बधित मामले मे पुलिस की विधि विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के खिलाफ जंहा पीड़ित अवसाद मे है। तो

**● न्यायालय के आदेश के बाद रसूखदार आरोपियो पर दर्ज हुआ था हत्या का मुकदमा**
**● विवेचना प्रभावित मे जुटी कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल?**

वही दूसरी तरफ आरोपियो को बचाये जाने की कवायद के प्रयास भी अब जनचर्चा का विषय बन गये है।

पीड़ित ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियो को आरोपियो को बचाये जाने व बयान न लिये जाने की शिकायत भी की है। मामला गैंगेस्टर कोर्ट मे तैनात विशेष लोक अभियोजक एड़वोकेट पीड़ित रमेश चन्द्र वर्मा के 20 वर्षीय पुत्र अनन्य वर्मा की मौत से जुड़ा हुआ है। बीती दिनांक 1 दिसम्बर 2025 को मृतक अनन्य वर्मा का शव घर के आंगन मे छत के लोहे के जाल से लटकता हुआ पाया गया था। पोस्टमार्टम पश्चात हत्या से सम्बधित साक्ष्य होने पर पीड़ित पिता ने पुलिस से फरियाद लगाई।

साथ ही आरोपियो पर मृतक के लैपटाप व मोबाइल से छेडछाड़ करने व सबूत मिटाये जाने के भी आरोप लगाये। लेकिन पुलिस ने रसूखदार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही किया।

जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण मे जाकर आरोपियो पर मुकदमा दर्ज किये जाने की गुहार लगाई।

न्यायालय के आदेश के बाद रसूखदार आरोपियो पर मुकदमा तो दर्ज हो गया। लेकिन आज तक पुलिस के हाथ खाली है? रसूखदारो को गिरफ्तार करने की दिशा



मे पुलिस ने कोई कार्यवाही अब तक नही की है? इसके साथ ही पीड़ित ने पुलिस पर विवेचना प्रभावित किये जाने व आज तक पीडित का बयान न दर्ज किये जाने की शिकायत भी उच्च अधिकारियो से वाट्सअप के जरीये संदेश भेजकर की है।

पुलिस ने न्यायालय के आदेश के बाद दिनांक 5 जनवरी 2026 को आरोपी अरविन्द राजपूत, आमिर व अन्य अज्ञात लोगो के खिलाफ धारा 103(1), 238 बीएनएस 2023 के तहत मुकदमा तो दर्ज किया है। लेकिन पीड़ित का बयान अभी तक दर्ज नही किया गया है।

# विधायक ने एसडीएम के साथ बांटे कंबल



**बहराइच।** निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील नानपारा अन्तर्गत थाना खैरीघाट के ग्राम गुजरातीपुरवा में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के साथ 513 जरूरतमन्दों को कम्बल का वितरण किया। तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा आयोजित कम्बल वितरण शिविर के अवसर पर विधायक श्री वर्मा ने कहा कि कम्बल वितरण से जरूरतमन्द लोगों को बड़ी राहत मिली है।

श्री वर्मा ने प्रशासन विशेषकर उप जिलाधिकारी की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा ही जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का प्रमुख दायित्व है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज के कमजोर वर्ग को संबल मिलता है। श्री वर्मा ने समाज के सक्षम व्यक्तियों का आहवान किया कि वे भी ऐसे पुनीत कार्यों में भागीदार बने।

उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने कहा कि शासन व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने बताया कि सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि संवेदनशील एवं सक्रिय रहते हुए सभी चिन्हित जरूरतमन्दों तक समय से सहायता पहुंचायी जाये। इस असवर पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय व शिवपुर के मथुरा प्रसाद, थानाध्यक्ष खैरीघाट, राजस्व विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय कार्यक्रम निदेशक ने किया हड़ियाकोल आश्रम का निरीक्षण



**बाराबंकी।** श्रीराम वन कुटीर हड़ियाकोल आश्रम में चल रहे निःशुल्क नेत्र मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का राष्ट्रीय कार्यक्रम निदेशक डॉ0 शुभा मिश्रा, संयुक्त निदेशक डॉ0 सरला चैधरी, संयुक्त निदेशक नेत्र डॉ0 पंकज सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवधेश कुमार यादव, डी0पी0एम डॉ0 डी0के0 श्रीवास्तव, टी0एन वर्मा, अंकुर वर्मा ने संयुक्त रुप से निरीक्षण किया। इस दौरान ओ0पी0डी, पैथॉलाजी विभाग, ऑपरेशन थियेटर वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों का हाल-चाल व सुविधाओ की जानकारी ली। तथा नेत्र सर्जन डॉ0 जैकब प्रभाकर की टीम के सदस्यों से भेंट कर मरीजों की निःस्वार्थ सेवा हेतु बधाई दी। आश्रम सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि 1984 से लगातार सर्जरी टीम को लाने वाले शिविर निदेशक प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 जे0के0 छापरवाल उदयपुर की 100 सदस्यीय टीम को आज इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान अध्यक्ष व वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ0 आनन्द गुप्ता ने बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। डॉ0 जे0के0 छापरवाल ने बताया कि इस 100 सदस्यीय टीम में 40 विशेषज्ञ सर्जन, 60 नर्सिंग स्टाफ, 10 वैद्य, 5 टैक्नीशियन, वार्ड ब्वाय, आया एवं समाज सेवी शामिल हैं। ये टीम 11, 12, 13 जनवरी को हार्निया, हाइड्रोसील, पाइल्स के ऑपरेशन करेगी।

# वीबी-जी. राम जी अधिनियम को लेकर कारागार मंत्री ने की प्रेस वार्ता

**बाराबंकी।** ग्राम्य विकास के जरिए विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में विकसित भारत जी राम जी कानून अहम कड़ी साबित होगा।




अब गड्ढा खोदने एवं पाटने के बजाय रेन वाटर हारवेस्टिंग, चेक डैम, सड़क, नाली, खेल मैदान, ओपन जिम, मंडी निर्माण एवं बड़ी पंचायतों में माल निर्माण जैसे स्थायी

**● प्रधानमंत्री नेतृत्व में अधिनियम विकसित भारत की नींव बनेगा-सुरेश राही**
**● प्रदेश की करीब 58 हजार ग्राम पंचायतों, 1 लाख से अधिक राजस्व ग्रामों को मिलेगा लाभ**

कार्य कराए जाएंगे। जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता मे जनपद के प्रभारी कारागार मंत्री सुरेश राही ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह अधिनियम विकसित भारत की नींव बनेगा। प्रदेश की करीब 58 हजार ग्राम पंचायतों और एक लाख से अधिक राजस्व ग्रामों को लाभ मिलेगा।

इस योजना का उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक लाभ होगा। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि संसाधनों पर डकैती डालने वालो की पोल खुल रही है।

विपक्ष विकसित भारत जी राम जी पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन मनरेगा की विफलताओं पर चुप हैं।

प्रेस वार्ता में राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव खाद्य और रसद ने अधिकारियों के साथ की बैठक

बहराइच । प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले रणवीर प्रसाद ने विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सी.एम. डैश बोर्ड, अन्नपूर्णा भवनों के संचालन व निर्माण कार्य तथा धान खरीद कार्य की समीक्षा की। प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने सीएम डैश बोर्ड की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन विभागों की रैंकिंग संतोषजनक नहीं है वे अपने-अपने विभाग से समन्वय कर रैंकिंग में अपेक्षित सुधार लाये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त संदर्भो का समय से निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। किसी भी दशा में संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये। संदर्भो के गुणवत्तापरक निस्तारण पर विशेष ध्यान दें ताकि सम्बन्धित फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से पूरी तरह संतुष्ट हो सके।प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देषित किया कि सोलर स्ट्रीट लाइट योजनान्तर्गत ग्रामीण बाजारों मे लगाये गये सोलर स्ट्रीट लाइट का सत्यापन नियमित रूप से करते रहे। उद्यान विभाग की समीक्षा मे निर्देषित किया गया कि उद्यान विभाग द्वारा




विकसित किये गये विभिन्न उद्यानों से सम्बन्धित फोटो ग्राफ्स एवं लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराये। विद्युत विभाग की समीक्षा अन्तर्गत अधिषाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बहराइच को निर्देषित किया गया कि शहरी क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे खराब ट्रान्सफार्मर की मरम्मत हेतु निर्धारित समय का अनुपालन किया जाय और विगत माहों में मरम्मत किये गये ट्रान्सफार्मरों की सूची क्षेत्र सहित उपलब्ध कराये। प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने कृषि विभाग की समीक्षा अन्तर्गत किसानों मे डी0बी0टी0 रसायन का कृषकों मे किये गये वितरण का सत्यापन करायें तथा कृषकों के फीडबैक से अवगत कराये। पी0एम0कुसुम योजनान्तर्गत कृषकों मे वितरित 428 सोलर पम्प का सत्यापन कराये एवं यन्त्र की उपयोगिता से अवगत कराये।अन्नपूर्णा भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि निमाणार्धीन अन्नपूर्णा भवन को यथाशीघ्र पूर्ण कर उन्हें हैण्डओवर कराते हुए संचालन कराया जाय। उन्होंनें यह भी कहा कि निमाणार्धीन अन्नपूर्णा भवनों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभागीय लाभार्थियों से वार्ताकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की वास्तविक जानकारी प्राप्त करें। धान खरीद की समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने कहा कि धान क्रय केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर शासन की मंशानुरूप धान की खरीद सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने कहा कि धान खरीद में छोटे काश्तकारों को प्राथमिकता प्रदान की जाय।

बैठक के दौरान प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने पीएम सूर्यघर, सभी प्रकार की छात्रवृत्ति, विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मर को बदलने, कृषि यन्त्रों का वितरण, खाद, बीज की उपलब्धता सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र डीडीओ राज कुमार, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, पीडी डीआरडीओ मनीष कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक



**बहराइच** । मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्पुलिस विभागस्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

संक्षेप

## ट्रेन की चपेट में आने से बालिका की मौत

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के चांदा रेलवे हाल्ट के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। चांदा हाल्ट से लगभग 300 मीटर पश्चिम दिशा में रेलवे ट्रैक पार करते समय एक 15 वर्षीय बालिका ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान शिवानी पुत्री धनीराम, उम्र लगभग 15 वर्ष, निवासी चांदा महारानी गांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बालिका किसी कार्य से रेलवे ट्रैक के पास गई थी, इसी दौरान आ रही ट्रेन की चपेट में आ गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही चांदा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं, इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## रोमांचक मुकाबले में नरहरपुर को हरा महेशपुर बना विजेता

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के भदैया ब्लॉक स्थित हनुमानगंज के बिकवाजीतपुर मेला बाग ग्राउंड में आयोजित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल कैश मनी क्रिकेट प्रतियोगिता में आयोजक जगन्नाथ वर्मा अध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा की अगुआई में आठवें दिन महेशपुर और नरहरपुर के बीच खेला गया। नरहरपुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाया। जवाब में उतरी महेशपुर की टीम ने 6 ओवर 4 गेंद 4 विकेट खोकर लक्ष्य को पूरा कर लिया। महेशपुर ने 6 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच शेखर रहे जिन्होंने 19 रन बनाकर 1 विकेट लिए। प्रतियोगिता में आज एक मैच ही खेला गया। निर्णायक राज वर्मा और अनिल शर्मा रहे। स्कोरिंग अवनीश वर्मा संचालन आशुतोष चैधरी ने किया। इस अवसर विधायक प्रतिनिधि मोनू गुप्ता, किशन मिश्र, गोलू, मुन्ना लाल सौरभ चैरसिया सहित खिलाड़ी व दर्शक मौजूद रहे।

## आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर दायर परिवाद पर हुई बहस

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मध्य प्रदेश के भोपाल में कृषि विभाग में उपसचिव पद पर तैनात आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में दायर परिवाद पर गुरुवार को बहस हुई। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरुण उपाध्याय की ओर से कोर्ट में दायर परिवाद पर अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने दलीलें पेश की। उन्होंने कई विधि व्यवस्थाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मामला सुनवाई किये जाने योग्य है। विदित हो कि आईएएस संतोष वर्मा द्वारा संगठन के एक प्रांतीय अधिवेशन में दिया गया बयान विभिन्न समाचार पत्रों में बीते 26 नवंबर को प्रकाशित हुआ था। इसमें उन्होंने ब्राह्मण समाज की बेटियों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। आईएएस के आपत्तिजनक बयान से परिवादी व देश विदेश के अनारक्षित सवर्णो एवं कुछ अनारक्षित व अन्य अनारक्षित वर्ग के व्यक्ति आहत है। परिवादी ने संतोष वर्मा को तलब कर दंडित करने की मांग की है।

# अदिति सिंह ने शहीद बुधई पासी स्मृति मेले का किया शुभारंभ



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने विकास खंड राही अंतर्गत काटीहार चकनिजाम भांव स्थित शहीद स्मारक में अमर शहीद बुधई पासी की स्मृति में आयोजित ऐतिहासिक मेले का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ किया। यह मेला न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों से भी हजारों नागरिकों की भारी उपस्थिति के साथ आयोजित हुआ। प्रातः काल से सायंकाल तक चलने वाले इस मेले में जन-जन की अटूट आस्था, गहरी श्रद्धा और अमर शहीद के प्रति अपार सम्मान स्पष्ट रूप से झलक रहा था।

विधायक अदिति सिंह ने कहा कि अमर शहीद बुधई पासी रायबरेली के कांटीहार गांव के निवासी थे, जिन्होंने अवध किसान आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह आंदोलन ब्रिटिश शासन के खिलाफ किसानों के शोषण और अत्याचार के विरुद्ध एक बड़ा संघर्ष था। 7 जनवरी 1921 को मुंशीगंज गोलीकांड के दौरान बुधई पासी सहित कई किसान शहीद हुए थे। उनकी पत्नी जनकिया ने भी इस आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की और विधवा होने के बाद भी ब्रिटिश दमन के खिलाफ संघर्ष जारी रखा। उन्होंने कहा कि बुधई पासी का बलिदान पासी समाज और पूरे किसान समुदाय के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना हुआ है। उनकी याद में आयोजित यह मेला हर साल सामाजिक एकता, किसान अधिकारों और स्वतंत्रता संग्राम की भावना को जीवंत रखने का माध्यम बनता है।

## सत्संग का हुआ आयोजन

**नसीराबाद, रायबरेली।** नगर पंचायत के रामलीला मैदान में संत निरंकार का सत्संग का आयोजन हुआ। इस आयोजन में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष और बहनें उपस्थित रहे। सभी ने सत्संग सुना रहे सत्संग गुरु ने कहा कि आत्म मंथन का एक ही सार सतगुरु ही आदर्श सतगुरु ही आधार जिसकी भक्ति जिसकी पूजा उसका ज्ञान जरूर है कहीं हरदेव की सबसे पहले ईश्वर की पहचान जरूर है आदि सत्संग में प्रेरणादायक बातें बताई। कार्यक्रम में संत धन निरंकार के कार्यकर्ता सत्संग सुनने के बाद सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में लगभग एक हजार महिला पुरुष की भागीदारी रही। सारा कार्यक्रम अनुशासन की भूमिका में सम्पन्न हुआ।

# अधेड़ की गला काटकर हत्या सिर गायब, इलाके में सनसनी

**अमेठी।** जिले के जायस थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां अज्ञात बदमाशों ने एक अधेड़ की गला काटकर नृशंस हत्या कर दी। हत्या के बाद बदमाश मृतक का सिर भी अपने साथ ले गए। मोजमगंज पुल के पास नहर पटरी पर बिना सिर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

बृहस्पतिवार सुबह ग्रामीण मोजमगंज पुल के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर नहर पटरी पर पड़े एक धड़ पर पड़ी। पास जाकर देखने पर पता चला कि शव का सिर गायब है और गले पर धारदार हथियार से वार के गहरे निशान हैं। इस भयावह दृश्य को देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना जायस थाना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जायस पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हत्या बेहद क्रूर तरीके से की गई है। शव की जेब की तलाशी के दौरान पुलिस को एक आधार कार्ड मिला, जिससे मृतक की पहचान प्रतापगढ़ जनपद के सरसठ चौक, धर्मशाला वार्ड, कोतवाली नगर निवासी विजय सिंह (50), पुत्र बेनी माधव सिंह के रूप में हुई। मृतक की पहचान होते ही पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन अमेठी के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मृत्यु के सही कारणों और समय का पता लगाया जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक भी मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को घटना के शीघ्र खुलासे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। आसपास के क्षेत्र में सिर की तलाश की गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक सिर बरामद नहीं हो सका था। इस संबंध में जिले के अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को जायस थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि मोजमगंज नहर पटरी पर एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कराई गई। उन्होंने बताया कि सभी उच्चाधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# सांसद के भेजे कंबलों का किया वितरण



**रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लाक अमावां, हरचन्दपुर, खीरो, डलमऊ, दीनशाहगौरा, ऊंचाहार, शिवगढ़ और महराजगंज में सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी द्वारा भेजे गए कम्बलों का वितरण किया गया। कम्बलों का वितरण ब्लाक अध्यक्षों और विधानसभा प्रभारियों की मौजूदगी में किया गया, पिछले कई दिनों से जिला व षहर कांग्रेस कमेटी गरीबों, बेसहारा और जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कर रही है कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कांग्रेस कमेटी को निर्देष दिया कि बस स्टेषन, रेलवे स्टेषन और प्रमुख चैराहों पर रात को कांग्रेसजन जाकर देखे कि किसी को ठंड से असुविधा तो नहीं हो रही है, असुविधा होने या ठंड से बचाव न होने की स्थिति में तुरन्त उसे कम्बल दें और उसे इस कड़कड़ाती ठंड से बचायें। सभी ब्लाकों में चलाये जा रहे कम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक अषोक सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याषी सुषील पासी, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, अतुल सिंह, हाजी इलियास, सदर कोऑर्डिनटर रोहित सिंह, आरके सिंह, ऊंचाहार कोऑर्डिनटर छत्रेष कुमार, नौषाद खतीब, राहुल बाजपेयी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व नेता गण उपस्थित रहे।

## पत्नी की तहरीर पर तीन नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** बीते बुधवार को हिलहा गांव निवासी 52 वर्षीय पवन बाजपेई के घर में घुसकर चाकुओं से हमले में घायल पवन बाजपेई व उनकी पत्नी की पिटाई के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस छानबीन कर रही है। देर शाम कोतवाली पुलिस को घायल पवन बाजपेई की पत्नी मिलन उर्फ रिंकी ने तहरीर देते हुए गांव के ही तीन नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पवन बाजपेई की हालत गंभीर बनी हुई है। रायबरेली के एम्स अस्पताल मे इलाज जारी है। किसान की पत्नी के मुताबिक धोती के सहारे छत से आंगन में उतरे तीन लोगों को उन्होंने देखा तो वह जल्दी से छिपकर आसपास के लोगो को फोन करने लगी इतने में ही दो हमलावरों ने उन्हें गिराकर उनका गला दबाते हुए मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। और दो लोगों ने दूसरे बिस्तर पर लेटे उनके पति पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर घायल कर दिया। उनके 15 वर्षीय बेटे ओम की तरफ हमलावर हो गया। इतने में ही दूसरे हमलावर ने कहा कि बच्चे को छोड़ो और भागो। आसपास के लोगों की आने की आहट सुन हमलावर छत के रास्ते से ही फरार हो गए। पत्नी रिंकी का कहना है कि उनके पति को जान से मारने की नियत से ही हमला किया गया है। पुलिस ने किसान की पत्नी मिलन उर्फ रिंकी की तहरीर पर गांव के ही बृजेश कुमार पुत्र राम नरेश, अनुज पुत्र बृजेश कुमार, अभिषेक पाण्डेय पुत्र बृजेश कुमार समेत दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि मिली तहरीर के आधार पर तीन नामजद समेत दो अज्ञात लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आगे की कार्रवाई और आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही हमलावर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## हादसे में दो घायल, वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

**नसीराबाद, रायबरेली।** बीते 4 जनवरी को कुंवरमऊ नसीराबाद मार्ग रुस्तमपुर गांव के सामने एक चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तौफीक और निजामुद्दीन निवासीगण ग्राम तहदिल मजरे लहेगा थाना नसीराबाद घायल हो गये थे। दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया था। 7 जनवरी को घायल के छोटे भाई ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि अखिलेश कुमार पुत्र राम कलंफ तिवारी निवासी ग्राम कुडवारा जनपद सुल्तानपुर ने चार पहिया वाहन संख्या यूपी 44ल 5077 लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटर साइकिल संख्या यूपी 33 इन 3134 में जोरदार टक्कर मारी थी। जिससे मोहम्मद तौफीक और निजामुद्दीन गम्भीर रूप से घायल हो गये। और वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गये। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि घायल के छोटे भाई मोहम्मद नफीस के तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में केस दर्जकर लिया है और अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जनपद में शत प्रतिशत युवा वोटर्स को किया जाये कवर : मण्डलायुक्त

● मण्डलायुक्त (रोल ऑब्जर्वर) ने एसआईआर के सम्बन्ध में बैठक कर की समीक्षा



**रायबरेली।** मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ विजय विश्वास पन्त ने जनपद भ्रमण के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं ईआरओ के साथ बैठक कर किये गये कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल मतदाता 1785187 है जिसमें पुरुष 963776, महिला 821385, व अन्य 26 मतदाता है।

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के सम्बन्ध में मीडिया को प्रेस विज्ञप्ति जारी कराते हुए आम जनमानस को जागरूक करने, जनपद व विधानसभा स्तर पर बीएलओ द्वारा सर्वप्रथम एसआईआर का कार्यपूर्ण करने वाले 3-3 बीएलओ को प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किये जाने, विधानसभा स्तर पर बीएलओ/ बीएलए की बैठक समय-समय पर कराने, जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा एएसडीडी सूची का रैण्डम आधार पर जांच, जनपद स्तर व विधानसभा स्तर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समय-समय पर बैठक आयोजित कर जानकारी दिये जाने का कार्य किया गया है।

बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि जनपद में शतप्रतिशत युवा वोटर्स को कवर किया जाये, मतदाता बनने हेतु युवाओं को जागरूक भी किया जाये। जिनके नाम ड्राफ्ट सूची में कटे है उसका क्या कारण है प्रत्येक बीएलओ के पास उसका पूरा विवरण होना चाहिए। यदि कोई ऐसा बूथ है जहां पर कोई समस्या है और उसी के बगल में कोई दूसरा विद्यालय है जहां पर बूथ बनाने में ज्यादा सहूलियत हो ऐसे बूथों को चिन्हित कर उनको शिफ्ट कराया जाये। उन्होंने कहा कि प्राप्त दावे और आपत्तियों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये। बूथ के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो उसका निरीक्षण करवाकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये। इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ राकेश कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, एसडीएम महराजगंज गौतम सिंह, एसडीएम सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, एसडीएम लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी, एसडीएम डलमऊ सतेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी ऊँचाहार राजेश कुमार, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद आदि उपस्थित रहे।

**मण्डलायुक्त ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

**रायबरेली।** मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ (रोल ऑब्जर्वर) विजय विश्वास पन्त ने कलेक्ट्रेट सभागार में ईआरओ की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) में जनपद में अच्छा कार्य हुआ है। किये गये कार्यो के सम्बन्ध में समय-समय पर बैठकों का आयोजन कर अधिकारियों द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी गयी है।

**मण्डलायुक्त ने बूथों का किया निरीक्षण :** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने भ्रमण के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बछरावां के बूथ सं.-95 प्रा0वि0 पीठन, हरचंदपुर के बूथ सं.-364 प्रा0वि0 छतैया, सदर रायबरेली के बूथ सं0-135, 136, 137 राजकीय इण्टर कालेज, सरेनी के बूथ सं.-350 गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज ऐहार का निरीक्षण कर (बीएलओ) से किये गये कार्यो की जानकारी ली गयी तथा नो मैपिंग वाले मतदाताओं के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि डुप्लीकेट, शिफ्टेड व डेथ का पूरा विवरण अभिलेखों में दर्ज होना चाहिए।

# विवादित बयान पर घिरे भाजपा विधायक सुरेश पासी

**अमेठी।** जनपद अमेठी की जगदीशपुर सुरक्षित विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुरेश पासी के हालिया बयान ने राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर व्यापक चर्चा को जन्म दे दिया है। मीडिया से बातचीत के दौरान दिए गए उनके वक्तव्यों को लेकर जहां जनप्रतिनिधि की भूमिका और सार्वजनिक आचरण पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों ने इस पूरे प्रकरण को और अधिक संवेदनशील बना दिया है।

● वायरल वीडियों से तेज हुई राजनीतिक व सामाजिक बहस

विधायक सुरेश पासी द्वारा मुस्लिम वोटों की आवश्यकता न होने, मस्जिद न जाने तथा मुस्लिम समुदाय के घरों पर वोट मांगने या सामाजिक अवसरों में शामिल न होने संबंधी बयान का वीडियो इन दिनों व्हाट्सएप और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो पर बड़ी संख्या में लोग अपनी प्रतिक्रियाएं और टिप्पणियां दर्ज कर रहे हैं, जिससे यह मुद्दा लगातार जनचर्चा में बना हुआ है। इसी क्रम में सोशल मीडिया पर कुछ अन्य वीडियो और तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं, जिनमें भाजपा विधायक सुरेश पासी की पत्नी को एक मजार पर चादर चढ़ाते हुए दिखाए जाने का दावा किया जा रहा है। वहीं कुछ वायरल तस्वीरों में विधायक सुरेश पासी मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ रहे हैं, जहां वे कहीं फीता काटते हुए तो कहीं मंच साझा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में अमेठी जनपद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से जुड़े एक पदाधिकारी के साथ उनकी मौजूदगी भी बताई जा रही है। इन वायरल वीडियो और तस्वीरों को लेकर सोशल मीडिया पर विधायक के बयान और सार्वजनिक गतिविधियों के बीच संभावित विरोधाभास को लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि इन सभी वायरल कंटेंट की स्वतंत्र अथवा आधिकारिक पुष्टि किसी सक्षम प्राधिकरण द्वारा नहीं की गई है और इनकी तथ्यात्मक सत्यता का अंतिम परीक्षण संबंधित जांच एजेंसियों अथवा न्यायिक प्रक्रिया के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसके बावजूद यह मुद्दा आमजन और राजनीतिक गलियारों में बहस का केंद्र बना हुआ है। राजनीतिक विश्लेषकों और सामाजिक संगठनों का मानना है कि जनप्रतिनिधियों के बयान और आचरण का प्रभाव सामाजिक समरसता, लोकतांत्रिक मूल्यों और आपसी सौहार्द पर पड़ सकता है। विपक्षी दलों की ओर से इस पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण, राजनीतिक जवाबदेही और नैतिक जिम्मेदारी तय करने की मांग उठाई जा रही है, जबकि सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की ओर से फिलहाल किसी औपचारिक बयान या विस्तृत प्रतिक्रिया की जानकारी सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि सुरेश पासी अमेठी जिले की जगदीशपुर सुरक्षित विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर दूसरी बार विधायक चुने गए हैं।

# खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने का मिल रहा मौका : पूर्व मंत्री

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार से लेकर उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आगे बढ़ने का मौका दे रही है। इस योजना का उद्देश्य पूरे देश में खेलों में युवाओं को प्रोत्साहित करना है। उक्त बातें भाजपा नेता व केपी सिंह पीजी कॉलेज के प्रबंधक हनुमान प्रसाद सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित दंगल प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व जल शक्ति मंत्री व वर्तमान एमएलसी महेंद्र प्रताप सिंह ने कही। लंभुआ क्षेत्र में स्थित केपी सिंह पीजी कॉलेज मथुरा नगर रामगढ़ के प्राचार्य अवनीश कुमार के नेतृत्व में संस्था प्रबंधक हनुमान प्रसाद सिंह के जन्मदिन के अवसर पर विशाल दंगल प्रतियोगिता के आयोजन में देश-विदेश के पहलवानों ने अपना दम खम दिखाया। दंगल प्रतियोगिता में दिल्ली, जम्मू, राजस्थान, बिहार, हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, जौनपुर, अयोध्या, गोंडा, कानपुर, सुल्तानपुर, मेरठ, प्रतापगढ़, गाजीपुर आदि जनपदों से काफी संख्या में पहलवान शामिल होने के लिए आए। इसके अलावा नेपाल से भी रूबी थापा ने भी अपना दमखम दिखाया। कई जनपदों से महिला पहलवान भी प्रतियोगिता में शामिल हुई। मुख्य अतिथि ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। देर शाम तक प्रतियोगिता का आयोजन चलता रहा। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह बढ़ता है और उन्हें भी खेल के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। प्रतियोगिता में आए हुए अतिथियों का आयोजक प्राचार्य अवनीश कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ एके सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि डिंपल सिंह, धनंजय सिंह, मनीष सिंह, विपिन सिंह, वेद प्रकाश सिंह, मल्ले सिंह, अखिलेश सिंह, प्रदीप सिंह, प्रशांत चतुवेर्दी, हरिओम अग्रहरि, लल्लन सिंह आदि मौजूद रहे।

## रीता सिंह जनकल्याण समिति के कार्यकर्ताओं ने विद्युत समस्या को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद में गेहूं की फसल सिंचाई का पीक समय चल रहा है लेकिन किसानों को समय से बिजली न मिलने पर उनकी फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही जिसको लेकर किसान महिला के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओ ने बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। वृहस्पतिवार को रीता सिंह जनकल्याण समिति की अध्यक्ष रीता सिंह की अगुवाई में सैकड़ों महिलाओं ने जनपद में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं का कहना है कि इस समय गेंहू सिंचाई का पीक समय चल रहा है दिन में चार -पांच घंटे ही बिजली मिल पा रही हैं जिससे गेंहू सिंचाई बाधित हो रही है उनका कहना है वर्तमान में लागू विद्युत रोस्टर जनहित में नहीं है अघोषित बिजली कटौती बंद की जाय, बिजली बकायेदारों के लिए जारी एकमुश्त योजना के दौरान न काटा जाय योजना समाप्त होने के उक्त कार्यवाही की जाय। कार्यकताओं ने बिजली का अधिशाषी अभियंता बिजली विभाग अरूण को सौंप कर उक्त समस्या का निदान करने की मांग किया है। इस मौके पर अनीता, रामकली, कमलेश, ऊषा गीता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जानकी देवी पब्लिक स्कूल ने जीता जय पंडित बाबा क्रिकेट का दूसरा क्वार्टर फाइनल

**नसीराबाद, रायबरेली।** शिवपती देवी शिवदर्शन पांडेय सेवा समिति द्वारा प्रायोजित जय पंडित बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरे दिन के पहले लीग मैच में बभनपुर बी टीम के निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट पर 78 रन के जवाब में परैया नमकसार ने निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट पर 101 बनाकर 23 रनों से विजय हासिल की। दूसरे लीग मैच में जानकीदेवी पब्लिक स्कूल गढ़ा की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 2 विकेट पर 201 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नसीराबाद थाना पुलिस टीम निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट पर कुल 57 रन ही बना सकी। इस प्रकार जानकी देवी पब्लिक स्कूल ने 144 रन के भारी अंतर से शानदार जीत दर्ज की। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में जानकी देवी पब्लिक स्कूल ने कैप्टन नितिन ठाकुर के नेतृत्व में टॉस जीतकर बैटिंग शुरू की।

निर्धारित 10 ओवर में 4 विकेट पर 129 रन बनाए। अशोक बाबा ने आखिरी ओवर में 5 छक्के लगाकर दर्शकों में उत्साह भर दिया। लक्ष्य का पीछा करती हुई परैया नमकसार की टीम ने10 ओवर में 5 विकेट पर 91 रन बनाये। जानकी देवी पब्लिक स्कूल ने 38 रनों से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। हर्षित सिंह ने कॉमेंटेटर, गिरजेंद्र सिंह ने स्कोरर दुर्गेश द्विवेदी और राहुल सिंह ने अंपायर की भूमिका निभाई। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए नसीराबाद थाने के थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर, प्रतियोगिता के संचालक भूपेन्द्र विक्रम सिंह, देवी बख्श सिंह, राजेश कुमार सिंह, अशोक द्विवेदी, तेजभान सिंह, अंजनी त्रिपाठी, अतुल सिंह, अमरेश तिवारी, कृष्ण लाल वर्मा, प्रभाकर सिंह, जे.पी.सिंह, विनय पांडेय, अरविंद विश्वकर्मा, पवन कुमार सिंह, शिवकुमार यादव, मो.शफीक, दुगाकांत पांडेय, नरेंद्र यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सेवार्थम फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को बांटीं रजाइयां



**लंभुआ, सुलतानपुर।** कड़ाके की ठंड से जूझ रहे गरीब एवं असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामाजिक पहल के तहत लंभुआ क्षेत्र के 50 जरूरतमंद लोगों को रजाइयां वितरित की गईं।

कार्यक्रम का आयोजन सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक आशीष तिवारी के निर्देश पर किया गया। रजाइयां पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी और सुकून साफ नजर आया। कार्यक्रम में संस्थापक के बड़े भाई अमित तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने संस्था के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर धर्मेंद्र तिवारी, राम अनुज धुरिया, स्वतंत्र सिंह, सुरेश शर्मा, आचार्य चंद्रकेश मिश्रा, विवेक तिवारी, कमलेश दुबे, हरिओम अग्रहरि, लवलेश दुबे, मनोज मिश्रा, अमित बरनवाल, दीपक सहित सेवार्थम फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। सेवार्थम फाउंडेशन का उद्देश्य जरूरतमंदों के जीवन में राहत और सम्मान के साथ सहयोग प्रदान करना है।

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा दोस्तपुर सीएचसी

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के दोस्तपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के हजारों मरीजों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो सकेंगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अजीत यादव ने बताया कि केंद्र पर चरणबद्ध तरीके से सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता न पड़े। डॉ. यादव के अनुसार वर्तमान में सीएचसी दोस्तपुर में सीबीसी, टाइफाइड, मलेरिया, हीमोग्लोबिन तथा एक्स-रे जैसी जांच सुविधाएं मौके पर ही उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जल्द ही किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी) और डिजिटल एक्स-रे की सुविधा भी शुरू की जाएगी। केएफटी मशीन केंद्र पर पहुंच चुकी है और कर्मचारियों को इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होते ही मरीजों को यह सुविधा भी यहीं मिलने लगेगी। दंत रोगियों के लिए भी सीएचसी में बड़ी सुविधा जुड़ने जा रही है। डेंटल विभाग की आधुनिक मशीनें, डेंटल एक्स-रे यूनिट और डेंटल चेयर केंद्र पर आ चुकी हैं। इन्हें शीघ्र ही स्थापित कर दंत उपचार सेवाएं शुरू की जाएंगी, जिससे मरीजों को निजी क्लीनिकों में महंगा इलाज कराने से राहत मिलेगी।

## प्रतापपुर कमैचा विकास खंड में सोशल ऑडिट की ब्लॉक सभा की बैठक संपन्न

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रतापपुर कमैचा विकास खंड में सोशल ऑडिट के उपरांत सोशल ऑडिट ब्लॉक सभा का आयोजन ब्लॉक के पंडित दीन दलाल उपाध्याय सभागार में हुआ, जिसकी अध्यक्षता डीडीओ गजेंद्र तिवारी द्वारा की गई। सोशल ऑडिट निदेशालय द्वारा जारी कैलेंडर वडीएम द्वारा अनुमोदित रोस्टर द्वारा सोशल ऑडिट इकाई सुलतानपुर द्वारा नामित ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ब्लॉक रिसोर्स पर्सन एवं उनकी टीम द्वारा विकास खंड के सभी गांव में अभिलेख सत्यापन भौतिक सत्यापन एवं ग्राम सभा की खुली बैठक के उपरांत पाई गई। कमियों को एटीआर के अनुसार इस बैठक में चर्चा की गई। पाई गई कमियों पर चर्चा के दौरान सभी स्टेक होल्डर ने अपनी बात जिला विकास अधिकारी के सामने रखी सोशल ऑडिट में पाई गई प्रमुख कर्मियों पर जिला विकास अधिकारी ने बताया कि। वित्तीय अनियमितता, वित्तीय विचलन पर, बताया कि कुछ फाइलें फीडिंग के लिए आई थी। जिस कारण उन्हें वित्तीय विचलन में डाला गया था। जहां तक सवाल है कि वित्तीय अनियमितता का तो कुछ गांव में मिली है। जिसका नियमानुसार कार्यवाही होगी जिसका आडिट टीम को 7 रजिस्टर जो उपलब्ध नहीं कराया गया तो बताया कि 15 ग्राम पंचायत में 7 रजिस्टर नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि 3 दिन से 1 सप्ताह में बीडीओ द्वारा निस्तारण करा दिया जायेगा, डबल जॉब पर रिकवरी की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी साथ ही साथ बताया कि इस ब्लॉक में नागरिक सूचना बोर्ड न मिलना प्रमुख कमी रही।

संक्षेप

## एसएसपी के आदेश पर तीन नामजद के खिलाफ केस दर्ज

**मथुरा।** जैंत थाना क्षेत्र के अंतर्गत सत्त्या एस्टेट नामक रियल एस्टेट कंपनी पर एक व्यक्ति से करीब 37.5 लाख रुपये हड़पने और फर्जी दस्तावेजों के जरिए धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कंपनी के तीन डायरेक्टरों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। गांव जैंत निवासी ?पीड़ित चंद्रशेखर सिंह के अनुसार, जैंत-सुनरख रोड पर स्थित खसरा नंबर 334 पर राधा शरणम नामक प्रोजेक्ट के लुभावने विज्ञापन सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे थे। कंपनी के संचालकोंकुंयोगेंद्र सिंह राजावत, उनकी पत्नी नेहा वेश और भाई विकास राजावत ने खुद को जमीन का मालिक बताकर पीड़ित को अपने जाल में फंसाया।? ?शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने 55,000 रुपये प्रति वर्ग गज की दर से 100 वर्ग गज का प्लॉट (यूनिट बी-06) बेचने का सौदा तय किया। पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों पर आरोपियों को भुगतान किया। ?छह महीने बीत जाने के बाद भी जब जमीन पर कोई विकास कार्य नहीं हुआ और न ही एमवीडीए से प्रोजेक्ट पास हुआ, तो पीड़ित ने छानबीन शुरू की। जांच में पता चला कि उक्त जमीन पर आरोपियों का कोई मालिकाना हक (बैनामा या पावर ऑफ अटॉर्नी) नहीं है। कंपनी सत्त्या एस्टेट रेरा में पंजीकृत नहीं है। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एग्रीमेंट टू सेल तैयार किया था। जब पीड़ित ने दबाव बनाया, तो आरोपियों ने सितंबर 2025 में 9 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए वापस किए, लेकिन शेष 28.5 लाख रुपये अभी भी बकाया हैं। एसएसपी के आदेश पर तीनों नामजदों के खिलाफ जैंत पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## साधु-संतों संग निकलेगी सनातन जन जागरण एकता पदयात्रा

**मथुरा।** देश में सनातन संस्कृति के संरक्षण, गौ रक्षा और सामाजिक चेतना के उद्देश्य को लेकर हजारों साधु-संतों, धर्माचार्यों एवं सनातन अनुयायियों के साथ वृंदावन से आगरा तक सनातन जन-जागरण एकता पदयात्रा निकाली जाएगी। गुरुवार को सनकादिक सेवा ट्रस्ट ने साधु-संतों के साथ परिक्रमा मार्ग स्थित तपोवन आश्रम पर पदयात्रा का आमंत्रण-पत्र विमोचन के दौरान ये बातें कहीं। मीशेश्वर धाम के पीठाधीश्वर डॉ. विनितानंद आचार्य ने बताया कि पंच संकल्पों के साथ यह पांच दिवसीय पदयात्रा चार से आठ फरवरी तक निकाली जाएगी। चार फरवरी को वृंदावन स्थित कात्यायनी माता मंदिर से प्रारंभ होगी। पदयात्रा जय गुरुदेव, बरारी गांव स्थित माँ की रसोई, रैपुरा जाट के श्री राधा-कृष्ण मंदिर, आगरा में अरतौनी के श्री हनुमान मंदिर पर विश्राम एवं जनसंवाद करते हुए 8 फरवरी को राजपुर चुंगी स्थित श्री राजेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। तपोवन फलाहारी आश्रम के महंत गंगादास महाराज ने कहा कि यह पदयात्रा सनातन धर्म की अलख जगाने, भारतीय संस्कृति की रक्षा और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध होगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने बताया कि एकल परिवार की सोच से बाहर निकलकर संयुक्त परिवार की पुनर्स्थापना, धर्मांतरण के विरुद्ध कठोर कानून तथा घर वापसी अभियान को मजबूती देने जैसे विषयों को भी पदयात्रा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# शिक्षक ही राष्ट्र का भविष्य गढ़ते हैं: सांसद

## उप्र माध्यमिक शिक्षा संघ के 58 वें दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** शिक्षक समाज की नींव है। शिक्षक की राष्ट्र के निर्माता होते हैं। भविष्य में आने वाली पीढ़ी को संस्कार देते हैं। शिक्षक शिक्षक संघ की मांगे निजी नहीं बल्कि न्याय संगत हैं। यह बात आज सांसद हेमामालिनी ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ के 58 वें दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ के 58 वें दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्रीमती हेमा मालिनी जी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व भगवान श्रीकृष्ण को माल्यार्पण कर किया गया। इसी के साथ किशोरी रमण गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना गान कर सभी ने मां शारदा को प्रणाम किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, नेता शिक्षक दल ध्रुव त्रिपाठी, किशोरी रमण कॉलेज के अध्यापक व कार्यक्रम संयोजक संजय पचौरी व कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं सह-संयोजक मुरलीधर शर्मा आदि ने मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती हेमा मालिनी का स्वागत उन्हें पुष्प व अंगवस्त्र देकर व छात्राओं द्वारा स्वागत गान कर किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती हेमा मालिनी द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक संघ की 48 वीं राजाज्ञा वार्षिक संख्या पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

अतिथि सांसद हेमा मालिनी ने सभा को राधे-राधे से संबोधित करते हुए समस्त शिक्षक समुदाय का जो प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से आए हैं, स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए स्वयं को सम्मानित एवं गौरांवित महसूस किया। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैं। उनकी निष्ठा, धैर्य और समर्पण के कारण ही आगे आने वाली पीढ़ी संस्कारपूर्ण और जिम्मेदार बनती है। आज हम यहां किसी टकराव के लिए नहीं बल्कि एकता और आशा के साथ एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मांगें पूरी तरह न्यायसंगत, उचित और लंबे समय से लंबित हैं। यह मांगें किसी निजी स्वार्थ से नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शिक्षकों को सम्मान, सुरक्षा और न्याय दिलाने के उद्देश्य से रखी गई हैं। इसी के साथ उन्होंने शिक्षक समुदाय को आश्वासन दिया कि वह सरकार से निवेदन करती हैं कि आपकी उचित मांगों को सुना जाए और साथ ही उन उचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय भी लिया जाए। उप माध्यमिक संघ प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि समय-समय पर अतिथि श्रीमती हेमा मालिनी ने शिक्षा संबंधी सहायता व आशीष जनपद के अनेकों विद्यालयों को दिया है। उन्होंने सांसद को विश्व विख्यात कलाकार होने के साथ-साथ एक सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका भी बताया। क्योंकि कहीं न कहीं कला भी शिक्षा के समन्वय से ही प्राप्त की जाती है। त्रिपाठी जी ने उपस्थित समस्त शिक्षक समुदाय की ओर से अतिथि हेमा मालिनी का आभार प्रकट किया कि वह स्वयं शिक्षकों की आवाज बनकर साथ खड़ी हुई हैं। इस अवसर पर नेता शिक्षक दल श्री ध्रुव त्रिपाठी ने मुख्य समस्याओं में शिक्षकों की पुरानी पेंशन योजना बंद होने के कारण प्रत्येक शिक्षक व शिक्षिका की वृद्धावस्था की चिंता को भी माननीय अतिथि के सामने रखा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती हेमा मालिनी व केंद्रीय राज्य मंत्री माननीय एस. पी. सिंह बघेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में पी. के. दशोरा कुलपति मंगलायतन विवि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश कुमार त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम के संयोजक संजय पचौरी व सह-संयोजक के रूप में डॉ. मनवीर सिंह व मुरलीधर शर्मा रहे।

## वृन्दावन में होगा सुदामा कुटी का ऐतिहासिक शताब्दी महोत्सव

**मथुरा।** वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित प्रतिष्ठित श्री नाभा पीठ -सुदामा कुटी के तत्वावधान में इस वर्ष दो अत्यंत गौरवशाली आयोजनों की घोषणा की गई है। संस्थान द्वारा जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य जी महाराज का 726वाँ जयंती महोत्सव और श्री सुदामा कुटी के संस्थापक महन्त श्री सुदामादास जी महाराज के वृन्दावन आगमन का शताब्दी महोत्सव अत्यंत भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1925 में साकेतवासी, गौ-संत सेवी सद्गुरुदेव महन्त श्री सुदामादास जी ने श्रीधाम वृन्दावन की पावन धरा पर पदार्पण किया था। उनके आगमन के इन 100 वर्षों में सुदामा कुटी ने गौ सेवा, निरंतर अन्न क्षेत्र, संत सेवा, वेद विद्यालय और धर्मार्थ औषधालय के माध्यम से समाज सेवा के जो प्रतिमान स्थापित किए हैं, यह शताब्दी महोत्सव उसी अटूट सेवा परंपरा को समर्पित है। कुम्भ पूर्व वैष्णव बैठक स्थल पर आयोजित होने वाले इस विराट कार्यक्रम में देश की कई शीर्ष विभूतियाँ शिरकत करेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आदि उपस्थित रहेंगे।

## एसआईआर के द्वितीय चरण को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित



**टूंडला।** भाजपा विधानसभा टूंडला की एक बैठक एटा रोड स्थित शिविर कार्यालय पर आयोजित की गई जिसमें विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री मंडल प्रभारी शक्ति केंद्र संयोजक एवं एस आई आर की जिला टोली उपस्थिति रही बैठक में सभी सभी बी बूथ पर ड्राफ्ट सूची मसौदा सूची पहुंचने के लिए शक्ति केंद्र स्तरों पर सूची वितरण की व्यवस्था की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा की सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे जिससे नव मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 भरवाया जाए, उन्होंने कहा गहन मतदाता पुनरीक्षण द्वितीय चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे आपत्तियों के साथ-साथ नए वोट बनाने में हमारे बूथ अध्यक्ष बी एल ए 2 को सक्रिय करने की जिम्मेदारी सभी मंडल अध्यक्षों की है बार-बार बूथ पर मंडल की टीम संपर्क करेगी बैठक में शैलेंद्र सिंह शिव शंकर शर्मा शैलेंद्र प्रताप महिपाल निषाद आकाश शर्मा, सतीश बघेल दिनेश गुप्ता धर्मेंद्र प्रताप संजू, महावीर बघेल पूरन बीडीसी धर्मेंद्र, अजीत जुरेल, अजीत कुशवाह सूरज धाकरे सुनील पाठक चौधरी जयवीर सिंह, देवेंद्र बेनीवाल वीरेंद्र प्रताप सचिन जैन पुष्पेंद्र पाल सिंह जुबिन भारद्वाज देवांशु उपाध्याय रामू कुशवाहा महेश माहौर ब्रजवीर सिंह चौहान अजय प्रधान कप्तान सिंह निषाद आज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## इंदौर की घटना का असर आगरा तक, महापौर के निर्देश पर जलकल विभाग अलर्ट

**आगरा।** मध्य प्रदेश के इंदौर में सामने आई पानी से जुड़ी गंभीर घटना के बाद आगरा में भी पेयजल की स्वच्छता और सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शहरवासियों को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगरा जलकल विभाग ने व्यवस्थाओं की खामियों को तलाशने और उनके त्वरित समाधान की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। महापौर हेमलता दिवाकर के स्पष्ट निर्देशों के बाद जलकल विभाग के महाप्रबंधक एके राजपूत ने जोन-वाइज पार्षदों के साथ बैठकों का सिलसिला बुधवार से शुरू कर दिया। इस क्रम में जलकल मुख्यालय पर हरीपर्वत जोन के पार्षदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वार्ड स्तर पर पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में पेयजल आपूर्ति, पाइपलाइन लीकेज, सीवर जाम, दूषित पानी की शिकायतों और मरम्मत कार्यों में देरी जैसी समस्याएं सामने रखीं। अधिकारियों ने इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना, उन्हें चिन्हित किया और प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को महापौर हेमलता दिवाकर ने जलकल विभाग के मुख्यालय परिसर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यप्रणाली की समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी हाल में पेयजल की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। इसी के तहत अब जोन-स्तर पर पार्षदों से सीधे संवाद कर जमीनी हकीकत जानने की पहल की गई है। महाप्रबंधक एके राजपूत ने बताया कि इस पूरी कवायद का मकसद पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं को समय रहते दूर करना है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अन्य जोनों के पार्षदों के साथ भी इसी तरह की बैठकें आयोजित की जाएंगी। बैठक में पार्षद प्रदीप अग्रवाल, पार्षद शरद चौहान, पार्षद भरत शर्मा, पार्षद रवि दिवाकर, पार्षद अमित सिंह, पार्षद ऋषभ गुप्ता सहित जलकल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने किया जोरदार प्रदर्शन



**मथुरा।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मिलने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने मथुरा के होली गेट पर रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक और झडप की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में जैसे ही कांग्रेसी जिला कार्यालय से बाहर निकल कर जैसे ही कांग्रेसी सडक पर पहुंचे पुलिस ने उन्हें रोक लिया। हालांकि इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस को प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरीकेडिंग लगानी पड़ी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि वे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को संविधान की प्रति और तिरंगा झंडा भेंट करने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। जैसे ही पुलिस ने बैरिकेटिंग लगाकर कार्यकताओं को रोका, मौके पर नारेबाजी शुरू हो गई और माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया। पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कांग्रेस कार्यकताओं को वहीं रोक लिया। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए विरोध दर्ज कराया। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत यह कदम उठाया गया। इस दौरान कुंवर सिंह निषाद, राजन पाठक, हरवीर सिंह पुंडीर, संदीप हिंडोल, आदित्य तिवारी, अश्वनी शुक्ला, प्रवीन ठाकुर, हर्ष चैरसिया, दुर्गेश बघेल, हरीश पचैरी, प्रदीप सागर, प्रमोद शर्मा, धीरज शर्मा, आशीष अग्रवाल, राशिद खान, हाकिम सिंह छोकर, ललिता देवी, आशा चैधरी, अनाम धन्य तिवारी, उमाशंकर शर्मा, रमेश कश्यप, जिलानी कादरी, रवि वाल्मीकि, हाशिम हुमेर, दीपक आर्य, शैलेंद्र चैधरी, राजा गौतम, टिंकू धनगर, बालवीर सिंह, राजरानी निमेष, सुनील बाल्मीकि, विशाल वाल्मीकि, लक्ष्य गौड, राकेश शुक्ला, हरिओम उपाध्याय, अमित राज, महेश चैबे, नितिन वार्षणेय, अशोक निषाद, करन निषाद, पूरन सिंह, अनवर फारुकी, शाहरुख खान, अजीम आदि थे।

## आगरा में देर रात कबाड़ में लगी आग, एलपीजी सिलेंडर फटा, दो परिवार बाल-बाल बचे

**आगरा।** दीवानी के पीछे स्थित रघुवीर कुंज अपार्टमेंट के भूतल पर कबाड़ सामान में आग लग गई। आग से फ्लैट में धुआं भर गया। लोग दहशत में आ गए। आग में 14 किलो का एलपीजी सिलेंडर भी जोरदार धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। आगरा दीवानी के पास रघुबीर कुंज अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर पर बने हाल में रखे कबाड़ में देर रात आग लग गई। हाल में चार एलपीजी सिलेंडर रखे थे, जिसमें से एक भरा हुआ था। आग लगने से सिलेंडर में विस्फोट हो गया। पहले फ्लोर पर रोहित गुप्ता और दूसरे पर अमित अग्रवाल का परिवार फंस गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। अपार्टमेंट में देर रात एक बजे पार्किंग में बने हाल में आग लगने के बाद धमाके की आवाज सुनते ही लोग जान बचाने को घरों से बाहर भागे। नीचे का नजारा देख सबकी दर के कारण धड़कने बढ़ गई। आग हाल के बाहर खड़ी कार तक पहुंच गई थी। कुछ ही देर में आग फ्यूल टैंक को चपेट में ले सकती थी। अपार्टमेंट निवासी होजरी कारोबारी भाइयों पंकज और प्रशांत अग्रवाल ने हिम्मत कर कार को बाहर निकाला और आग बुझाई। अपार्टमेंट निवासी राकेश गुप्ता ने बताया कि हाल में कबाड़ का समान रखा रहता था। सेकेंड फ्लोर पर रहने वाले ब्रज बवानिया का परिवार बाहर जा रहा था तो उन्होंने चार खाली सिलेंडर हाल में रखवा दिए थे। उनमें से एक सिलेंडर में थोड़ी गैस थी। शार्ट सर्किट से आग लगने के बाद उसमें विस्फोट हो गया। सही समय पर फायर ब्रिगेड आने और कार को हटाने से बड़ा हादसा टल गया, वर्ना बड़ी जनहानि हो सकती थी। कालोनी में बीस घर और अपार्टमेंट है। अपार्टमेंट में 12 फ्लैट हैं, जिनमें से 11 में परिवार रहते हैं। हादसे के समय सभी सो रहे थे। गार्ड कालोनी के गेट को बंद कर वहीं बैठा था। हादसे के बाद अपार्टमेंट और कालोनी के लोग बाहर आ गए थे। एफएसओ सोमदत्त सोनकर ने बताया कि आग बुझाने में टीम को दो घंटे से अधिक का समय लगा।

## घर के बाहर खेल रहा मासूम लापता फिर नाले में मिली बालक की लाश

**आगरा।** जिले में घर के बाहर खेल रहा मासूम लापता हो गया। परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। करीब चार घंटे बाद बच्चा नाले में पड़ा मिला। परिजनों ने बाहर निकाला तो सांसें थम चुकी थीं। परिवार में चीखपुकार मच गई। आगरा के किरावली क्षेत्र के कस्बा मिढ़ाकुर में मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे घर के सामने खेलते समय डेढ़ वर्षीय अयान पुत्र शकील आगरा-जयपुर हाईवे के किनारे बने करीब छह फीट गहरे नाले में गिर गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। काफी देर होने के बाद भी जब वह दिखाई नहीं दिया तो परिजन उसकी खोजबीन में जुटे। करीब 4 घंटे बाद नाले में उसका शव दिखा। परिजन ने बताया कि बच्चे के लापता होने पर उसकी तलाश की जा रही थी। रात करीब 9:30 बजे अयान के ताऊ अफसर ने नाले में टॉर्च लगाकर देखा तो नाले में वह पड़ा दिखा। ग्रामीणों ने अयान को नाले से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थी। बेटे की मौत से घर में चीख पुकार मच गई। बुधवार सुबह परिजन ने बगैर किसी कार्रवाई के शव को दफन कर दिया। ताऊ अफसर बताया कि अयान के पिता शकील भैंस की खरीद-फरोख्त का काम करते थे। एक वर्ष पूर्व ही सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई थी। अयान अपने पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। बच्चों में सना (12), रिहान (10), इनाया (8), जियान (6) हैं। बेटे की मौत से मां नरगिस की रो-रोकर हालत खराब है। मृतक अयान के ताऊ अफसर ने बताया कि यह नाला हाईवे किनारे है, जो खुला पड़ा है। कहा कि यदि नाला ढका होता तो शायद अयान की जान नहीं जाती। बताया कि पूर्व में गांव रूनकता में भी एक किशोर की नाले में गिरकर जान जा चुकी है। प्रधान के प्रतिनिधि मनु सोलंकी का भी कहना है कि सड़क किनारे सभी नाले ढके होने चाहिए, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो।

# आगरा में मुंबई के कारोबारी का अपहरण

**आगरा।** जिले में मुंबई से आए कारोबारी का अपहरण कर लिया गया। खेत में बंधक बनाकर कारोबारी के साथ मारपीट की गई। फिरौती वसूलने के बाद बदमाशों ने कारोबारी को छोड़ा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना एत्माद्दौला के रामबाग चौराहे से बुधवार दोपहर को कार सवार बदमाशों ने मुंबई के साड़ी कारोबारी 66 वर्षीय सतीश अग्रवाल का अपहरण कर लिया। उन्हें बेहोश करने के बाद हाथरस ले गए। अज्ञात स्थान पर खेतों में बंधक बनाकर पिटाई लगाई। परिजन को फोन करके 1.20 लाख रुपये लेने के बाद छोड़ा। कारोबारी राहगीरों की मदद से परिचित कारोबारियों के पास पहुंचे। घटना की जानकारी दी। देर रात मामला पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल की लोकेशन से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। घटना दोपहर 2 बजे की है। मुंबई, महाराष्ट्र के रहने वाले सतीश अग्रवाल ने बताया कि वह पांच साल से आगरा के कारोबारियों से व्यापार कर रहे हैं। उनकी सुचिता फेब्रीकेट्स के नाम से फर्म है। वह मंगलवार को आगरा आए थे। दरेसी स्थित होटल में ठहरे थे। बुधवार को उन्हें परिचित दिल्ली के कारोबारी विकास अग्रवाल ने फोन किया। मिलने के लिए रामबाग पर बुलाया। वो आटो से पहुंच गए। एक दुकान पर खड़े होकर परिचित का इंतजार कर रहे थे। तभी नीले रंग की गाड़ी में दो लोग आए। उन्हें जबरन कार में बैठा लिया। इसके बाद उन्हें होश नहीं रहा। कुछ देर बाद होश आया तो एक खेत में थे। 7-8 लोगों ने उन्हें बंधक बना रखा था। उन्होंने पकड़ने का कारण पूछा तो पीटना शुरू कर दिया। लात-घूंसों से पिटाई लगाई। रुपयों की मांग करने लगे। उन्होंने रकम नहीं होने की बात कही। यह सुनकर और पिटाई लगाई। उन्होंने दामाद को फोन करके रकम मांगी। मगर उसके पास भी रुपये नहीं थे। परिचित एजेंट से आरोपियों के

> ● खेत में बंधक बनाकर की मारपीट, फिरौती वसूली, पुलिस मामले की जांच में जुटी

बताए खाते में 1 लाख रुपये जमा कराए। युवक नहीं माने। इस पर 20 हजार और लिए। तब उन्हें मुख्य मार्ग पर छोड़कर चले गए। एक राहगीर की मदद से बस स्टैंड आए। तब वो हाथरस के सादाबाद में थे। वह राहगीरों से 50 रुपये मांगकर दरेसी पहुंचे। व्यापारियों को घटना की जानकारी दी। व्यापारी नेता टीएन अग्रवाल की मदद से सतीश अग्रवाल थाना एत्माद्दौला पहुंचे और घटना की जानकारी दी। व्यापारियों ने आरोपियों की धरपकड़ की मांग की। वहीं डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिस स्थान से अपहरण करना बताया गया है, वहां के सीसीटीवी फुटेज देखे जाएंगे। रुपये खाते में लिए गए हैं। यह खाता किसका है, पता किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया मामला लेन-देन के विवाद का लग रहा है।

## एआरटीओ ने किया गोष्ठी का आयोजन

**मथुरा।** मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में 01 जनवरी से 31जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त माह को जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाए जाने के निर्देश दिये गये हैं, उक्त के क्रम में वरि० सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश राजपूत के नेतृत्व में आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के आठवें दिवस पर सतेन्द्र सिंह सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वितीय-दल, संदीप चैधरी व पूजा सिंह यात्रीकर अधिकारी, मथुरा द्वारा जनपद में संचालित यात्री वाहन/ट्रैक्टर-ट्रालियों/मालवाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाकर चालकों को सड़क पर सुरक्षित चलने हेतु जागरूक किया, साथ ही वाहन स्वामियों को अपने वाहनों में क्लिच, स्टेयरिंग, ब्रेक सिस्टम को दुरुस्त रखने एवं अतिरिक्त हाई बीम लाइटों का प्रयोग न करने, सड़क पर अत्यधिक कोहरा होने की स्थिति में वाहन को साइड में खड़ा करने और कोहरा कम होने पर ही यात्रा पुनः शुरू करने की सलाह दी।

उक्त के अतिरिक्त सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एनएचएआई/एनएच-530बी एवं यमुना एक्सप्रेस-वे के प्रतिनिधि, मनोज यादव पुलिस अधीक्षक यातायात, श्री आशीष शर्मा क्षेत्राधिकारी यातायात, शौर्य कुमार यातायात निरीक्षक, पुलिस थानों की क्रिटिकल कॉरिडोर टीम एवं सतेन्द्र कुमार सिंह सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन के द्वारा सड़क सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया गया। गोष्ठी में आये प्रतिनिधियों के साथ सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के विषय पर चर्चा हुई। सड़क सुरक्षा सम्बन्धी साइन बोर्ड साफ रखने, मिट चुके रोड मार्किंग को दुरुस्त रखने हेतु सम्बन्धित विभाग को निर्देशित किया जिससे उक्त रोड मार्किंग/सांकेतात्मक/चेतावनी साइन बोर्ड आम जनमानस/चालकों को स्पष्ट रूप से दिखाई दें।

## एडीओ व प्रधान ने बांटे जरूरतमंदों को कंबल



**टूंडला।** लाइनपार के गांव में कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए ग्राम सचिवालय में असहाय व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किए गए। इस दौरान वृद्धों को सर्दी में घर से न निकलने की सलाह दी गई। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत टूंडला खाम के गांव नगला रति स्थित ग्राम सचिवालय पर ग्राम प्रधान भगवान देवी के नेतृत्व में असहाय व जरूरतमंद 40 लोगों को कंबल वितरण किया गया। ग्राम प्रधान ने वृद्धों को कड़ाके की सर्दी में घर से न निकलने की सलाह दी। इस दौरान एडीओ पंचायत इंद्रलता तोमर, सचिन भावना वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि रघुवीर सिंह उर्फ भाईजी, चौकी प्रभारी राजावत, चौकी सहायक नदीम अली, लेखपाल प्रबलप्रताप सिंह, पंचायत सहायक विशाखा, समाजसेवी पूर्व प्रधान धर्मप्रकाश, बबलू बाबा, अरुण कुमार देव अंकुश मास्टर आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारी संगठनों के साथ की बैठक

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिलाधिकारी इस बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति बेहद गंभीर नजर आए और उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मियों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को अपने जायज हक के लिए कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े, बैठक में मुख्य रूप से एसीपी, एनपीएस, बोनस, जीपीएफ और पदोन्नति जैसे महत्वपूर्ण मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की पदोन्नति के जो मामले पात्रता के बावजूद लंबित है उन्हें तत्काल विभागीय चयन समिति डीपीसी के माध्यम से पूर्ण किया जाए, सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन संबंधियों के प्रपत्र विदाई ही के दिन ही पूर्ण कर उन्हें लाभांवित किया जाए, एनपीएस कटौती और उसके अपडेशन में आ रही तकनीकी डिक्कतों को दूर करने के लिए वित्त एवं लेखाधिकारी को विशेष निर्देश दिए गए, बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि कर्मचारी प्रशासन की रीढ़ है, यदि उनकी समस्याओं का समय पर समाधान होगा, तभी वह पूर्ण मनोयोग से जनता की सेवा कर पाएंगे, सभी विभागीय अध्यक्ष 15 दिन के अंदर अनुपालन रिपोर्ट अवश्य प्रस्तुत करें, बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम आवास योजना : लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री योगी के सबका साथ-सबका विकास के संकल्प को साकार करते हुए जिला प्रशासन ने गुरुवार को 232 पात्र परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर के प्रमाण पत्र सौंपे। कड़ाके की ठंड के बीच पक्की छत का यह तोहफा निराश्रित महिलाओं दिव्यांगों और वंचित समुदायों के लिए नए साल का सबसे बड़ा उपहार है, जिससे उन्हें सुरक्षा और सामाजिक गरिमा मिली है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक जिले के कुल 1207 जरूरतमंदों को इस योजना का लाभ मिल चुका है।



विकास खंड नारखी में आयोजित भव्य कार्यक्रम में विधायक टूंडला प्रेमपाल धनगर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व ब्लॉक प्रमुख रविता चक ने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि योगी सरकार का मूल मंत्र उन वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, जो दशकों से उपेक्षित थे। इस योजना के तहत विशेष रूप से प्राकृतिक आपदाग्रस्त परिवारों, कुष्ठरोग प्रभावितों नट लोहार जैसे घुमंतू समुदायों, दिव्यांगजनों और निराश्रित विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर चुना गया है। सिर पर पक्की छत होने से न केवल इन परिवारों को मौसम की मार से सुरक्षा मिलेगी, बल्कि समाज में उनकी गरिमा और मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

डीएम रमेश रंजन ने बताया कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद में हमने पूरी पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों का चयन किया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए हमारी प्राथमिकता थी कि जल्द से जल्द पात्रों को प्रमाण पत्र सौंपे जाएं, ताकि वे निर्माण कार्य शुरू कर सकें। प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर जो सुकून दिखा, वह योगी सरकार की सफलता की कहानी खुद बयां कर रहा था। पति की मृत्यु के बाद कच्चे छप्पर में बच्चों के साथ रह रहीं गढ़ी श्रीराम निवासी रुचि कुमारी ने भावुक होकर बताया कि ठंड में हर पल डर लगता था कि छप्पर गिर न जाए। अब मुख्यमंत्री जी की कृपा से मेरा अपना पक्का घर बनेगा। यह मेरे लिए नए साल का सबसे अनमोल उपहार है। वहीं गढ़ी सिरधारी निवासी दिव्यांग लाभार्थी भूरी सिंह ने कहा एक दिव्यांग के लिए घर बनाना पहाड़ जैसा कठिन काम था। सालों तक दूसरों की दया पर निर्भर रहा, लेकिन आज योगी सरकार ने मुझे अपने घर का मालिक बनाकर सुरक्षित महसूस कराया है। योगी सरकार की दूरदर्शिता का प्रमाण यह है कि लाभार्थियों को केवल मकान ही नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन आधार दिया जा रहा है। इन आवासों के साथ- साथ लाभार्थियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय व आयुष्मान हेल्थ कार्ड जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से भी जोड़ा जा रहा है।

## फल विक्रेता के खाते से साइबर ठगों ने हजारों उड़ाये

**टूंडला।** फल की ठेल लगाने वाले युवक के खाते से दो बार में यूपीआई के माध्यम से 10 हजार रुपये कट गए। पीड़ित अपनी बहन की शादी के लिए रुपये एकत्रित कर रहा था। थाना रजावली क्षेत्र के गांव नगला ईश्वरी निवासी हरदौल सिंह राजपूत पुत्र संतोष राजपूत सुभाष चौराहा टूंडला पर फल की ठेल लगाते है। वह प्रतिदिन अपने घर से 15 किमी दूर मेहनत कर अपने परिवार की गुजर बसर कर रहा है। उन्होंने अप्रैल में होने वाली बहन की शादी के लिए रुपए जोड़ना शुरू किया था। साइबर ठगों ने उनके खाते से यूपीआई के माध्यम से तीन और सात दिसंबर को दो बार में 10 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने बताया कि पैसे निकलने का कोई मैसेज भी उनके पास नहीं आया। वह बैंक आफ इंडिया पहुंचे जहां मामले की जानकारी दी। शाखा प्रबंधक ने उनको पुलिस कंप्लेंट करने की सलाह दी और एप्लीकेशन लेकर पीड़ित का खाता बंद कर दिया जिससे फिर से रुपए ट्रांसफर न हो सके।

## संक्षेप

### पोको एम8 5जी लॉन्च

नयी दिल्ली। पोको ने आज भारत में पोको एम8 5जी को लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन एक स्लिम, लाइटवेट डिजाइन, शानदार एमोलेड डिस्प्ले, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और पूरे दिन चलने वाली बैटरी के संयोजन के जरिये रोजमर्रा के मनोरंजन में महत्वपूर्ण अपग्रेड लेकर आया है। इसे उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, सोशल मीडिया, फोटोग्राफी और दैनिक उत्पादकता के लिए अपने स्मार्टफोन पर निर्भर रहते हैं, पोको एम8 5जी वास्तविक दुनिया के उपयोग को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक अपग्रेड पर फोकस करता है। एम8 5जी सीरीज एक बड़ा विकास है, जो सस्ती कीमतों पर नई और महत्वपूर्ण तकनीक देने पर हमारा ध्यान दिखाती है। कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले, पतला और अच्छा डिजाइन, और इस कीमत में कम मिलने वाली खास सुविधाओं का मिश्रण पोको की रोजाना स्मार्टफोन इस्तेमाल को बेहतर बनाने की इच्छा पर जोर देता है। जैसे-जैसे इंडस्ट्री कीमतों को बढ़ा रही है, पोको एम8 5जी सस्ती कीमत और बेहतरीन परफॉर्मेंस पर मजबूती से टिका हुआ है।

### केएफसी इंडिया का ऑल न्यू डंक्ड रेंज लॉन्च

नयी दिल्ली। साल 2026 और भी अधिक सॉसी हो गया है क्योंकि केएफसी इंडिया लाया है ऑल-न्यू डंक्ड रेंज, जो पेश करती है एक बोल्ड, फायरी, सॉस लोडेड ट्विस्ट के साथ केएफसी फेवरीट्स। इस ऑसम सॉसम रेंज में है केएफसी का आइकोनिक फिंगर लिकिंग गुड चिकन, बोल्ड और लजीज फ्लेवर में डूबा हुआ। यह डंक्ड रेंज ऑल-न्यू फायरी टेक्सास बीबीक्यू सॉस के साथ हर बाईट को सॉसी बना देती है।

### हिमालया का नया कैम्पेन वॉरी-फ्री केयर लॉन्च

बंगलुरु। हिमालया बेबीकेयर ने एक भावनात्मक कैंपेन लांच किया है, जो शिशु की पहली सर्दियों के दौरान एक मां की सहज चिंता को दर्शाता है। सर्दियों की ठंडी और रूखी हवा की पृष्ठभूमि में यह माता-पिता और शिशु के बीच स्नेहपूर्ण पल को खूबसूरती से प्रस्तुत करती है, जहां वे अपने नन्हे बच्चे की कोमल त्वचा और गालों की सुरक्षा करते दिखाई देते हैं। डीवीसी की शुरूआत एक मां की इस चिंता से होती है कि सर्दियों की सर्द हवा उसके बच्चे की नाजुक त्वचा, खासकर उसके मुलायम और गोल-मटोल गालों को रूखा बना सकती है।

### जज बाय प्रेस्टिज को ग्रेट गिफ्टिंग फेस्टिवल शुरू

बंगलुरु। जज बाय प्रेस्टिज ने अपने विशेष कैंपेन ग्रेट गिफ्टिंग फेस्टिवल के लॉन्च की घोषणा की है। इस फेस्टिवल के तहत स्टेनलेस स्टील डिनर सेट्स, कुकवेयर और किचन अप्लायंसेज की लोकप्रिय रेंज पर आकर्षक और किफायती ऑफर्स पेश किए जा रहे हैं। यह कैंपेन 20 जनवरी 2026 तक मान्य रहेगा। यह पहल भारतीय घरों तक गुणवत्ता, उपयोगिता और किफायती दामों में भरोसेमंद किचन समाधान पहुँचाने के जज बाय प्रेस्टिज के संकल्प को और मजबूत बनाती है। चाहे परिवार अपनी रसोई को अपग्रेड करना चाह रहे हों या ग्राहक त्योहारों के लिए सोच-समझकर उपहार तलाश रहे हों, यह फेस्टिवल हर जरूरत के अनुसार उत्पादों को आकर्षक कीमतों में उपलब्ध कराता है।

### नेटफ्लिक्स पर तस्करीः द स्मग्लर्स वेब का ट्रेलर जारी

बंगलुरु। नए साल की शुरूआत हाई अलर्ट के साथ हुई है और अर्जुन मीना की टीम ने कमान संभाल ली है। नेटफ्लिक्स ने आज तस्करीः द स्मग्लर्स वेब का जबरदस्त ट्रेलर लॉन्च किया। यह एक रोमांचक थ्रिलर है, जो दर्शकों को सरकारी कस्टम विभाग के भीतर चलने वाली दिमागी जंग और दांव-पेचों से रूबरू कराएगा, जहाँ छिपाना एक कला है, खुफिया जानकारी का मोल है, और दूसरा मौका कभी नहीं मिलता है। अल-डेरा, अदीस अबाबा, मिलान और बैंगकॉक में स्मग्लिंग के मुख्य गलियारों का पीछा करते हुए तस्करी में अंतर्राष्ट्रीय स्मग्लिंग की दुनिया की जटिल परतों को खोला गया है। यह दुनिया कोड वाले मार्गों, भ्रामक खुलासों और सोचे-समझे तरीकों से गुमराह करने वाली चालों का एक जाल है। इसकी कहानी देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट्स में से एक, मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैनात स्पेशलाईज्ड कस्टम्स टास्क फोर्स के इर्दगिर्द घूमती है। इस टीम का नेतृत्व अर्जुन मीना, मिताली कामथ, रविंदर गुज्जर और प्रकाश कुमार जैसे ईमानदार अफसरों की टीम करती है। ये अफसर अपनी इंस्टिंक्ट पर भी उतना ही भरोसा करते हैं।

# सेंसेक्स में 780 अंकों की गिरावट




मुंबई। वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली और अमेरिकी शुल्क बढ़ाए जाने की आशंका के बीच बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 780 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी को 264 अंकों का बड़ा नुकसान हुआ।

विश्लेषकों के मुताबिक, धातु, तेल एवं गैस और जिंस शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर निकासी ने बाजार पर दबाव बनाए रखा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 780.18 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़ककर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 851.04 अंक तक गिरकर 84,110.10 के स्तर तक आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 263.90 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और ट्रेंट सबसे ज्यादा नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऐसे प्रतिबंधात्मक विधेयक का समर्थन किए जाने से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगाया जा सकता है। इस विधेयक को पेश करने की तैयारी में जुटे सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा है कि इससे अमेरिका को चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों पर सस्ता रूसी तेल खरीदना बंद करने का दबाव बनाने के लिए जबर्दस्त ताकत मिलेगी। अमेरिकी प्रशासन पिछले साल अगस्त में ही भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर चुका है। इसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूसी तेल खरीद जारी रखने के जुर्माने के तौर पर लगाया गया था। अमेरिकी शुल्क को लेकर नई चिंताओं और एफआईआई की लगातार बिकवाली के चलते घरेलू बाजारों में सतर्कता का माहौल बना रहा, जिससे मुनाफे की उम्मीदें फीकी पड़ गईं। यूरोपीय बाजार हल्की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को ज्यादातर कमजोर रहे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत बढ़कर 60.42 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बुधवार को सेंसेक्स 102.20 अंक गिरकर 84,961.14 और निफ्टी 37.95 अंक फिसलकर 26,140.75 पर बंद हुआ था।

# रुपया सात पैसे टूटकर 89.94 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को सात पैसे टूटकर 89.94 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की उंची कीमतों, विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर के मजबूत रुख से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के अधिक शुल्क लगाए जाने की आशंका और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुख ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.96 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 89.73 से 90.13 प्रति डॉलर के बीच इसने कारोबार किया। अंततः यह 89.94 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 31 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.87 पर बंद हुआ था। अगर अमेरिका शुल्क में 0.1 प्रतिशत की भी बढ़ोतरी करता है तो भारत को अपने निर्यात में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि भावनात्मक रूप से स्थिति समझौते के करीब होने से फिर से शुरुआत करने जैसी हो जाएगी। वहीं बाजार में केंद्रीय बैंक की शॉर्ट सेलिंग से डॉलर की खरीदारी का माहौल बना रहेगा। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को रुपये के 89.80 से 90.30 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.70 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 780.18 अंक टूटकर 84,180.9 अंक जबकि निफ्टी 263.90 अंक फिसलकर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 60.47 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,527.71 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# वित्त वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत रह सकती है देश की आर्थिक वृद्धि दर

नयी दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने के साथ मजबूत वृद्धि दर्ज कर सकती है, जो राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के 7.4 प्रतिशत अनुमान से थोड़ा अधिक है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। एनएसओ ने बुधवार को जारी प्रथम अग्रिम अनुमान में कहा था कि वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसके पहले रिजर्व बैंक ने 7.3 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। एसबीआई के आर्थिक अनुसंधान विभाग की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई और एनएसओ के अनुमानों के बीच ऐतिहासिक तौर पर 0.20-0.30 प्रतिशत अंक का अंतर होता है, लिहाजा 7.4 प्रतिशत का वृद्धि अनुमान अपेक्षित और तर्कसंगत है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि लगभग 7.5 प्रतिशत रहेगी और इसमें ऊपर जाने का झुकाव बना हुआ है। द्वितीय अग्रिम अनुमान, जिसमें अतिरिक्त डेटा और संशोधन शामिल होंगे, 27 फरवरी 2026 को जारी किए जाएंगे। 2022-23 को आधार वर्ष के रूप में संशोधित किए जाने से ये सभी आंकड़े बदल सकते हैं। एसबीआई रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2025 के अंत तक राजकोषीय घाटा 9.8 लाख करोड़ रुपये यानी बजट अनुमान का 62.3 प्रतिशत था। रिपोर्ट कहती है, हालांकि कर राजस्व बजट अनुमान से कम रह सकता है लेकिन गैर-कर राजस्व के अधिक होने की संभावना है। ऐसा होने से कुल प्राप्तियों पर अधिक असर नहीं होगा। कुल व्यय भी अपेक्षाकृत कम रहने के कारण राजकोषीय घाटा 15.85 लाख करोड़ रुपये रह सकता है, जो 15.69 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान के करीब है। रिपोर्ट के मुताबिक, नए जीडीपी आंकड़ों के आने पर देश का राजकोषीय घाटा जीडीपी के प्रतिशत के रूप में 4.4 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहने की संभावना है।

# चांदी 12500 रुपये टूटकर 2.43 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर



नयी दिल्ली। दुनिया भर में मुनाफावसूली के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत अपने रिकॉर्ड स्तर से 12,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 2,43,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई, जबकि सोने की कीमतों में 900 रुपये की गिरावट देखी गयी।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को चांदी 5,000 रुपये बढ़कर 2,56,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 900 रुपये टूटकर 1,40,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई, जबकि पिछला बंद भाव 1,41,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सुरक्षित निवेश की मांग कम होने की वजह से कारोबारियों ने अपने सौदे कम किये। इसके साथ डॉलर की स्थिरता के कारण बृहस्पतिवार को सोने में गिरावट रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 29.65, या 0.67 प्रतिशत गिरकर 4,426.91 डॉलर प्रति औंस रहा, जबकि चांदी 3.22 प्रतिशत यानी 2.51 डॉलर गिरकर 75.67 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# मुंबई हवाई अड्डे पर यात्री यातायात बढ़कर 5.55 करोड़



मुंबई। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री यातायात 2025 में 1.3 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 5.55 करोड़ हो गया। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने यह जानकारी दी।

एमआईएएल ने बताया कि इनमें से 3.92 करोड़ घरेलू और 1.63 करोड़ से अधिक अंतरराष्ट्रीय यात्रियों ने यात्रा की। इस हवाई अड्डे पर 2024 में यात्री यातायात 5.48 करोड़ था। एमआईएएल के अनुसार छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) में 2025 में यात्री आवाजाही मजबूत मांग और व्यस्त यात्रा अवधि के कारण बढ़ी। एमआईएएल ने बताया कि जनवरी सबसे व्यस्त महीना रहा। इस दौरान हवाई अड्डे का उपयोग लगभग 50 लाख यात्रियों (प्रस्थान और आगमन दोनों) ने किया। इसके बाद नवंबर का स्थान रहा जिसमें 49 लाख यात्रियों ने हवाई अड्डे का उपयोग किया। इसके अलावा, हवाई अड्डे ने नवंबर में तीन सबसे ज्यादा यात्रियों वाले दिन रिकॉर्ड किए। इनमें 29 नवंबर का दिन सबसे खास रहा, जब एक दिन में 1,75,925 यात्री हवाई अड्डे का इस्तेमाल कर अब तक का सबसे ज्यादा यात्री रिकॉर्ड बनाया। एमआईएएल ने कहा कि वित्त 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में हवाई अड्डे पर सबसे ज्यादा यात्री आए। इस दौरान कुल 1.43 करोड़ यात्रियों ने हवाई अड्डे का इस्तेमाल किया। एमआईएएल ने कहा कि हवाई अड्डे पर कुल 3,31,011 उड़ानों का संचालन हुआ, जिनमें 92,141 अंतरराष्ट्रीय और 2,38,870 घरेलू उड़ानें शामिल हैं। इसके साथ ही 21 नवंबर को एक नया रिकॉर्ड भी बनाया गया, जब एक ही दिन में 1,036 उड़ानें (आवागमन और प्रस्थान) हुईं, जो अब तक की सबसे अधिक संख्या है। एमआईएएल ने बताया कि पिछले साल उसने अपने नेटवर्क में कई नई उड़ानें जोड़ीं। 2025 में नए अंतरराष्ट्रीय गंतव्य शामिल किए गए, जिनमें अल्माटी, अम्मान, बाली (डेन्पसार), कोपेनहेगन, फुजैरा, क्राबी, मैनचेस्टर और त्बिलिसी शामिल हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सुखद संगम है 7.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमानः भाजपा

नयी दिल्ली। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने के अनुमान को देश के लिए गोल्डीलॉक्स मोमेंट यानी सुखद संगम करार देते हुए कहा कि यह रफ्तार 2027 में भी बनी रहने की उम्मीद है।

भाजपा ने कहा कि अर्थव्यवस्था को लेकर यह आशावादी दृष्टिकोण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुधारों पर जोर, पारदर्शी शासन और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उस स्थिति को कहा जाता है जिसमें वृद्धि दर मजबूत रहती है, महंगाई नियंत्रण में होती है, ब्याज दरें अनुकूल होती हैं। यानी यह अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्रों के महत्वपूर्ण आंकड़ों के लिहाज ये सुखद संगम है। बुधवार को जारी प्रथम अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देश की अर्थव्यवस्था के 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के 7.3 प्रतिशत के अनुमान और सरकार के शुरुआती 6.3-6.8 प्रतिशत के आकलन से अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार, वास्तविक जीडीपी (स्थिर कीमतों पर) 2025-26 में 201.90 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2024-25 में यह 187.97 लाख करोड़ रुपये थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये अग्रिम अनुमान दर्शाते हैं कि वैश्विक उथल-पुथल, भू-राजनीतिक तनाव और संरक्षणवाद के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज की गई वृद्धि का हवाला देते हुए कहा कि 2026 का साल देश की अर्थव्यवस्था के लिए गोल्डीलॉक्स मोमेंट के रूप में उभरा है। हम 2027 में भी इस आर्थिक गति के बने रहने की उम्मीद करते हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी निरंतर सुधारों, प्रशासनिक सुधारों, भ्रष्टाचार के पूर्ण उन्मूलन और शासन में पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पेज एक का शेष

### सबसे विशिष्ट

कराया। बाद में, एक्स पर एक पोस्ट में, मोदी ने कहा कि उन्होंने भारतीय स्टार्टअप जगत के युवाओं के साथ एआई पर चर्चा की। उन्होंने कहा यह एक यादगार और ज्ञानवर्धक बातचीत थी, जिसमें उन्होंने एआई की दुनिया में भारत के परिवर्तन के बारे में अपना दृष्टिकोण और कार्य साझा किया। यह प्रशंसनीय है कि ये स्टार्टअप ई-कॉमर्स, मार्केटिंग, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, सामग्री अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा अनुसंधान जैसे विविध क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि एआई का उपयोग समाज कल्याण के लिए कैसे किया जा सकता है। बैठक के दौरान, मोदी ने समाज में परिवर्तन लाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत अगले महीने इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसके माध्यम से देश प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत एआई का लाभ उठाकर परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और एआई उद्यमी भारत के भविष्य के सह-निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि देश में नवाचार और व्यापक कार्यान्वयन, दोनों की अपार क्षमता है। मोदी ने कहा कि भारत को दुनिया के सामने एक ऐसा अनूठा एआई मॉडल प्रस्तुत करना चाहिए जो मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड की भावना को प्रतिबिंबित करे। ये स्टार्टअप विविध क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें भारतीय भाषा फाउंडेशन मॉडल, बहुभाषी एलएलएम, स्पीच-टू-टेक्स्ट, टेक्स्ट-टू-ऑडियो और टेक्स्ट-टू-वीडियो के अलावा ई-कॉमर्स, मार्केटिंग और व्यक्तिगत सामग्री निर्माण के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करके 3डी सामग्री तैयार करना शामिल हैं। इनमें इंजीनियरिंग सिमुलेशन और विभिन्न उद्योगों में डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए उन्नत विश्लेषण तथा स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा अनुसंधान आदि शामिल हैं। बैठक में अवतार, भारतजेन, फ्रैक्टल, गान, जेनलूप, ज्ञानी, इंटेलीहेल्थ, सर्वम, शोधएआई, सोकेटएआई, टेक महिंद्रा और ज़ेंटिक सहित भारतीय एआई स्टार्टअप के सीईओ और प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी उपस्थित थे।

### ममता बनर्जी व

और हार्ड डिस्क जब्त कर रहे थे, जिनमें विधानसभा चुनाव के लिए हमारी पार्टी के उम्मीदवारों का विवरण था। मैंने इन्हें वापस ले लिया है। उन्होंने ईडी अधिकारियों पर सत्तारूढ़ पार्टी की हार्ड डिस्क, मोबाइल फोन, लैपटॉप, उम्मीदवारों की सूची और आंतरिक रणनीति संबंधी दस्तावेजों को जब्त करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने पूछा क्या राजनीतिक दलों का डेटा एकत्र करना ईडी का काम है? तृणमूल कांग्रेस के लिए राजनीतिक परामर्श के अलावा, आई-पैक पार्टी के आईटी और मीडिया प्रकोष्ठ का भी कामकाज संभालती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जोरदार हमला बोलते हुए बनर्जी ने इन तलाश अभियानों को बदले की राजनीति बताया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर विपक्षी दलों को डराने-धमकाने के लिए संवैधानिक एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा यह कानून का पालन नहीं है। यही तरीका है उन सबसे सख्त गृह मंत्री के काम करने का, जिन पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी है?

मुख्यमंत्री ने कहा मुझे खेद है, अमित शाह जी, प्रधानमंत्री को अपने गृह मंत्री पर नियंत्रण रखना चाहिए। जैन के नेतृत्व वाली परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के सेक्टर-पांच, सॉल्ट लेक स्थित कार्यालय में भी सुबह से ही ईडी का तलाश अभियान जारी है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि छापेमारी सुबह लगभग छह बजे तब शुरू हुई जब कार्यालय में कोई मौजूद नहीं था। बनर्जी ने आरोप लगाया उन्होंने तब तलाशी शुरू की जब अंदर कोई नहीं था। उन्होंने हमारा डेटा, चुनावी रणनीति और जानकारी अपने सिस्टम में स्थानांतरित कर दी। यह एक अपराध है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, उन्होंने दफ्तर से सारे दस्तावेज ले जाने की कोशिश की। मेजें खाली हैं। अगर कागजात दोबारा बनाने पड़े तो इतना समय लगेगा कि चुनाव खत्म हो जाएंगे। क्या उनका ऐसा करना उचित था? बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस एक पंजीकृत राजनीतिक दल है और नियमित रूप से आयकर अदा करती है। उन्होंने कहा हमारे प्रतिनिधि चुने हुए हैं। अगर ईडी को किसी जानकारी की जरूरत होती, तो वे आयकर विभाग से विवरण ले सकते थे।

### प्रतीक जैन

आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि छापेमारी के दौरान उनके घर से महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी हो गए। उन्होंने कहा, हमें ईडी के खिलाफ चोरी की औपचारिक शिकायत मिली है और हम मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्वाई की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, कथित तौर पर करोड़ों रुपये के कोयला चोरी घोटाले में धनशोधन की जांच के तहत, ईडी ने बृहस्पतिवार को कोलकाता में इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के कार्यालय और उसके निदेशक प्रतीक जैन के घर पर तलाशी ली। तृणमूल कांग्रेस को राजनीतिक परामर्श प्रदान करने के अलावा, आई-पैक पार्टी के आईटी और मीडिया संचालन का भी प्रबंधन करता है। कंपनी के साल्ट लेक स्थित कार्यालय और जैन के लाउडन स्ट्रीट स्थित आवास समेत लगभग 10 परिसरों में ईडी द्वारा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की उपस्थिति में छापेमारी की गयी, जिनमें दिल्ली के भी चार परिसर शामिल हैं।

### यूपी में

से शहर आए कई लोगों ने गांव में वोट बनाए रखा, जबकि कुछ लोग शहर बदल चुके हैं या उनकी मृत्यु हो चुकी है। अब ऐसे नामों को दोबारा जोड़ने की कोशिश तेज की जा रही है।

### सरकारी नौकरियों

विभाग, आरआरबी (रेलवे भर्ती बोर्ड), इंडिया पोस्ट, आयकर विभाग, कुछ उच्च न्यायालय, पीडब्ल्यूडी, बिहार सरकार, दिल्ली विकास प्राधिकरण, राजस्थान सचिवालय और अन्य समेत 40 से अधिक सरकारी संगठन और विभाग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ईडी ने पाया कि गिरोह ने फर्जी ईमेल खातों का इस्तेमाल करके फर्जी नियुक्ति पत्र भेजे। अधिकारियों ने बताया कि अभ्यर्थियों का विश्वास हासिल करने के लिए, गिरोह ने कुछ पीड़ितों को 2-3 महीने का शुरुआती वेतन दिया, जिन्हें धोखाधड़ी से आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल), रेलवे टीटीई (यात्रा टिकट परीक्षक) और तकनीशियन आदि जैसे संगठनों में नियुक्त किया गया था।

### सर्दी का सितम

79 फीसदी रही। जबकि मंगलवार को तापमान 15 और न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। ऐसे मौसम को देखते हुए डीएम श्रुति के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय ने समस्त बोर्ड के स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक 10 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि इस आदेश का पालन नहीं करने वाले शिक्षण संस्थान पर विभागीय कार्रवाई होगी। कक्षा नौ से 12वीं तक विद्यालय यथावत खुले रहेंगे और पूर्व निर्धारित समस्त कार्य संपादित किए जाएंगे। कृषि विज्ञान केंद्र की अध्यक्ष व मौसम वैज्ञानिक डॉ. रेशु सिंह का कहना है कि अभी कोहरा छाने की संभावना बरकरार है। शीतलहर व पाले के बीच कड़ाके की ठंड से जल्द निजात नहीं मिलने वाली है। तापमान में और गिरावट की संभावना बन रही है। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 14.1 व न्यूनतम 6.3 डिग्री पर पहुंचने की संभावना है। लगातार बदल रहे मौसम के बीच जिले के प्रदूषण स्तर में भी उठापटक जारी है। बुधवार को बुलंदशहर का एक्यूआई 216 रहा तो खुर्जा का एक्यूआई कम होकर 155 पर पहुंच गया है। संभावना जताई जा रही है कि अब हवा काफी हद तक शुद्ध रहेगी। उत्तर प्रदेश में ठंड और कोहरे का प्रकोप अपने चरम पर है। सर्द पछुआ हवाओं ने लोगों का जीवन मुश्किल कर दिया है। वहीं घने कोहरे ने भी सड़क और रेल यातायात को प्रभावित किया है। बुधवार को भी प्रदेश में पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में दोपहर तक धूप नहीं खिली और कोहरे का साया बना रहा। जहां धूप हुई भी, वहां गलन हावी रही। बुधवार को 5 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ अयोध्या और आजमगढ़ प्रदेश में सबसे ठंडे। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश के तराई व दक्षिणी यूपी के 24 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 32 जिलों में शीत दिवस की आशंका जताई गई है।

### प्रतिबद्धता से

या मरम्मत के दौरान बिजली, पेयजल, गैस और अन्य भूमिगत सेवाओं से जुड़े सभी कार्य एक साथ किए जाएं, ताकि जनता को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। इसके लिए जिलाधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे स्पष्ट समयसीमा के साथ व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करें और उसी के अनुरूप स्वीकृतियां प्रदान करें। उन्होंने शहर की आंतरिक सड़कों की स्थिति सुधारने पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में कैबिनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि विकास कार्यों में गति लाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ प्राथमिकताओं का निर्धारण करना होगा। उन्होंने साइबर अपराध की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए और अधिक प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### रूस से

अन्य के साथ काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा, यह सही समय पर आया है, क्योंकि यूक्रेन शांति के लिए रियायतें दे रहा है, जबकि पुतिन केवल बयानबाजी कर रहे हैं और निर्दोष लोगों की हत्या जारी है। यह विधेयक राष्ट्रपति ट्रंप को उन देशों को दंडित करने की अनुमति देगा, जो सस्ता रूसी तेल खरीदकर पुतिन की युद्ध मशीन को ईंधन दे रहे हैं। ग्राहम ने कहा कि यह विधेयक राष्ट्रपति ट्रंप को चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों पर जबरदस्त दबाव बनाने का अधिकार देगा।

### अनवरत जलाते

लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते दिखे। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जब तक सर्दी पड़ती रहेगी, वे शहर में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे और लोगों को जाड़े की मार से बचाते रहेंगे। हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा उद्देश्य है।




# ऑस्ट्रेलिया ने 4-1 से जीती श्रृंखला

## एशेज टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां टेस्ट पांच विकेट से जीतकर एशेज 4-1 से अपने नाम की

एजेंसी



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में पांच विकेट से जीत हासिल करके एशेज श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। पहली पारी में 384 रन बनाने वाली इंग्लैंड की टीम जैकब बेथेल के 154 रन के बावजूद खेल के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी में 342 रन पर आउट हो गई। इस तरह से पहली पारी में 567 रन बनाकर 183 रन की बढ़त हासिल करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम को जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य मिला। लगातार विकेट गिरने और एक विवादास्पद डीआरएस समीक्षा के बाद तनाव बढ़ता गया, लेकिन एलेक्स कैरी ने विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 31.2 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन तक पहुंचा दिया।

कैरी 16 रन और कैमरन ग्रीन 22 रन बनाकर नाबाद रहे। यह 39 वर्षीय उस्मान ख्वाजा का आखिरी टेस्ट मैच था और इस तरह से उन्होंने जीत के साथ संन्यास लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर एशेज पहले ही अपने नाम सुरक्षित कर ली थी। इंग्लैंड ने मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट में जीत हासिल की थी। ऑस्ट्रेलिया ने इस श्रृंखला में प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया। उसकी तरफ से मिचेल स्टार्क ने 31 विकेट लिए। ट्रैविस हेड ने तीन शतक लगाए और कुल 629 रन बनाए जबकि विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने 28 शिकार (कैच और स्टंप) किए। चोटिल पैट कमिंस की अनुपस्थिति में पांच में से चार टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान रहे स्टीव स्मिथ ने व्यक्तिगत योगदान के बारे में कहा, यह शानदार रहा है। मुझे लगता है कि हर किसी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। निश्चित तौर पर स्टार्क, हेड और कैरी ने बेहद प्रभावशाली प्रदर्शन किया लेकिन अन्य खिलाड़ियों ने भी श्रृंखला के दौरान अलग-अलग समय पर अच्छा प्रदर्शन किया और यही एक अच्छी टीम की पहचान है।

स्टीव स्मिथ (12) के विल जैक्स की गेंद पर आउट होने के बाद ख्वाजा क्रीज पर आए। उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 92 रन था। पिच की ओर जाते समय इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स से हाथ मिलाया और फिर अपने साथी खिलाड़ी मार्नस लाबुशेन को गले लगाया। उन्होंने रिवर्स स्वीप से चौका लगाकर अपना खाता खोला और फिर दो रन लिए। लाबुशेन को 20 रन के निजी योग पर जीवनदान मिला जब बेथेल ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। लाबुशेन ने इसका फायदा उठाकर जैक्स के अगले ओवर में 16 रन बनाए। लेकिन तभी ख्वाजा ने जोश टोंग की गेंद अपने विकटों पर खेल दी।

इस तरह से उनकी आखिरी पारी सात गेंदों तक चली और उन्होंने सिर्फ छह रन बनाए। उन्होंने मैदान पर बने थैंक यू उज़ी के साइन के सामने घुटने टेककर जमीन को चूमा और 88 टेस्ट मैचों के बाद आखिरी बार पवेलियन लौट गए। इसके बाद लाबुशेन 40 गेंदों पर 37 रन बनाकर रन आउट हो गए। स्टार्क को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी दूसरी पारी की शुरुआत तेज गति से की और पहले ओवर में ही 10 रन बना लिए, जिसमें हेड के दो चौके भी शामिल थे। हेड 29 रन बनाकर सीमा रेखा के पास कैच आउट हो गए। पहली पारी में 163 रन बनाने वाले हेड को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उनके साथी सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड को 16 रन के निजी योग पर विवादास्पद डीआरएस निर्णय से जीवनदान मिला। उन्होंने टोंग की गेंद पर आउट होने से पहले 34 रन बनाए। निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) ने श्रृंखला के आखिरी दिन भी इंग्लैंड का साथ नहीं दिया। उन्होंने मिड-ऑफ की तरफ ड्राइव किया और एक रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन कैरी ने उन्हें वापस भेज दिया। उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 121 रन था। इसके बाद कैरी और ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचाया। स्मिथ ने कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप को देखते हुए हम हर टेस्ट मैच के महत्व को जानते हैं, इसलिए यहां जीत हासिल करना और श्रृंखला का शानदार अंत करना बेहद खुशी की बात है।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा यह हार पचा पाना मुश्किल है। हम इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने प्रत्येक मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो अपनी हार के लिए कुछ हद तक हम भी जिम्मेदार हैं। इससे पहले इंग्लैंड में पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 302 रन से आगे बढ़ाई और 40 रन जोड़कर अपने बाकी बचे दोनों विकेट गंवाए। स्टार्क ने बेथेल और टोंग (06) को आउट करके इंग्लैंड की पारी समाप्त की।

## एसए20 : एनगिडी की हैट्रिक से कैपिटल्स ने डीएसजी को हराया



डरबन। शाई होप ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया, जिसके बाद लुंगी एनगिडी ने लीग की पहली हैट्रिक हासिल की जिससे प्रिटोरिया कैपिटल्स ने डरबन सुपर जायंट्स (डीएसजी) को एक बड़े स्कोर वाले मैच में 15 रन से हराया। होप ने 69 गेंदों पर नाबाद 118 रन बनाए, जिसमें नौ छक्के और इतने की चौके शामिल हैं।

उनकी इस पारी की बदौलत कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में सुपर जायंट्स की टीम 19.4 ओवर में 186 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जोस बटलर ने सर्वाधिक नाबाद 97 रन बनाए। कैपिटल्स के लिए एनगिडी ने 39 रन देकर तीन और गिडयोन पीटर्स ने 35 रन देकर तीन विकेट लिए। सुपर जायंट्स को अंतिम ओवर में 18 रन की जरूरत थी लेकिन रोस्टन चेज ने उसे लक्ष्य तक नहीं पहुंचने दिया। क्वेना मफाका और नूर अहमद दोनों के रन आउट होने के कारण बटलर तीन रन से शतक पूरा नहीं कर पाए। वहीं दूसरी ओर बाएं हाथ के स्पिनर शिवांग कुमार ने पांच विकेट झटककर करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे मध्य प्रदेश ने बृहस्पतिवार को यहां स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित कर्नाटक को सात विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत से मध्य प्रदेश ने सात मैच में 20 अंक हासिल कर ग्रुप चरण खत्म किया और कर्नाटक (24 अंक) के बाद विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी। मयंक अग्रवाल की कप्तानी में कर्नाटक की टीम ने मंगलवार को छठे दौर के बाद ही क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली थी।

केरल और झारखंड छठे दौर के बाद 16 अंक के साथ मध्य प्रदेश के बराबर थे लेकिन दोनों बृहस्पतिवार को अपने मुकाबले गंवा बैठे जिससे क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदें खत्म हो गईं। छब्बीस साल के शिवांग अपना तीसरा लिस्ट-ए मैच खेल रहे थे। उन्होंने 10 ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन किया। उनके इस स्पेल ने कर्नाटक की छह मैच से चली आ रही जीत की लय तोड़ दी और मजबूत बल्लेबाजी क्रम के बावजूद टीम 47.4 ओवर में 207 रन पर ऑलआउट हो गई।

## संक्षेप

### हरियाणा महिला व दिल्ली ने सेपकटकरा स्वर्ण पदक जीता

दीव। हरियाणा की महिलाओं और दिल्ली के पुरुषों ने बिहार की उम्मीद तोड़ते हुए खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) सेपकटकरा स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीते। हरियाणा ने महिला सेपकटकरा फाइनल में बिहार को एक घंटे 15 मिनट में 2-। से हराया। वहीं पुरुष वर्ग में दिल्ली ने बिहार को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। गत चैम्पियन ओडिशा ने बीच सॉकर में हिमाचल प्रदेश को 7-0 से हराकर महिला फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात ने अरुणाचल प्रदेश को 6-3 से मात दी।

### एसजी पाइपर्स को हराकर रांची एचआईएल में तीसरे स्थान पर

रांची। लुसीना वॉन डर हेडे और हन्ना कॉटर के दो दो गोल की मदद से रांची रॉयल्स ने बृहस्पतिवार को यहां महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के अपने अंतिम मुकाबले में एसजी पाइपर्स को 5-2 से शिकस्त देकर तीसरे स्थान से टूर्नामेंट का समापन किया। रांची रॉयल्स के लिए लुसीना (दूसरे, 47वें मिनट), हन्ना (55वें, 60वें मिनट) और संगीता कुमारी ने गोल किए। वहीं फाइनल में पहले ही जगह बना चुकी एसजी पाइपर्स की ओर से कप्तान नवनीत कौर ने 10वें और 58वें मिनट में दो गोल दागे। मुकाबले के पहले ही मिनट में रांची रॉयल्स को पेनल्टी कॉर्नर मिला और ड्रैगफ्लिकर लुसीना ने इसे गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि एसजी पाइपर्स ने कप्तान नवनीत के गोल से वापसी की जिससे पहला क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर रहा। दूसरे क्वार्टर में रांची रॉयल्स ने लगातार दबाव बनाया और संगीता कुमारी ने गोल कर मेजबान टीम को फिर से आगे कर दिया। पहले हाफ में रांची रॉयल्स 2-1 से बढ़त बनाए थी।

### पंजाब ने मुंबई को एक रन से हराया

जयपुर। सरफराज खान ने लिस्ट ए क्रिकेट में किसी भारतीय का सबसे तेज अर्धशतक लगाया लेकिन गुरनूर बरार और मयंक मार्कंडेय के चार चार विकेटों की मदद से पंजाब ने विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई को आखिरी गेंद पर एक रन से हरा दिया। ग्रुप सी से नॉकआउट के लिये पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब और मुंबई के बीच बेहद रोमांचक मैच हुआ जिसमें पंजाब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। जीत के लिये 217 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई के सरफराज ने 15 गेंद में अर्धशतक जमाया।

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे तूर

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर छह से आठ फरवरी तक चीन के तियानजिन में होने वाली 12वीं एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए तीन फरवरी को रवाना होगी। भारतीय टीम में दो बार एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुके तूर के अलावा युवा गोला फेंक खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल भी शामिल हैं। तूर तियानजिन में स्वर्ण पदक जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक होंगे, क्योंकि वह पिछले कई वर्षों से एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में अपनी स्पर्धा में दबदबा बनाए हुए हैं। तूर ने 2024 में तेहरान में आयोजित 11वीं एशियाई इंडोर प्रतियोगिता में 19.72 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। पंजाब के 31 वर्षीय खिलाड़ी तूर ने अस्ताना में 2023 में महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसी वर्ष उन्होंने भुवनेश्वर में 21.77 मीटर का राष्ट्रीय आउटडोर रिकॉर्ड बनाया था। लंबी कूद के खिलाड़ी शाहनवाज खान और त्रिकूद में अनुभवी खिलाड़ी प्रवीण चित्रवेल भी नए सत्र की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। तेजस्विन शंकर और मणिकांत होब्लिधर (60 मीटर) इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पुरुष टीम के अन्य प्रमुख खिलाड़ी हैं। देश की शीर्ष महिला फर्राटा धाविका नित्या गंधे और अभिनया राजाराजन 60 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि मौमिता मंडल महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ और लंबी कूद में भाग लेंगी।

भारतीय टीम इस प्रकार हैः

पुरुषः मणिकांत होबलीधर (60 मीटर), तेजस शिरसे (60 मीटर बाधा दौड़), जे आदर्श राम (उंची कूद), सीवी अनुराग और शाहनवाज खान (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल (त्रिकूद), समरदीप सिंह गिल, तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन)।

महिलाः नित्या गंधे, अभिनया राजराजन (60 मीटर), मौमिता मंडल और प्रज्ञान प्रशांति साहू (60 मीटर बाधा दौड़), पूजा (उंची कूद), एंसी सोजन और मौमिता मंडल (लंबी कूद), योगिता (शॉट पुट) और केए अनामिका (पेंटाथलॉन)।

## आईसीसी टूर्नामेंटों की चमक पड़ रही फीकी : उथप्पा

डरबन। भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टूर्नामेंटों के प्रति लोगों का आकर्षण कम होता जा रहा है और इनकी चमक को बरकरार रखने के लिए प्रशासनिक दृष्टिकोण से बदलाव करने की जरूरत है। मौजूदा क्रिकेट कैलेंडर में 10 महीनों के भीतर तीन विश्व कप आयोजित किए जा रहे हैं। महिला वनडे विश्व कप सितंबर और नवंबर 2025 के बीच खेला गया था। अब पुरुषों का टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च 2026 के बीच खेला जाएगा। इसके बाद जून जुलाई में महिला टी20 विश्व कप होगा। उथप्पा ने यहां एसए20 के दौरान चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में पीटीआई के एक सवाल के जवाब में कहा मुझे लगता है कि खेल को प्रशासनिक दृष्टिकोण से विकसित करने की जरूरत है। हर साल आईसीसी टूर्नामेंट हो रहे हैं। इससे प्रशंसकों और दर्शकों के लिए इनकी क्या अहमियत रह गई है। ईमानदारी और पूरे सम्मान के साथ कहूं तो इनमें कुछ नयापन नहीं है और उनकी चमक फीकी पड़ती जा रही है। उथप्पा अभी एसए20 में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे हैं।

## मुंबई इंडियंस तीसरे डब्ल्यूपीएल का प्रमुख दावेदार

एजेंसी




नवी मुंबई। अपने पहले वनडे विश्व कप की जीत की खुशी में डूबी भारतीय महिला क्रिकेटर शुक्रवार से यहां शुरू हो रही चौथे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगी, जो इस साल इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी की शुरुआत भी होगी।

टूर्नामेंट के पहले मैच में दो बार की विजेता और मौजूदा चैंपियन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस का सामना डब्ल्यूपीएल में एकमात्र अन्य खिताब जीतने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा जिसकी कमान स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना संभाल रही हैं। चौथी डब्ल्यूपीएल का आयोजन दो चरणों में नवी मुंबई और वडोदरा में किया जाएगा। इसमें युवा खिलाड़ियों को दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। इससे खिलाड़ियों को जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को परखने का भी मौका मिलेगा। कागजों पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम काफी मजबूत नजर आती है। उसके पास भारतीय कप्तान हरमनप्रीत के अलावा इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर ब्रंट और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। मुंबई ने अपने अधिकतर खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और किसी भी टीम के लिए उसे हराना एक चुनौती होगी। न्यूजीलैंड की अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की मिली इलिंगवर्थ और भारत की भरोसेमंद अमनजोत कौर की मौजूदगी से उसकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत हो गई है। शबनिम इस्माइल मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगी, जिसमें साइका इशाक भी शामिल हैं। मेग लैनिंग के यूपी वॉरियर्स से जुड़ने के बाद भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने दिल्ली कैपिटल्स की कमान संभाल ली है। दिल्ली की टीम अभी तक तीनों बार फाइनल में पहुंची है लेकिन वह खिताब नहीं जीत पाई। इस बार वह इसमें किसी तरह की कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। दिल्ली के पास विश्व कप विजेता और शानदार फॉर्म में चल रही सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा, स्नेह राणा और श्री चरणी हैं।

❍ आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स भी दौड़ में

## विश्व कप में डिकॉक व यानसेन का प्रदर्शन अहम

एजेंसी



नयी दिल्ली। पूर्व स्टार बल्लेबाज जेपी डुमिनी ने का मानना है कि भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक और मार्को यानसेन जैसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी अहम रहेगा। दक्षिण अफ्रीका में चल रही एसए20 लीग में विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक का बल्ला खूब रन उगल रहा है लेकिन ऑलराउंडर यानसेन ने पिछले कुछ समय में सभी प्रारूपों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। एसए20 लीग के मौजूदा सत्र में 205 रन के साथ डिकॉक फिलहाल दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।

डुमिनी ने एसए20 द्वारा आयोजित ऑनलाइन मीडिया बातचीत के दौरान कहा, अगर आप क्विंटन डिकॉक के नजरिए से सोचें तो कुछ समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहने के बाद और वह जिस तरह के प्रतिस्पर्धी हैं उसे देखते हुए वह निश्चित रूप से चाहते हैं कि उन्हें चयनकर्ताओं और टीम से जो समर्थन मिल रहा है उसके हिसाब से वह प्रदर्शन करें और वह निश्चित रूप से ऐसा करते भी हैं। उन्होंने कहा आप जानते हैं कि अगर क्विंटन डिकॉक अच्छी फॉर्म में होते हैं तो इससे हमेशा दक्षिण अफ्रीकी टीम का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ता है। तो उम्मीद है कि फरवरी में होने वाले टी20 विश्व कप तक यह जारी रहेगा। भारत में पिछले महीने हुई सीमित ओवरों की श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले यानसेन की सराहना करते हुए डुमिनी ने कहा उसका (यानसेन) फॉर्म सच में बहुत अच्छा रहा है और ऑलराउंडर होने से निश्चित रूप से आपका चयन थोड़ा और आसान हो जाता है। सही संयोजन मिलना बहुत जरूरी है। और अगर आपके पास मार्को यानसेन जैसा काबिल खिलाड़ी शीर्ष फॉर्म में है और यह निश्चित रूप से दक्षिण अफ्रीका को विश्व कप में एक शानदार मौका देता है।

उन्होंने कहा, मार्को यानसेन में सीखने की गहरी दिलचस्पी है और यह देखना शानदार है कि वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अपने खेल में लगातार आगे बढ़ रहा है। उसके लिए प्रदर्शन में निरंतरता लाने का सही समय है। उन्होंने आगे कहा, उसमें सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बनने की सारी खूबियां हैं, विशेषकर सीमित ओवरों के प्रारूप में। लेकिन वह सभी प्रारूप में ऐसा कर रहा है। तो यह देखना बहुत अच्छा है। टी20 विश्व कप से ठीक पहले एसए20 लीग के आयोजन से दक्षिण अफ्रीका को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की तैयारी करने और लय हासिल करने शानदार मौका मिलेगा।

टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में सात फरवरी 2026 से शुरू होगा जबकि एसए20 लीग 26 दिसंबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक खेली जाएगी। एसए20 लीग के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ भी तीन मैच की टी20 श्रृंखला खेलेगी। डुमिनी के अनुसार दक्षिण अफ्रीकी टीम के पास टी20 विश्व कप से पहले लय और आत्मविश्वास हासिल करने का शानदार मौका है। उन्होंने कहा, बेशक विश्व कप के लिए काफी अच्छी तैयारी की जरूरत है। उन्हें विश्व कप से ठीक पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी20 मैच भी खेलने हैं। सभी टी20 विशप कप के लिए तैयार रहने का सबसे अच्छा मौका चाहते हैं और एसए20 लीग से दक्षिण अफ्रीका के पास शानदार मौका है। डुमिनी ने कहा, हो सकता है कि हालात थोड़े अलग हों (भारत और दक्षिण अफ्रीका के) लेकिन इससे भी जरूरी यह है कि आप आत्मविश्वास कैसे हासिल करते हैं?

## विदर्भ क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा नेट रनरेट में चूका

राजकोट। अथर्व तायडे और रविकुमार समर्थ के अर्धशतकों की मदद से विदर्भ ने असम को बृहस्पतिवार को 160 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। नॉकआउट में प्रवेश के लिये विदर्भ का बंगाल और बड़ौदा के साथ त्रिकोणीय मुकाबला था जिसमें उसे बड़ी जीत की जरूरत थी। विदर्भ ने सात विकेट पर 308 रन बनाये और जवाब में असम की टीम 35 ओवर में 148 रन पर आउट हो गई। कप्तान सुमित घड़ीगांवकर के नाबाद 80 रन भी काम नहीं आये। तायडे (80) और ध्रुव शोरे (40) ने दूसरे विकेट के लिये 98 रन जोड़े। शोरे के आउट होने के बाद तायडे ने समर्थ के साथ 40 रन जोड़े। असम की टीम ने पांच विकेट 77 रन पर ही गंवा दिये थे और उसके बाद से वापसी मुश्किल थी। विदर्भ के लिये पार्थ रेखाडे ने 45 रन देकर चार विकेट लिये।

## तिलक की न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने संदिग्ध

नयी दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा की ग्रोइन की चोट की सर्जरी हुई है जिसके कारण उनका न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर रहना तय है। उनका अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के शुरुआती मैचों में भी खेलना संदिंग्ध है। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी को राजकोट में तेज दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल ले जाया गया। वह विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय चैंपियनशिप के लिए हैदराबाद टीम के साथ राजकोट में हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा विजय हजारे टूर्नामेंट के लिए हैदराबाद की टीम के साथ राजकोट में खेल रहे तिलक वर्मा ने अपने अंडकोष में तेज दर्द की शिकायत की।

## सिंधू मलेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में




**कुआलालंपुर**। भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां अपने से अधिक रैंकिंग वाली जापान की खिलाड़ी तोमोका मियाजाकी को हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की लेकिन पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने आठवीं वरीयता प्राप्त मियाजाकी को 33 मिनट में 21-8, 21-13 से हराया। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी अकाने यामागुची से होगा, जिन्होंने एक अन्य मैच में चीन की गाओ फांग जी को 21-11, 4-21, 21-17 से हराया। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीतने वाले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी भी मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 39 मिनट में 21-18 21-12 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। इस तरह से उन्होंने मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 4-0 कर दिया है। सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चिएह तथा इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और फिकरी मुहम्मद के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। हालांकि भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी को हार का सामना करना पड़ा। सेन प्री-क्वार्टर फाइनल में हांगकांग-चीन के ली चेउक यिउ से 53 मिनट में 22-22, 15-21 से हार गए। शेट्टी को चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त शी यू क्यूई के खिलाफ 70 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 18-21, 21-18, 12-12 से हार का सामना करना पड़ा। तीस वर्षीय सिंधू ने वापसी करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मियाजाकी के खिलाफ अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इससे जापानी किशोरी के खिलाफ उनका करियर का रिकॉर्ड 2-1 हो गया है। सिंधू ने पहले गेम में 5-1 की बढ़त हासिल की और फिर लगातार 13 अंक जीतकर 18-4 की शानदार बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी काफी हद तक एकतरफा रहा, हालांकि 19 वर्षीय मियाज़ाकी 8-9 से पिछड़ने के बाद कुछ समय के लिए मुकाबले में बनी रहीं। लेकिन सिंधू ने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया और 17-11 से छह अंक की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगा। युगल मुकाबले में सात्विक और चिराग ने शुरू में 6-3 की बढ़त हासिल की और फिर उसे 12-9 तक पहुंचा दिया।

# देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें कैडेट

## ऑपरेशन सिंदूर ने राष्ट्र निर्माण में जनता की अनिवार्य भागीदारी के संदेश को मजबूत किया: ए.पी. सिंह



नयी दिल्ली। भारतीय वायु सेना के प्रमुख, एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने बृहस्पतिवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एनसीसी कैडेटों के योगदान की सराहना की और कहा कि इस सैन्य कार्रवाई ने इस संदेश को और मजबूत किया कि जीवन केवल पैसा कमाने या व्यक्तिगत इच्छाओं की पूर्ति के बारे में नहीं है, बल्कि देश के लिए कुछ करने के बारे में भी है।

दिल्ली छावनी में चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए, वायु सेना प्रमुख ने उनसे आग्रह किया कि वे देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहें, चाहे वे बाद में सशस्त्र बलों में शामिल हों या अन्य कोई पेशा अपनाएं। उन्होंने असफलताओं से हतोत्साहित न होने और किसी भी बाधा से और भी मजबूत होकर उबरने का आग्रह किया, और शीर्ष पद तक पहुंचने की अपनी यात्रा का उदाहरण दिया। सिंह ने कहा कि उन्हें भी अपने जीवन और करियर में असफलताओं का सामना करना पड़ा, लेकिन वे भारतीय वायु सेना के प्रमुख के पद तक पहुंचे और कहा कि यह उनके भाग्य में लिखा था। उन्होंने कहा, इसलिए, चाहे आप वर्दीधारी सैनिक हों या सैन्य नेतृत्व से जुड़े अधिकारी हों, या फिर एक सामान्य नागरिक ही क्यों न हों, अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए। भारतीय वायु सेना प्रमुख ने एनसीसी कैडेटों से कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नागरिक सुरक्षा गतिविधियों में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका ने कई लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने जोर देकर कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने काफी जागरूकता फैलाई है। जीवन में सिर्फ पैसा कमाना या सिर्फ अपने लिए काम करना ही जरूरी नहीं है, देश के लिए कुछ करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सात मई, 2025 की सुबह-सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर अंजाम दिया गया था। यह कार्वाई पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिकों की जान चली गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के दौरान बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेटों ने आपातकालीन अभ्यास, रक्तदान शिविरों और अन्य नागरिक सुरक्षा गतिविधियों में सहायता की। देश भर से 898 लड़कियों सहित कुल 2,406 एनसीसी कैडेट लगभग एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में भाग ले रहे हैं, जिसका उद्घाटन सोमवार को उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने किया। इस शिविर का समापन 28 जनवरी को एनसीसी पीएम रैली के साथ होगा।

# रूसी ध्वज वाले तेल टैंकर को रोकने में सहयोग कर स्टार्मर ने ट्रंप को किया फोन



लंदन। अमेरिकी तटरक्षक बल द्वारा उत्तरी अटलांटिक में रूसी ध्वज वाले तेल टैंकर को रोकने में ब्रिटेन के सशस्त्र बलों के आवश्यक सहयोग के बाद प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के आवास सह कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट के एक बयान में, बुधवार शाम की बातचीत के बारे में कहा गया है।

उन्होंने (स्टार्मर और ट्रंप) प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों पर नकेल कसने के साझा प्रयासों के तहत बेला। को रोकने के लिए संयुक्त अभियान, यूक्रेन पर हाल की प्रगति और वेनेजुएला में अमेरिकी अभियान पर चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ब्रिटेन ने अपने अभियान में सहायता के लिए अमेरिकी अनुरोध का जवाब देते हुए रॉयल एयर फोर्स के टोही विमान और रॉयल नेवी के सहायक जहाज आरएफए टाइडफोर्स को तैनात किया। रक्षा मंत्री जॉन हीली ने कहा कि पूर्व नियोजित कार्वाई के लिए ब्रिटेन का सहयोग अंतरराष्ट्रीय कानून का पूर्ण अनुपालन था और उन्होंने कहा कि ब्रिटेन-अमेरिका के रक्षा और सुरक्षा संबंध विश्व में सबसे प्रगाढ़ हैं।

वेनेजुएला से संबंध रखने वाले टैंकर मैरिनेरा, जिसे पहले बेला। के नाम से जाना जाता था, पर अमेरिका ने ईरान विरोधी कार्वाई के तहत प्रतिबंध लगा दिया था और यह पाया गया कि वह समुद्र में मौजूदगी के दौरान अपने ट्रांसपोंडर बंद करने से पहले एक फर्जी ध्वज लहरा रहा था।

हीली ने कहा, रूस जा रहे जहाज बेला। को अमेरिका द्वारा सफलतापूर्वक रोकने में हमारी ब्रिटिश सशस्त्र सेनाओं ने कौशल का प्रदर्शन किया। यह कार्वाई प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों पर नकेल कसने के वैश्विक प्रयासों का हिस्सा है।

## संक्षेप

### मणिपुर मामले में छह के खिलाफ आरोप तय

गुवाहाटी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के दौरान मई 2023 में तीन महिलाओं को निर्वस्त्र किए जाने और उनमें से दो के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने के मामले में छह आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। इन छह आरोपियों पर सामूहिक दुष्कर्म, हत्या और दंगा सहित 15 आरोप लगाए गए हैं। विशेष न्यायाधीश चत्रा भुकन गोगोई की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 16 जनवरी तय की है, और मणिपुर की जेल में बंद चार लोगों सहित सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से इस तारीख को अदालत के समक्ष पेश होना होगा। अन्य दो आरोपी जमानत पर जेल से बाहर हैं। विशेष न्यायालय ने दो जनवरी को पारित आदेश में आरोपी के खिलाफ 15 आरोप तय किए, जिसकी एक प्रति पीटीआई-भाषा के पास उपलब्ध है। यह मामला चार मई 2023 को भीड़ के बाद भड़की हिंसा की घटना से संबंधित है, इसमें तीन पीड़ितों को निर्वस्त्र करने के बाद घुमाया गया था और उनमें से दो से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था, जबकि पीड़ितों में से एक के परिवार के सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। काफी समय बाद एक वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने के बाद यह घटना प्रकाश में आई।

# भाजपा में शामिल हुए अंबरनाथ के 12 पार्षदों को अयोग्य घोषित करने की मांग करेगी कांग्रेस

मुंबई। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने अंबरनाथ में पाला बदलने वाले अपने 12 पार्षदों के कदम को बृहस्पतिवार को अवैध एवं असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि उन्हें अयोग्य घोषित करने के लिए वह कानूनी कार्वाई शुरू करेगी। पार्टी के चिन्ह पर निर्वाचित होने के बाद कांग्रेस पार्षदों ने भाजपा से हाथ मिला लिया। पार्टी प्रवक्ता सचिन सावंत ने दावा किया कि पार्षदों ने कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर निर्वाचित होने के बाद दल-बदल करके संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि यह कृत्य पूरी तरह से गैरकानूनी है। किसी पार्टी के चिन्ह पर निर्वाचित होने के बाद स्वतंत्र समूह बनाना या बाद में किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होना न केवल अनैतिक है बल्कि असंवैधानिक भी है।

कांग्रेस पार्टी इन पार्षदों की सदस्यता रद्द कराने के लिए कानूनी कार्वाई शुरू करेगी। जल्द ही इन सभी को कानूनी नोटिस जारी किए जाएंगे। अंबरनाथ नगरपालिका परिषद के 20 दिसंबर को हुए चुनाव के बाद, भाजपा ने (ठाणे जिले में) परिषद के नेतृत्व के लिए अंबरनाथ विकास आघाड़ी (एवीए) के बैनर तले अपने चिरप्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के साथ हाथ मिला लिया और अपनी सहयोगी शिवसेना को दरकिनार कर दिया, जो सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

# अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन से भी अलग हुआ अमेरिका



संयुक्त राष्ट्र/वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र के कई निकायों और भारत-फ्रांस के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) समेत 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को बाहर निकालने का फैसला किया है। ट्रंप ने इन संस्थाओं को अनावश्यक और अमेरिका के हितों के विरुद्ध बताया। ट्रंप ने बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका के हितों के प्रतिकूल अंतरराष्ट्रीय संगठनों, सम्मेलनों और संधियों से अमेरिका को बाहर निकालना शीर्षक वाले एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर के बाद ट्रंप ने कहा कि उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला है कि 66 संयुक्त राष्ट्र और गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठनों का सदस्य बने रहना, उनमें भागीदारी करना या किसी भी रूप में उन्हें समर्थन देना अमेरिका के हितों के विपरीत है। व्हाइट हाउस द्वारा बुधवार को जारी एक पत्र के अनुसार, इनमें 31 संयुक्त राष्ट्र निकाय और 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन शामिल हैं, जो अमेरिकी राष्ट्रीय हितों, सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि या संप्रभुता के विरुद्ध कार्य करते हैं। ट्रंप ने सभी कार्यकारी विभागों और एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे इन संगठनों से अमेरिका को बाहर निकाले जाने संबंधी फैसले को यथाशीघ्र लागू करने के लिए तत्काल कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र निकायों के मामले में, कानून द्वारा अनुमेय सीमा तक, इन संस्थाओं में भागीदारी या वित्तपोषण समाप्त करना ही वापसी माना जाएगा। जिन संगठनों से अमेरिका अलग हो रहा है, उनमें जलवायु परिवर्तन पर भारत और फ्रांस की संयुक्त पहल अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) भी शामिल है। वर्तमान में आईएसए के 100 से अधिक देश हस्ताक्षरकर्ता हैं और 90 से अधिक देशों ने पूर्ण सदस्य बनने के लिए इसकी पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा जिन संगठनों से अमेरिका को बाहर निकाला जा रहा है, उनकी पूरी सूची उन्हें प्राप्त हो गई है और इस पर बृहस्पतिवार को टिप्पणी की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने एक्स पर कहा कि अमेरिका अब उन अंतरराष्ट्रीय संगठनों को न तो वित्तपोषित करेगा और न ही उनमें भागीदारी करेगा, जो अमेरिकी हितों को पूरा नहीं करते या कई मामलों में उनके विरुद्ध हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने इन 66 संस्थानों को अपने दायरे में अनावश्यक, कुप्रबंधित, अपव्ययी, खराब ढंग से संचालित, अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने वाले तत्वों के कब्जे में या देश की संप्रभुता, स्वतंत्रता और समग्र समृद्धि के लिए खतरा पाया है। रुबियो ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि अमेरिकी जनता के खून-पसीने और धन को ऐसे संस्थानों पर खर्च करना अब स्वीकार्य नहीं है।

# चार राज्यों में होगी बिस्मिल गन्ने की खेती, मिली मंजूरी



बरेली। उत्तर प्रदेश गन्ना अनुसंधान परिषद ने स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल के नाम पर बिस्मिल नामक गन्ने की एक नई उच्च उपज वाली किस्म विकसित की है, जिसे अब चार अन्य राज्यों में खेती के लिए मंजूरी मिल गई है।

परिषद के निदेशक वी. के. शुक्ला ने बताया कि यह किस्म जिसे पहले केवल उत्तर प्रदेश के लिए मंजूरी मिली थी। केंद्रीय समिति की हरी झंडी के बाद अब इसे हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और राजस्थान में भी खेती के लिए भी मंजूरी मिल गई है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत विकसित इस किस्म को आधिकारिक तौर पर सीओएसएचए 17231 (कोयंबटूर-शाहजहांपुर) नाम दिया गया है।

इस किस्म के ब्रीडर डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि यह किस्म गन्ने की फसल के लिए एक बड़ा खतरा मानी जाने वाली लाल सड़न (रेड रॉट) से निपटने में सक्षम है। इसकी औसत पैदावार क्षमता 86.35 टन प्रति हेक्टेयर है जिसमें शर्करा प्राप्ति (गन्ने में पोल प्रतिशत) 13.97 प्रतिशत है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक अजय तिवारी ने कहा कि यह नई किस्म किसानों की आय में काफी बढ़ोतरी करेगी और साथ ही चीनी उत्पादन को भी बढ़ाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस किस्म का नाम क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल के सम्मान में बिस्मिल रखा गया है जिन्होंने काकोरी कांड में अहम भूमिका निभाई थी। बिस्मिल को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के लिए पहचाना जाता है।

# प्रख्यात साहित्यकार ज्ञानरंजन का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

जबलपुर। प्रसिद्ध कथाकार और साहित्यकार ज्ञानरंजन का 90 वर्ष की आयु में बुधवार रात यहां के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार दोपहर स्थानीय ग्वारी घाट मुक्तिधाम में किया गया। ज्ञानरंजन के पुत्र शांतनु ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी।

देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिकाओं में विशेष स्थान रखने वाली पत्रिका पहल के संपादक के रूप में काम कर चुके ज्ञानरंजन के निधन की खबर के साथ ही कथा और साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई तथा बड़ी संख्या में स्थानीय कथाकार एवं साहित्यकार और उनके चाहने वाले उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। ज्ञानरंजन के पारिवारिक मित्र पंकज स्वामी ने बताया कि वह वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे और बुधवार सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रात साढ़े दस बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। साहित्यकार ज्ञानरंजन के परिवार में पत्नी सुनयना, पुत्री वत्सला और पुत्र शांतनु हैं। शांतनु ने कहा कि चलने-फिरने में असमर्थता के कारण उनके पिताजी को बुधवार शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था और डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बचाने का पूरा प्रयास किया लेकिन सब विफल साबित हुआ। रात 10.30 बजे रक्तचाप कम हो जाने और शरीर के सारे महत्वपूर्ण अंगों के काम बंद करने से उनका निधन हो गया। आज हम लोग बहुत अकेलापन महसूस कर रहे हैं। ज्ञानरंजन का जन्म 21 नवम्बर 1936 को महाराष्ट्र के अकोला जिले में हुआ था। उनका प्रारम्भिक जीवन महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में व्यतीत हुआ और फिर उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 2013 में जबलपुर विश्वविद्यालय ने उन्हें मानद डॉक्टर ऑफ़ लिटरेचर की उपाधि प्रदान की।

## इंटरटेनमेंट...

# विजय की फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज टली



मुंबई। टीबीके प्रमुख और एक्टर थलापति विजय की फिल्म जन नायकन (जन नेता) की रिलीज फिलहाल टाल दी गई है। इस बारे में जानकारी बुधवार को फिल्म के प्रोडक्शन हाउस केएनबी प्रॉडक्शंस ने दी है। प्रोडक्शन हाउस ने बताया कि यह फैसला लेना आसान नहीं था। फिल्म की रिलीज डेट टलने को लेकर अपने बयान में प्रोडक्शन हाउस ने कहा, हमें यह जानकारी भारी मन से शेयर करनी पड़ रही है। 9 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म जन नायकन को कुछ ऐसे कारणों की वजह से टाल दिया गया है, जो हमारे कंट्रोल में नहीं थे। केबीएन प्रॉडक्शंस ने यह भी कहा कि फिल्म की नई रिलीज डेट जल्द घोषित की जाएगी। साथ ही दर्शकों से धैर्य बनाए रखने और प्यार देने की अपील की गई। बयान में कहा गया कि दर्शकों का लगातार सपोर्ट ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और पूरी जन नायकन टीम के लिए यह बहुत मायने रखता है।

**आज होने थी रिलीज**

प्रोडक्शन हाउस के बयान में फिल्म के टलने का कारण नहीं बताया गया। हालांकि, यह फैसला ऐसे समय लिया गया, जब तय समय पर केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की ओर से फिल्म को सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया। फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सर्टिफिकेशन के लिए भेजी गई थी। शुरूआती जांच के बाद कुछ कट्स के साथ यू/ए सर्टिफिकेट देने की बात हुई, लेकिन फाइनल सर्टिफिकेट जारी नहीं हुआ। बाद में फिल्म को रीवाइजिंग कमेटी के पास भेज दिया गया, जिससे प्रोसेस और लंबी हो गई।

# फिल्म धुरंधर के बैन पर पीएम मोदी को पत्र




मुंबई। इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने पीएम नरेंद्र मोदी से फिल्म धुरंधर के बैन के मामले में दखल देने की अपील की है। एसोसिएशन ने कहा है कि इस फिल्म पर कुछ मिडिल ईस्ट देशों में लगाया गया बैन सही नहीं है।

आईएमपीपीए ने अपने पत्र में कहा कि फिल्म पर यूएई, सऊदी अरब, कतर, ओमान, कुवैत और बहरीन में रोक लगाई गई है। एसोसिएशन का कहना है कि यह फैसला एकतरफा है और इसे जल्द हटाया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार से कूटनीतिक स्तर पर बात करने की मांग की गई है। एसोसिएशन ने यह भी बताया कि धुरंधर को भारत में सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मंजूरी मिली थी। फिल्म रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल रही। आईएमपीपीए का कहना है कि विदेशों में बैन से अभिव्यक्ति की आजादी पर असर पड़ता है। साथ ही इससे विदेशी बाजार में काम करने वाले भारतीय फिल्म निमार्ताओं को नुकसान होता है। पत्र में यह भी कहा गया है कि जिन देशों में फिल्म पर बैन लगा है, वे भारत के दोस्त देश माने जाते हैं। भारत के इन देशों के साथ सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्ते लंबे समय से रहे हैं।

# गणेश आचार्य-पूजा चोपड़ा ने 'मजा ले ले' सॉन्ग किया लॉन्च

मुंबई। प्रतिभाशाली गायिका पूनम झा का नया डांस पार्टी एंथम 'मजा ले ले' कामाख्या बीट्स द्वारा रिलीज किया गया है जिसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस धमाकेदार गाने की स्पेशल स्क्रीनिंग पीवीआर आइकॉन अंधेरी मुंबई में की गई जिसमें गाने की पूरी टीम के साथ साथ मुख्य अतिथि बॉलीवुड के विख्यात कोरियोग्राफर गणेश आचार्य, पूजा चोपड़ा भी उपस्थित थीं। फिल्म आशिकी के हीरो और बिग बॉस फेम राहुल रॉय और उनकी बहन 'हरि माँ' भी वहां मौजूद थीं। प्रियंका ने मनोज झा और पूनम झा को बहुत बहुत बधाई दी।

# 'बॉर्डर-2' के गाने के लिए वरुण धवन का उड़ा मजाक



मुंबई। बॉर्डर 2 का गाना 'घर कब आओगे' रिलीज होने के बाद से वरुण धवन ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। एक्टर के एक्सप्रेशन और एक्टिंग को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर कई इंफ्लुएंसर गाने से वरुण का एक्सप्रेशन का मजाक उड़ाते हुए वीडियो बना रहे हैं। इसी बीच रेडिट पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है,

**निगेटिव पीआर कैंपेन के जरिए किया गया टारगेट, एक्टर ने भी दिया रिएक्शन**

जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि वरुण की ट्रोलिंग पेड पीआर कैंपेन चलाया गया है। वायरल स्क्रीनशॉट में लिखा गया है 'हम बॉर्डर 2 को लेकर एक पीआर कैंपेन चला रहे हैं, जो फिल्म के निगेटिव कमेंट पर आधारित है। इस कैंपेन का मकसद वरुण धवन के परफॉर्मेंस च्वाइस, स्क्रीन प्रेजेंस, फेशियल एक्सप्रेशन और इस बात पर बहस शुरू करना है कि क्या उनकी कास्टिंग इतनी बड़ी फिल्म और उसकी लीगेसी पर फिट बैठती है। आपके पेज की अच्छी इंगेजमेंट है और ऐसे ऑडियंस हैं, जो बोल्ड और अनफिल्टर्ड ओपिनियन की सराहना करते हैं, इसलिए हम आपके साथ कोलैब करना चाहेंगे। चैट में आगे प्वाइंट मेंशन किए गए हैं, जिस पर वरुण का ऑनलाइन टारगेट करना था। जैसे कि उनकी हाइट पर बात करते हुए ये बताना कि कैसे वो फिल्म के लिए फिट नहीं बैठते। इसके लिए बौना, नाटा और बटवा जैसे वर्ड्स का यूज करना।

उनकी ओवर एक्टिंग को फोकस करना और उनके फेशियल एक्सप्रेशन पर क्रिटिकल रिव्यू देना। वहीं, वरुण ने अपनी ट्रोलिंग पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, 7 जनवरी को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर गाने को मिल रहे प्यार के लिए आभार जताया था। अपनी कई फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'मेजर होशियार सिंह दहिया। आपके प्यार के लिए धन्यवाद। एक्टर के इस पोस्ट पर उनके फैंस और आलोचक दोनों ने कमेंट किए। एक यूजर ने वरुण से पूछा 'भाई लोग आपकी एक्टिंग पर सवाल उठा रहे हैं। उसके लिए क्या बोलेंगे?' इसका जवाब देते हुए वरुण ने लिखा 'यही सवाल ने गाना हिट करा दी सब एन्जॉय कर रहे हैं रब दी मेहर।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com